CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम : 26°C
न्यूनतम : 16°C

देहरादून, बुधवार 8 अप्रैल 2026 देहरादून संस्करण: वर्ष 25 अंक 240 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | बैसाख कृष्ण पक्ष 6 विक्रमी सम्वत् 2083 | 19 शव्वाल 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



खड़गे का हिमंत पर हमला, लगाए भ्रष्टाचार के आरोप पेज 2



गुजरात को जीत की तलाश, दिल्ली की नजरें जीत की हैट्रिक पर खेल टाइम्स




क्यों कम हुई हेल्थ इंश्योरेंस कंपनियों की विश्वसनीयता सम्पादकीय



ईरान समर्थित समूहों का अमेरिकी ठिकानों पर ड्रोन हमला पेज 12



केरल विधानसभा चुनाव से पहले, वायनाड जिले के पदिनजरथारा में कांग्रेस महासचिव और वायनाड सांसद प्रियंका गांधी ने एक नुक्कड़ सभा को संबोधित किया।

# लैंगिक समानता के चश्मे से नहीं देखी जा सकती जरूरी धार्मिक प्रथाएं: केंद्र

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट में सबरीमाला मंदिर में महिलाओं के प्रवेश से जुड़े 2018 के फैसले की समीक्षा याचिकाओं पर अंतिम सुनवाई शुरू हो गई है। केंद्र सरकार की ओर से सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने दलील दी कि सभी संवैधानिक प्रश्नों को केवल लैंगिक समानता के दृष्टिकोण से नहीं देखा जा सकता और 10 से 50 वर्ष आयु वर्ग की महिलाओं के प्रवेश पर प्रतिबंध का बचाव किया।

मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत की अध्यक्षता में नौ न्यायाधीशों की पीठ इस मामले की सुनवाई कर रही है। पीठ में न्यायमूर्ति बीवी नागरत्ना, एमएम सुंद्रेश, अहसानुद्दीन अमानुल्लाह, अरविंद कुमार, ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह, प्रसन्ना बी. वराले, आर. महादेवन और जॉयमाल्या बागची शामिल हैं। केन्द्र और केरल सरकार ने अपने पक्ष में कहा कि यह प्रतिबंध मंदिर के देवता की प्रकृति से जुड़ा एक आवश्यक धार्मिक आचरण है, जो न्यायिक समीक्षा के दायरे से बाहर है। सॉलिसिटर जनरल ने कहा कि भारत में धार्मिक विविधता है और विभिन्न धर्मों तथा संप्रदायों की अपनी-अपनी परंपराएं हैं, जिन्हें समझते हुए अदालत को निर्णय करना चाहिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि अदालत धार्मिक सिद्धांतों की जांच नहीं कर रही है बल्कि संवैधानिक व्याख्या कर रही है और इसमें विविधता को ध्यान में रखना जरूरी है। गौरतलब है कि 28 सितम्बर 2018 को सुप्रीम कोर्ट की पांच न्यायाधीशों की पीठ ने 4:1 के बहुमत से मंदिर में महिलाओं के प्रवेश पर आयु संबंधी प्रतिबंध हटा दिया था।



■ **सुप्रीम कोर्ट में सबरीमाला मंदिर में महिलाओं के प्रवेश से जुड़े 2018 के फैसले की समीक्षा याचिकाओं पर अंतिम सुनवाई शुरू**

## जस्टिस नागरत्ना बोलीं: महिला को महीने के तीन दिन 'अछूत' मानें, चौथे दिन नहीं, ऐसा क्यों



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट की जस्टिस नागरत्ना ने कहा कि इस मामले में 'अनुच्छेद 17' यानी छुआछूत के खिलाफ अधिकार पर दलील किस तरह पेश की जाए, यह मेरी समझ से बाहर है। एक महिला होने के नाते मैं यह कहना चाहूंगी कि ऐसा नहीं हो सकता कि हर महीने 3 दिन तक तो महिला को अछूत माना जाए और चौथे दिन अचानक कोई अछूतपन न रह जाए। जस्टिस नागरत्ना ने कहा कि अगर कोई सामाजिक बुराई है, जिसे धार्मिक प्रथा का नाम दे दिया गया हो, तो अदालत उनके बीच फर्क कर सकती है कि वह एक सामाजिक बुराई है या कोई अनिवार्य धार्मिक प्रथा है। इस पर केंद्र ने कहा कि संवैधानिक दृष्टि से इसका जवाब यह होगा कि इसका समाधान अनुच्छेद 25(2)(इ) में है, यानी संसद इस पर कानून बना सकती है।

## संक्षिप्त समाचार

### अमरावती को आंध्र की राजधानी बनाने वाले अधिनियम को राष्ट्रपति की मंजूरी

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने अमरावती को आंध्र प्रदेश की नई राजधानी बनाने से संबंधित आंध्र प्रदेश पुनर्गठन (संशोधन) अधिनियम, 2026 को मंजूरी दे दी है। विधि और न्याय मंत्रालय ने एक अधिसूचना जारी कर कहा है कि राष्ट्रपति ने इस अधिनियम को मंजूरी दे दी। अधिसूचना में कहा गया है कि इस अधिनियम को आंध्र प्रदेश पुनर्गठन (संशोधन) अधिनियम, 2026 कहा जा सकता है और यह आगामी 2 जून से लागू माना जाएगा। दो जून से अमरावती विधिवत रूप से आंध्र प्रदेश की राजधानी बन जाएगी।

### मणिपुर: बम हमले में दो बच्चों की मौत के बाद हिंसा

**इंफाल।** मणिपुर के बिष्णुपुर जिले में मोइरांग ट्रोंगलाओबी इलाके में सोमवार देर रात उग्रवादियों ने एक घर में बम फेंक दिया। जिसमें 5 साल के एक लड़के और छह महीने की बच्ची की मौत हो गई। पुलिस ऑफिसर ने बताया कि जब घर में बम फटा, तब बच्चे अपनी मां के साथ बेडरूम में सो रहे थे। मां घायल है। स्थानीय लोगों ने घटना के विरोध में मंगलवार सुबह प्रोटेस्ट किया। इलाके में एक पेट्रोल पंप के पास दो ऑयल टैंकर और एक ट्रक में आग लगा दी। उन्होंने मोइरांग पुलिस स्टेशन के सामने टायर जलाए और एक पुलिस चौकी को तोड़ दिया। इसके बाद भीड़ ने घटनास्थल से 100 मीटर दूर सीआरपीएफ कैंप पर भी हमला कर दिया। जवाबी फायरिंग में 2 की मौत हो गई, पांच घायल हो गए।

### लश्कर के अंतर राज्यीय आतंकी मॉड्यूल का भंडाफोड़

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर पुलिस ने प्रतिबंधित संगठन लश्कर-ए-तैयबा के एक अंतर-राज्यीय आतंकी मॉड्यूल का भंडाफोड़ करते हुए पांच लोगों को गिरफ्तार किया है, जिनमें दो संदिग्ध पाकिस्तानी आतंकवादी भी शामिल हैं। पुलिस ने इस मॉड्यूल के पकड़े जाने के संबंध में अभी तक आधिकारिक तौर पर कोई बयान जारी नहीं किया है। पिछले कई हफ्तों से चल रहे एक अभियान के दौरान पुलिस ने जम्मू-कश्मीर के बाहर से लश्कर-ए-तैयबा के दो पाकिस्तानी आतंकवादियों को गिरफ्तार किया।

# ईरान में आज रात पूरी सभ्यता होगी खत्म: ट्रम्प

## कहा: ईरान की सभ्यता को फिर कभी वापस नहीं लाया जा सकेगा

वाशिंगटन, वार्ता




**अमेरिकी** राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने मंगलवार रात ईरान की पूरी सभ्यता खत्म करने की धमकी दी है। उन्होंने कहा कि मंगलवार रात एक पूरी सभ्यता खत्म हो जाएगी, जिसे फिर कभी वापस नहीं लाया जा सकेगा।

उन्होंने कहा कि मैं नहीं चाहता कि ऐसा हो, लेकिन शायद ऐसा ही होगा। हालांकि, अब वहां सत्ता पूरी तरह बदल चुकी है, जहां अलग, ज्यादा समझदार और कम कट्टर सोच वाले लोग मौजूद हैं। कौन जानता है कि शायद कुछ बहुत शानदार और क्रांतिकारी हो सकता हो? ट्रम्प ने दावा किया कि मंगलवार रात हम दुनिया के लंबे और जटिल इतिहास के सबसे अहम पल के गवाह बनेंगे। 47 सालों की ज्यादती, भ्रष्टाचार और मौत का सिलसिला आखिरकार खत्म हो जाएगा। ईश्वर ईरान के लोगों की रक्षा करे। अमेरिका और इजरायल ने मंगलवार को ईरान में कई जगहों पर हमला किया। सबसे बड़ा हमला खर्ग आइलैंड पर हुआ, जहां आयल टर्मिनल को निशाना बनाया गया। ईरान का करीब 80 से 90 फीसदी कच्चा तेल यहीं से एक्सपोर्ट होता है। इसी दौरान कोम और कशान में भी पुलों को निशाना बनाया गया। काशान के पास यहयाबाद रेलवे पुल पर हमले में 2 लोगों की मौत हो गई और 3 लोग घायल हुए हैं। इसके अलावा उत्तर-पश्चिम ईरान में तबरीज-जंजान हाईवे के पुल पर भी हमला किया गया। इससे पहले अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने चेतावनी दी थी कि अगर ईरान ने मंगलवार को रात 8 बजे (अमेरिका समयानुसार) तक होर्मुज स्ट्रेट नहीं खोला, तो उसके जरूरी ठिकानों पर हमला किया जाएगा। इन हमलों के बाद ईरान ने जवाबी कार्रवाई करते हुए यूएई के शारजाह में हमला किया। ईरान पहले ही कह चुका था कि अब वह चुप नहीं बैठेगा। अमेरिका और उसके सहयोगियों के ठिकानों को निशाना बनाएगा। अमेरिका के उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने कहा है कि ईरान के साथ चल रहे युद्ध में अमेरिका ने अपने ज्यादातर सैन्य टारगेट हासिल कर लिए हैं।



■ **खर्ग द्वीप-पुल को बनाया निशाना, एक साथ 50 ठिकाने तबाह**
■ **IRGC ने अमेरिका को लक्ष्मण रेखा पार न करने की चेतावनी दी**



**तेहरान।** ईरान के खर्ग द्वीप पर मंगलवार को ताबड़तोड़ हमले किए गए हैं। कोम शहर के पास एक पुल को भी निशाना बनाया गया। आईआरजीसी ने अमेरिका को लक्ष्मण रेखा पार न करने की चेतावनी दी है। प्रांत के डिप्टी गवर्नर मोर्तेजा हेदरी ने जानकारी दी कि मंगलवार को अमेरिका और इजरायल ने ईरान के कोम शहर के पास एक पुल पर हमला किया। वॉल स्ट्रीट जर्नल की रिपोर्ट के मुताबिक, खर्ग द्वीप पर 50 ठिकानों को निशाना बनाया गया है। सरकारी टेलीविजन चैनल के अनुसार, तेहरान के दक्षिण में स्थित कोम के बाहर यह हमला हुआ। डिप्टी गवर्नर मोर्तेजा हेदरी ने कहा कि कुछ मिनट पहले कोम की संपर्क लाइनों में आने वाले एक पुल को निशाना बनाया गया। उन्होंने कहा कि यह हमला अमेरिकी और जायनिस्ट दुश्मनों के प्रोजेक्टाइल से किया गया। हमले के बाद इलाके में तनाव बढ़ गया है। ईरान के पूर्वोत्तरी शहर मशहद में रेल सेवाएं अचानक रोक दी गई हैं। यह फैसला सुरक्षा कारणों से लिया गया है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, शहर के गवर्नर ने केंद्रीय रेल स्टेशन से चलने वाली सभी ट्रेनों को तत्काल प्रभाव से रद्द कर दिया है। मेहर न्यूज एजेंसी के अनुसार, यह एक एहतियाती कदम है। अगले आदेश तक यह फैसला लागू रहेगा।

# शिक्षामित्रों-अनुदेशकों का मानदेय बढ़ा

## योगी सरकार ने दी 49 नए बस अड्डों को मंजूरी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में मंगलवार को हुई कैबिनेट बैठक में 22 अहम प्रस्तावों को मंजूरी दी गई। बैठक के बाद मंत्रिमंडल के फैसलों की जानकारी देते हुए मंत्रियों ने शिक्षा, परिवहन, औद्योगिक विकास समेत कई क्षेत्रों में बड़े निर्णयों की घोषणा की।

कैबिनेट के सबसे महत्वपूर्ण फैसलों में अंशकालिक शिक्षामित्रों और अनुदेशकों के मानदेय में वृद्धि शामिल है। बेसिक शिक्षा मंत्री संदीप सिंह ने बताया कि शिक्षामित्रों का मानदेय 10,000 रुपये से बढ़ाकर 18,000 रुपये किया गया है। उन्होंने बताया कि अनुदेशकों का मानदेय 9,000 रुपये से बढ़ाकर 17,000 रुपये कर दिया गया है। यह बढ़ोतरी एक अप्रैल से लागू मानी जाएगी और मई से बढ़ा हुआ भुगतान खातों में आना शुरू होगा। प्रदेश में लगभग 1.42 लाख शिक्षामित्र और करीब 24 हजार अनुदेशक कार्यरत हैं। इस निर्णय से राज्य सरकार पर करीब 217 करोड़ रुपये से अधिक का अतिरिक्त वित्तीय भार पड़ेगा। परिवहन क्षेत्र में भी बड़ा फैसला लिया गया है। पीपीपी मॉडल पर 49 नए बस अड्डों के निर्माण को मंजूरी मिली है। पहले चरण में 23 बस अड्डों की प्रक्रिया जारी थी, अब कुल 52 जनपदों को इससे जोड़ा जाएगा। बस अड्डों को एयरपोर्ट जैसी आधुनिक सुविधाओं से लैस किया जाएगा। इसके अलावा हाथरस (सिकंदराराऊ), बुलंदशहर (डिबाई) और बलरामपुर (तुलसीपुर) में विभिन्न विभागों की जमीन बस अड्डा निर्माण के लिए हस्तांतरित करने को भी स्वीकृति दी गई। मंत्री असीम अरुण ने बताया कि 'डा. बीआर अंबेडकर मूर्ति विकास योजना' के तहत समाज सुधारकों की मूर्तियों के आसपास छतरी, बाउंड्री और सौंदर्यकरण का कार्य कराया जाएगा। इसमें डा. भीमराव अंबेडकर सहित अन्य महापुरुषों के स्थल शामिल होंगे। कैबिनेट मंत्री सुरेश खन्ना ने बताया कि औद्योगिक विकास विभाग से जुड़े 8 निवेश प्रस्तावों को मंजूरी दी गई, जिनमें, शाहजहांपुर में एग्रो केमिकल्स प्लांट (589 करोड़), गोरखपुर में एथेनॉल उत्पादन क्षमता विस्तार (669 करोड़) और बुंदेलखंड व यमुना अथॉरिटी क्षेत्र में सोलर प्लांट (3805 करोड़) शामिल है।

■ **शिक्षामित्रों का मानदेय 10,000 से बढ़ाकर 18,000 रुपये किया गया**

# रसोई गैस के बाद अब पीएनजी भी महंगी

**नई दिल्ली।** पश्चिम एशिया संकट के कारण रसोई गैस (एलपीजी) के बाद अब पाइपलाइन के जरिये किचन तक आने वाली प्राकृतिक गैस (पीएनजी) के दाम भी बढ़ गए हैं।

दिल्ली-एनसीआर के साथ कानपुर, मेरठ, अजमेर जैसे कई शहरों में घरों में पीएनजी की आपूर्ति करने वाली कंपनी इंद्रप्रस्थ गैस लिमिटेड (आईजीएल) ने एक अप्रैल से पीएनजी की कीमत बढ़ाकर दिल्ली में 49.59 रुपये प्रति मानक घन मीटर (एससीएम) कर दिया है। इससे पहले एक जनवरी 2026 से इसकी कीमत 47.89 रुपये प्रति एससीएम थी। इस प्रकार राष्ट्रीय राजधानी में पीएनजी 1.70 रुपये प्रति एससीएम महंगी हो गई है। एनसीआर के दूसरे शहरों में भी कीमत 1.70 रुपये प्रति एससीएम बढ़ाई गई है, जबकि दूसरे शहरों में पीएनजी एक रुपये महंगी की गई है। नोएडा, ग्रेटर नोएडा और गाजियाबाद में एक एससीएम पीएनजी की कीमत 47.76 रुपये से बढ़ाकर 49.46 रुपये कर दी गई है। मुजफ्फरनगर, मेरठ और शामली में 48.35 रुपये, किए गए।

■ **IGL ने बढ़ाए दाम**

## एयर इंडिया के टिकट आज से होंगे महंगे

**नई दिल्ली।** टाटा समूह की विमान सेवा कंपनी एयर इंडिया और उसकी सहायक कंपनी एयर इंडिया एक्सप्रेस ने बुधवार 8 अप्रैल से टिकट पर ईंधन शुल्क बढ़ाने की घोषणा की है। एयरलाइंस ने मंगलवार को एक प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि देश में और वैश्विक स्तर पर विमान ईंधन की कीमतों में पिछले कुछ समय में आई तेजी को देखते हुए ईंधन शुल्क बढ़ाना अनिवार्य हो गया था। घरेलू मार्गों पर 8 अप्रैल या उसके बाद बुक कराई गई टिकटों पर पांच सौ किमी तक की दूरी के लिए 299 रुपये ईंधन शुल्क लगेगा।

# मथुरा में सीएम योगी के कार्यक्रम का टेंट आंधी में उड़ा

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** देश के 20 से ज्यादा राज्यों में आज से आंधी-तूफान और बारिश की संभावना है। मंगलवार से नया वेस्टर्न डिस्टर्बेंस सक्रिय हो गया है। बैक-टु-बैक दो सिस्टम एक्टिव होने से मौसम में बदलाव है। यूपी के लखनऊ, मेरठ और गाजियाबाद में मंगलवार दोपहर बारिश हुई।

मथुरा में तेज आंधी से सीएम योगी के कार्यक्रम का टेंट उड़ गया। वहीं राजस्थान के रेगिस्तानी जिले नागौर में बारिश के साथ ओले गिरे। जयपुर, बीकानेर और टोंक में भी तेज बारिश हुई। इधर, मध्य प्रदेश में अगले 3 दिन आंधी-बारिश और ओले गिरने की संभावना रहेगी। ग्वालियर में मंगलवार को बारिश हुई, जबकि 34 जिलों में अलर्ट है। हिमाचल प्रदेश के चंबा में मंगलवार सुबह लैंडस्लाइड से एक निर्माणाधीन पुल टूट गया। भरमौर और होली क्षेत्र को जोड़ने वाला सिंयूर पुल रावी नदी में समा गया। इसके बाद क्षेत्र के कई गांवों का जिला मुख्यालय से संपर्क टूट गया है। उत्तराखंड के रुद्रप्रयाग, पिथौरागढ़ और चमोली में मंगलवार को बर्फबारी हुई। दिल्ली-एनसीआर में भी मंगलवार को बारिश हुई।

■ **राजस्थान के रेगिस्तान में ओले गिरे, मप्र में बारिश, हिमाचल में लैंडस्लाइड से पुल नदी में गिरा**

**नई दिल्ली: इंडिया गेट पर हल्की बूंदाबांदी के बीच बदले मौसम का लुत्फ उठाते पर्यटक।**



# कांग्रेस प्रवक्ता पवन खेड़ा के घर पहुंची असम पुलिस

**नई दिल्ली।** असम के सीएम हिमंत बिस्वा सरमा की पत्नी रिनिकी भुइयां सरमा की ओर से कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रवक्ता पवन खेड़ा के खिलाफ दर्ज कराई गई प्राथमिकी के सिलसिले में पूछताछ के लिए असम पुलिस की एक टीम श्री खेड़ा के राष्ट्रीय राजधानी स्थित आवास पर पहुंची है।

श्री खेड़ा ने हाल ही में यह आरोप लगाया था कि श्रीमती सरमा के पास तीन विदेशी पासपोर्ट और अमेरिका और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में अघोषित संपत्तियां हैं। मुख्यमंत्री और उनकी पत्नी ने इन आरोपों को पूरी तरह गलत और निराधार बताया था। श्रीमती सरमा ने इन आरोपों पर श्री खेड़ा के खिलाफ असम की क्राइम ब्रांच में प्राथमिकी दर्ज कराई थी।

■ **हिमंत सरमा की पत्नी की प्राथमिकी के बाद जांच के सिलसिले में होगी पूछताछ**

## संक्षिप्त समाचार

### अचानक गोलीबारी में सीआरपीएफ जवान की मौत

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले में मंगलवार को दुर्घटनावश गोलीबारी की घटना में केंद्रीय रिजर्व पुलिस फोर्स (सीआरपीएफ) के एक जवान की मौत हो गई। पुलिस सूत्रों ने बताया कि जम्मू-कश्मीर के सांबा जिले के चक दयाला गांव के रहने वाले सीआरपीएफ जवान अब्दुल गनी की पुंछ जिले के कामसर स्थित सीआरपीएफ यूनिट मुख्यालय में अपनी ही सर्विस राइफल (आईएनएसएएस) से दुर्घटनावश गोलीबारी में मौत हो गई। पुलिस ने कहा कि गोल. ीबारी की घटना के कारणों का पता लगाया जा रहा है और मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

### पवन खेड़ा मामले में कांग्रेस का हमला

**नई दिल्ली।** कांग्रेस संचार विभाग प्रभारी जयराम रमेश ने मीडिया विभाग चेयरमेन पवन खेड़ा के घर मंगलवार दिल्ली पुलिस और असम पुलिस के पहुंचने पर असम सरकार पर जमकर हमला बोला। रमेश ने सोशल मीडिया के माध्यम से कहा कि एक जनहित के मुद्दे पर सवाल उठाने के लिए पुलिस की पूरी फौज लगाना इस बात का प्रमाण है कि असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा घबराए, परेशान और बौखलाए हुए हैं। उन्होंने इसे कानून की उचित प्रक्रिया नहीं, बल्कि राजनीतिक प्रतिशोध बताया। उन्होंने आरोप लगाया कि राज्य की मशीनरी का इस्तेमाल विपक्ष की आवाज को दबाने और डराने के लिए किया जा रहा है, क्योंकि विपक्ष सरकार के 'काले कारनामों' को उजागर कर रहा है। कांग्रेस नेता ने कहा कि जो लोग डराने-धमकाने की राजनीति करते हैं, वही सबसे ज्यादा डरे हुए होते हैं और उनके पास छिपाने के लिए बहुत कुछ होता है।

# बारिश: यूपी के 50 जिलों में ऑरेंज अलर्ट

## अगले 48 घंटे में बरसात और ओलावृष्टि की संभावना

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** यूपी में अगले 48 घंटे पश्चिमी और पूर्वी दोनों संभागों के लिए भारी हो सकते हैं। प्रदेशभर में आज तेज आंधी के साथ बारिश, बिजली गिरने और ओलावृष्टि की चेतावनी दी गई है। मंगलवार सुबह से नोएडा, गाजियाबाद मेरठ समेत प्रदेश के कई जिलों में काले बादल छाए हुए हैं। कई जगहों पर बादलों की तेज गड़गड़ाहट हो रही है, तो कहीं बारिश भी देखने को मिल रही हैं।

मौसम विभाग के अनुसार यूपी में अगले 48 घंटे किसानों के लिए बहुत भारी होने वाले हैं। बुधवार 8 अप्रैल को भी पश्चिमी और पूर्वी दोनों ही संभाग में लगभग सभी जगहों पर मेघ गर्जन, वज्रपात, आंधी और तेज बारिश होने का ऑरेंज अलर्ट दिया गया है। दोनों ही संभागों में ओलावृष्टि की भी चेतावनी है, जिससे किसानों की फसलों को नुकसान हो सकता है। यूपी में आज आगरा, मथुरा, हाथरस, अलीगढ़, कासगंज, एटा, मैनपुरी, फिरोजाबाद, इटावा, औरैया और जालौन में



तेज आंधी-तूफान के साथ बारिश और ओले गिरने की चेतावनी दी गई है। कहीं-कहीं बिजली गिरने की भी आशंका है।

### इन जिलों में आंधी-बारिश की येलो अलर्ट

नोएडा, गाजियाबाद, मेरठ, हापुड़, बागपत, शामली, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, बिजनौर, महोबा, अमरोहा, सम्भल, बदायूं, फर्रुखाबाद, हरदोई, कानपुर और उन्नाव में

■ **नोएडा, गाजियाबाद, मेरठ, हापुड़, बागपत, शामली, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर समेत 43 जिलों में अलर्ट जारी**

आज कुछ स्थानों पर आंधी-बारिश का अलर्ट है, जबकि मुरादाबाद, रामपुर, बरेली, पीलीभीत, शाहजहांपुर, लखीमपुर खीरी, लखनऊ, सीतापुर, बाराबंकी, गोंडा, बहराइच, श्रावस्ती, अयोध्या, अमेठी, सुल्तानपुर, रायबरेली, प्रतापगढ़, चित्रकूट, बांदा, हमीरपुर, महोबा, झांसी और ललितपुर में एक या दो जगहों पर बारिश हो सकती हैं। प्रदेश के बाकी हिस्से में आज मौसम सामान्य रहेगा। इन जिलों के लिए कोई चेतावनी नहीं दी गई है। मौसम विभाग के मुताबिक अगले 24 घंटों में प्रदेश के अधिकतम तापमान में 2. 4 डिग्री सेल्सियस की बढ़ोतरी होगी। इसके बाद 6.8 डिग्री की अचानक बढ़ोतरी हो सकती हैं। 9 और 10 अप्रैल को बारिश का सिलसिला थम जाएगा।

# मंत्री की करतूतों पर चले बुलडोजर: सपा

शाह टाइम्स ब्यूरो



**बस चालकों की ओर से वेतन उठाए जाने के मामले में अखिलेश यादव का सीएम योगी पर हमला, सड़कें धंसी हुई हैं, परिवहन विभाग में भ्रष्टाचार का हुआ खुलासा**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के परिवहन विभाग में बगैर बस चलाए चालकों द्वारा वेतन उठाए जाने का मामला सामने आने के बाद समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने योगी सरकार हमला बोलते हुए कहा कि मुख्यमंत्री को बसों पर बुलडोजरष् चलाने का नाटक करने के बजाय मंत्री की भ्रष्ट करतूतों पर चलवाने चाहिए।

यादव ने मंगलवार को एक्स पर लिखा कि सब जानते हैं चलेगा (बुलडोजर) नहीं, क्योंकि इस गोरखधंधे का सबसे बड़ा हिस्सा तो 'मुख्य-दान पेटी' में ही आता है। इसीलिए मंत्री पर उनकी 'दया-दृष्टि' आमदनी के आगमन के अनुपात में बनी रहेगी। उन्होंने कहा कि इधर गर्मियों की छुट्टियों में जनता आने-जाने के लिए परेशान है और उधर भाजपाई और उनके संगी-साथी परिवहन विभाग के पहिए खोलकर बेचने में लगे हैं। यही वो कारण है जिसकी वजह से उप्र के विकास की गाड़ी भाजपा के भ्रष्टाचार की मारी धंसी सड़क में धंसकर पूरी तरह ठहर गई है। अखिलेश यादव ने कहा कि यातायात और आवागमन की व्यवस्था का बाधित होना सीधे तौर पर अर्थव्यवस्था पर असर डालता है। उन्होंने कहा कि भाजपाई ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था नहीं, ट्रिलियन डॉलर की अपनी व्यवस्था बनाने में लगे हैं। भाजपा को आम जनता से न कोई मतलब था, न है, न कभी रहेगा। उन्होंने कहा कि भाजपा जाए तो बस चल पाए, पर चिंता न करें बुरे दिन जानेवाले हैं। गौरतलब है कि परिवहन विभाग में भ्रष्टाचार को लेकर एक बड़ा खुलासा सामने आया है। जानकारी के अनुसार, 1671 ड्राइवर ऐसे पाए गए हैं जो बिना बस चलाए ही वेतन उठा रहे हैं, जबकि करीब 50 प्रतिशत चालकों का रिकॉर्ड शून्य किलोमीटर का दर्ज हुआ है। फिलहाल, इस पूरे मामले पर सरकार या परिवहन विभाग की ओर से कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है।

# प्रीपेड या पोस्टपेड स्मार्ट मीटर का खुद करें चुनाव

शाह टाइम्स ब्यूरो

**केंद्र सरकार और केंद्रीय विद्युत प्राधिकरण ने जारी किया आदेश**

**लखनऊ।** सरकार ने प्रीपेड स्मार्ट मीटर की अनिवार्यता खत्म कर दी है। अब उपभोक्ता अपनी सुविधा के अनुसार प्रीपेड या पोस्टपेड मीटर चुन सकेंगे, जिससे लाखों लोगों को राहत मिली है। लखनऊ में बिजली बिल और मीटर को लेकर लंबे समय से चल रही बहस में अब उपभोक्ताओं के पक्ष में फैसला आया है।

केंद्र सरकार ने प्रीपेड स्मार्ट मीटर की अनिवार्यता पूरी तरह खत्म कर दी है। अब सिर्फ स्मार्ट मीटर लगाए जाएंगे, लेकिन वे प्रीपेड हों या पोस्टपेड, यह फैसला पूरी तरह उपभोक्ता पर निर्भर करेगा। केंद्रीय विद्युत प्राधिकरण (सीईए) ने यह आदेश जारी किया है। आदेश के मुताबिक जहां संचार नेटवर्क उपलब्ध है, वहां सभी नए और पुराने बिजली कनेक्शनों पर स्मार्ट मीटर लगाए जाएंगे, लेकिन प्रीपेड मोड अब अनिवार्य नहीं रहेगा। उत्तर प्रदेश पावर कॉर्पोरेशन के आंकड़ों के अनुसार प्रदेश में अभी 78 लाख से अधिक स्मार्ट मीटर लग चुके हैं, जिनमें 70 लाख प्रीपेड स्मार्ट मीटर हैं। नए कनेक्शनों पर अब तक अनिवार्य रूप से प्रीपेड मीटर ही लगाए जा रहे थे। राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद ने इस अनिवार्यता का लगातार विरोध किया था। संसद में उठे सवालों के जवाब में केंद्रीय ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल खट्टर ने स्पष्ट कहा था कि प्रीपेड मीटर लगाना अनिवार्य नहीं है। यह पूरी तरह उपभोक्तराओं की इच्छा पर निर्भर करता है।

## सचिव ने यूपी के डीआईओएस व बीएसए को जारी किए आदेश

# अवैध स्कूलों और कोचिंगों पर लगेगा अंकुश

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ **अभियान 18 अप्रैल तक चलाया जाएगा, बिना मान्यता स्कूल चलाना पूरी तरह प्रतिबंधित, कठोर कार्रवाई का प्रावधान**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद ने प्रदेश भर में अमान्य विद्यालयों और नियम विरुद्ध चल रही निजी कोचिंग की गतिविधियों पर सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए हैं।

मंगलवार को परिषद के सचिव भगवती सिंह आदेश जारी कर सभी जिला विद्यालय निरीक्षकों (डीआईओएस), जिला बेसिक शिक्षा अधिकारियों (बीएसए) और खंड शिक्षा अधिकारियों (बीईओ) को 18 अप्रैल तक विशेष अभियान चलाने के निर्देश दिए हैं। परिषद के सचिव भगवती सिंह के स्तर से जारी निर्देश के अनुसार, प्रदेश के विभिन्न जिलों में बिना मान्यता प्राप्त विद्यालयों के संचालन और शिक्षकों के निजी कोचिंग संस्थानों में संलग्न होने की शिकायतें लगातार मिल रही हैं। जबकि इसे शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009, परिषद के विनियमों और कोचिंग नियमन से जुड़े नियमों का उल्लंघन माना गया है। परिषद ने स्पष्ट किया है कि बिना मान्यता विद्यालय चलाना पूरी तरह प्रतिबंधित है और ऐसे मामलों में आर्थिक दंड सहित कठोर कानूनी कार्रवाई का प्रावधान है। साथ ही, मान्यता प्राप्त विद्यालयों के शिक्षकों द्वारा निजी कोचिंग में पढ़ाना भी नियमों के विरुद्ध है, जिस पर अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। परिषद ने उच्च न्यायालय के निर्देशों के अनुपालन में कहा है कि शासन स्तर पर पहले ही जिला विद्यालय निरीक्षक की अध्यक्षता में एक समिति गठित की जा चुकी है, जिसमें बीएसए और बीईओ सदस्य हैं। सचिव भगवती सिंह ने कहा कि अभियान के बाद सभी जनपदों को 30 अप्रैल 2026 तक विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत करनी होगी। रिपोर्ट में अवैध विद्यालयों की संख्या, उनके खिलाफ की गई कार्रवाई, निजी कोचिंग में शिक्षकों की संख्या व उनके विरुद्ध कदमों का विवरण देना अनिवार्य होगा।

### आबकारी विभाग में 722 पदों पर बंपर भर्ती

**लखनऊ।** यूपी के बेरोजगारों के लिए आबकारी विभाग में सिपाही बनने का सुनहरा मौका है। विभाग ने बंपर वेकेंसी निकाली है। उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग ने आबकारी सिपाही मुख्य परीक्षा के लिए आवेदन मांगे हैं। आबकारी सिपाही के 722 पदों के लिए विज्ञापन निक. ाला गया है। सिपाही बनने के लिए इच्छुक इन पदों के लिए आवेदन कर सकते हैं। आबकारी सिपाही मुख्य परीक्षा के लिए केवल वही अभ्यर्थी ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं, जो विज्ञापन में दी गई शर्तों को पूरा करते हैं। प्रारंभिक क्वालीफिकेशन परीक्षा 2025 प्रिलिमनरी एलिजिबिलिटी टेस्ट (पेट 2025) में सम्मिलित हुए हों और उन्हें आयोग की ओर से प्रारंभिक एलिजिबिलीटी परीक्षा 2025 का स्कोर कार्ड जारी किया गया हो। मुख्य परीक्षा के लिए अभ्यर्थी की शॉर्ट लिस्टिंग उनके प्रीलिमनरी एलिजिबिलिटी टेस्ट पेट 2025 के नॉर्मलाइज्ड स्कोर के आधार पर मेरिट के अनुसार की जाएगी।

काम कोर्स
उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज़ पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010



संसेक्स 74616.58
निफ्टी 23123.65



सोना 147000
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



चांदी रु. 231000
प्रति किलो



# शेयर बाजारों में तेजी जारी सेंसेक्स 510 अंक चढ़ा

मुंबई, वार्ता

घरेलू शेयर बाजारों में मंगलवार को लगातार चौथे दिन तेजी देखी गई और बीएसई का सेंसेक्स 509.73 अंक (0.69 प्रतिशत) चढ़कर 74,616.58 अंक पर बंद हुआ। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी-50 सूचक. ांक भी 155.40 अंक यानी 0.68 प्रतिशत की बढ़त में 23,123.65 अंक पर पहुंच गया।

शुरुआती गिरावट के बाद बाजार में तेजी लौट आई। सुबह के कारोबार में संसेक्स एक समय 800 अंक से ज्यादा लुढ़क गया था, लेकिन दोपहर बाद कम कीमत पर हुई लिवाली से यह हरे निशान में लौट गया। मझौली कंपनियों में तेजी रही जबकि छोटी



कंपनियों में बिकवाली हावी रही। निफ्टी मिडकैप.50 सूचकांक 0. 43 प्रतिशत ऊपर बंद हुआ। वहीं, स्मॉलकैप-100 सूचकांक 0.06 प्रतिशत फिसल गया। आईटी कंपनियों में दोपहर बाद लिवाली तेज होने से बाजार को समर्थन मिला। धातु, रियलटी, एफएमसीजी, निजी बैंकों और मीडिया कंपनियों के समूहों में भी तेजी रही। वहीं, सार्वजनिक बैंक और टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद समूह गिरावट में रहे। सेंसेक्स की कंपनियों में एचसीएल टेक्नोलॉजीज का शेयर पौने तीन फीसदी ऊपर बंद हुआ।

टीसीएस, इंफोसिस और भारती एयरटेल में भी दो प्रतिशत से अधिक की तेजी दर्ज की गई। सनफार्मा, टेक महिंद्रा, हिंदुस्तान यूनीलिवर, आईटीसी, आईसीआईसीआई बैंक और मारुति सुजुकी के शेयर भी एक से दो प्रतिशत चढ़ गए। टाटा स्टील, एनटीपीसी, बजाज फिनसर्व, कोटक महिंद्रा बैंक, बजाज फाइनेंस और एक्सिस बैंक के शेयर भी हरे निशान में रहे। इंडिगो, अडानी पोर्ट्स, महिंद्रा एंड महिंद्रा और टाइटन के शेयरों में गिरावट दर्ज की गई।

# सोना और चांदी की कीमतों में गिरावट

**नई दिल्ली।** सोने-चांदी की कीमतों में मंगलवार को गिरावट दर्ज की गई है। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन (आईबीजेए) के मुताबिक 10 ग्राम 24 कैरेट सोना 2 हजार रुपए घटकर 1.47 लाख रुपए आ गया है। इससे पहले यह 1.49 लाख रुपए पर था। एक किलो चांदी 3 हजार रुपए घटकर 2.31 लाख रुपए रह गई।

साल की शुरुआत में सोने में तेजी थी, लेकिन हाल के हफ्तों में मुनाफावसूली और ईरान जंग से गिरावट आई है। अपने उच्चतम स्तर से सोना अब तक 29 हजार सस्ता हो चुका है। चांदी में सोने के मुकाबले ज्यादा उतार-चढ़ाव रहा और यह ऑल टाइम हाई से तेजी से नीचे आई है। चांदी ऑल टाइम हाई से 1.54 लाख सस्ती हो चुकी है। हमेशा ब्यूरो ऑफ इंडियन स्टैंडर्ड का हॉलमार्क लगा हुआ सर्टिफाइड गोल्ड ही खरीदें। सोने का सही वजन और खरीदने के दिन उसकी कीमत कई सोर्सेज (जैसे इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन की वेबसाइट) से क्रॉस चेक करें। सोने का भाव 24 कैरेट, 22 कैरेट और 18 कैरेट के हिसाब से अलग-अलग होता है। चांदी असली सिल्वर चुंबक से नहीं चिपकती।

# मॉर्गन स्टेनली ने भारत की वृद्धि का अनुमान घटाया

नई दिल्ली, वार्ता

पश्चिम एशिया और पश्चिमी देशों की कठिन परिस्थितियों के मद्देनज वित्त और निवेश के कारोबार में लगे वैश्विक संगठन मॉर्गन स्टेनली ने वित्त वर्ष 2026.27 के लिए भारत के वास्तविक सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में वृद्धि के अनुमान को प्रतिशत 0.30 अंक घटाकर 6.2 प्रतिशत कर दिया है।

इससे पहले संगठन ने 6.5 प्रतिशत की वृद्धि होने का अनुमान लगाया था। मॉर्गन स्टेनली का अनुमान है कि 2026.27 में कच्चे तेल की औसत कीमत 95 अमेरिकी डॉलर प्रति बैरल रहेगी तथा गैस की उपलब्धता एक अतिरिक्त बाधा होगी। मॉर्गन स्टेनली की ताजा रिपोर्ट में कहा गया है कि ईंधन की बढ़ती कीमत और औद्योगिक आपूर्ति में कमी से उत्पादन के संसाधनों की लागत बढ़ रही हैं और चुनिंदा वस्तुओं के उत्पादन में कटौती करनी पड़ रही है। रुपये की कमजोरी के बीच आयातित महंगाई बढ़ रही है। मॉर्गन स्टेनली ने आगे कहा कि उत्पादन की उच्च लागत, मुद्रा की कमजोरी और खाद्य/मुख्य वस्तुओं की कीमतों में मजबूती के कारण वित्त वर्ष 27 में औसत खुदरा मुद्रास्फीति साल-दर-साल आधार पर बढ़कर 5.1 प्रतिशत तक पहुंच जाएगी। तेल की ऊंची कीमतों के कारण वित्त वर्ष 2026.27 में चालू खाते का घाटा (कैड) प्रतिशत लगभग 1.50 अंक बढ़कर जीडीपी के लगभग 2.5 प्रतिशत तक पहुंच सकता है। मॉर्गन स्टेनली के विश्लेषकों ने कहा है, हाल के वर्षों में पूंजी प्रवाह वित्तपोषण की जरूरतों से पीछे रहा है, इसलिए हमें उम्मीद है कि भुगतान संतुलन लगातार तीसरे वर्ष घाटे में रहेगा, जिससे रुपये पर दबाव बढ़ने की आशंका बढ़ जाएगी। मॉर्गन स्टेनली की भारत संबंधी मामलों की मुख्य अर्थशास्त्री उपासना चाचरा ने बानी गंभीर और श्रेया सिंह के साथ मिलकर लिखा है, इस पृष्ठभूमि में, हमने वित्त वर्ष 2026.27 के लिए अपने वास्तविक जीडीपी अनुमान को प्रतिशत 0.30 अंक घटाकर 6.2 प्रतिशत कर दिया है।

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काज़ीज़ादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

Cipzer
— HEALTH WITH CARE —
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त


भूख की कमी, बदहज़मी जॉन्डिस, फेटी लीवर, एल्कॉहलिक लिवर डिज़ीज़ आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

# दलित वोट पर टिकी भाजपा सपा-बसपा की उम्मीदें

शाह टाइम्स ब्यूरो

■ **सवर्ण वोटों की नाराजगी के बीच सभी दलों ने कसी कमर**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में 2027 के विधानसभा चुनाव से पहले सियासी तपिश अभी से देखी जा रही है। यूजीसी के नए नियमों को लेकर सवर्ण वोटों की नाराजगी के बीच इस बार सत्ता के केंद्र में दलित वोट बैंक बना हुआ है। प्रदेश की करीब 21 प्रतिशत दलित आबादी न सिर्फ आरक्षित सीटों बल्कि सामान्य सीटों पर भी निर्णायक भूमिका निभाती है। यही कारण है कि भाजपा, सपा और बसपा तीनों ही दल इस वर्ग को अपने पक्ष में करने के लिए पूरी ताकत झोंक रहे हैं।

वर्तमान में यूजीसी के नए नियमों को लेकर सवर्ण समाज के बीच भाजपा के प्रति असंतोष देखा जा रहा है। हालांकि भाजपा इस तरह की नाराजगी से इंकार कर रही है, लेकिन जमीनी स्तर पर यह मुद्दा बातचीत का हिस्सा बन चुका है। इसी बीच विकल्प के तौर पर बसपा सुप्रीमो मायावती के बयान और उनके शासनकाल के कानून-व्यवस्था की चर्चाएं ग्रामीण इलाकों में फिर सुनाई देने लगी हैं। हालांकि चुनाव अभी दूर हैं और राजनी. तिक समीकरण समय के साथ बदल रहते हैं। भाजपा ने पिछले कुछ वर्षों में अपनी रणनीति बदलते हुए गैर-जाटव दलितों जैसे पासी, वाल्मीकि और अन्य समुदायों पर खास फोकस किया है। केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं, जैसे मुफ्त राशन, आवास, शौचालय और आयुष्मान योजना के जरिए भाजपा ने लाभार्थी वर्ग तैयार किया है, जिसे वह वोट में बदलने की कोशिश में है। साथ ही डा. भीमराव अंबेडकर के विचारों और स्मारकों को प्रमुखता देकर पार्टी सामाजिक संदेश भी दे रही है। एक दिन पूर्व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की तरफ से पार्टी के स्थापना दिवस के दिन राज्य में डा. अंबेडकर की सभी प्रतिमाओं पर सुरक्षात्मक छत्र देने की घोषणा को इसी रूप से जोड़कर देखा जा रहा है। हालांकि जाटव वोट बैंक में भाजपा की पकड़ अभी भी सीमित मानी जाती है।

# यूपी में जाम से निजात पाने के लिए 20 जिलों में सी-आरटीसी योजना लागू

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) राजीव कृष्णा ने कहा है कि प्रदेश में तेजी से बढ़ते ट्रैफिक जाम की समस्या से निपटने के लिए यातायात निदेशालय द्वारा सी-आरटीसी (सिटी रेड्यूसिग ट्रैफिक कंजेशन) योजना लागू की गई है। इस योजना के तहत पहले चरण में प्रदेश के 20 जिलों के 172 प्रमुख मार्गों को चिन्हित कर उन्हें जाम मुक्त बनाने का लक्ष्य रखा गया है।

पुलिस राज्य मुख्यालय के सिग्नेचर बिल्डिंग में मंगलवार को आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में श्री कृष्णा ने कहा कि समस्या के समाधान के लिए योजना के तहत प्रदेश में उन मार्गों को चिन्हित किया गया है, जहां पीक आवर्स में सबसे अधिक जाम लगता है। चिन्हित मार्गों में आगरा, अयोध्या, बरेली, गोरखपुर, कानपुर, लखनऊ,



मेरठ, वाराणसी, प्रयागराज सहित 20 जिले शामिल हैं। इन मार्गों पर यातायात को सुचारू बनाने के लिए विशेष कार्ययोजना तैयार की गई है। उन्होंने कहा कि योजना की सबसे अहम कड़ी 'रूट मार्शल' प्रणाली है। 'एक रूट, एक रूट मार्शल' के सिद्धांत पर प्रत्येक मार्ग के लिए एक जिम्मेदार अधिकारी नियुक्त किया जाएगा, जो उस मार्ग पर यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के लिए पूरी तरह उत्तरदाई होगा। आवश्यकता अनुसार एक अधिकारी को एक से अधिक मार्गों की जिम्मेदारी भी दी जा सकती है। डीजीपी राजीव कृष्णा ने कहा कि इस योजना में एआई आधारित आधुनिक तकनीक का उपयोग किया जा रहा है, जिससे चिन्हित मार्गों पर न्यूनतम, अधिकतम और औसत ट्रैवल टाइम का विश्लेषण किया जाएगा। यह प्रणाली रियल टाइम में जाम की स्थिति को मैप पर प्रदर्शित करेगी, जिससे नोडल अधिकारी अपने स्मार्टफोन के माध्यम से किसी भी समय ट्रैफिक की स्थिति की निगरानी कर सकेंगे। इसके साथ ही पिछले दो माह तक का डेटा भी उपलब्ध रहेगा, जिससे बेहतर रणनीति बनाई जा सकेगी। योजना के सफल क्रियान्वयन के लिए '5ई मॉडल' एजुकेशन (जागरूकता), इंफोर्समेंट (प्रवर्तन), इंजीनियरिंग (तकनीकी हस्तक्षेप), इंक्रोचमेंट रिमू. वल (अतिक्रमण हटाना) और ई-रिक्शा संचालन पर विशेष जोर दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि पहले चरण में पीक आवर्स के दौरान अधिकतम ट्रैवल टाइम में 20 प्रतिशत तक कमी लाने का लक्ष्य तय किया है।

# खड़गे का हिमंता पर हमला लगाए भ्रष्टाचार के आरोप

**नई दिल्ली।** असम विधानसभा चुनाव मतदान से पहले कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने प्रेस वार्ता कर भारतीय जनता पार्टी सरकार पर निशाना साधा। श्री खड़गे ने राज्य की जनता से अपील की कि वे अपने वोट के जरिए ष्सबसे भ्रष्ट सरकारष् को सत्ता से बाहर का रास्ता दिखाएं। उन्होंने आरोप लगाया कि हिमंता बिस्वा सरमा के नेतृत्व में असम में भ्रष्टाचार बढ़ा है और मुख्यमंत्री केवल अपने निजी हितों को साध रहे हैं।

उन्होंने कहा कि राज्य में ष्सिडिकेट राजष् चल रहा है, जिसमें जमीन उनके करीबी लोगों और कॉरपोरेट्स को सौंपी जा रही है। कांग्रेस अध्यक्ष ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह पर भी सवाल उठाते हुए कहा कि एक तरफ भाजपा नेता भ्रष्टाचार के खिलाफ होने का दावा करते हैं, जबकि दूसरी ओर असम में कथित



भ्रष्टाचार पर कोई कार्रवाई नहीं हो रही। उन्होंने कांग्रेस नेताओं गौरव गोगोई और पूर्व मुख्यमंत्री तरुण गोगोई का जिक्र करते हुए कहा कि उनका रिकॉर्ड साफ रहा है और उन्होंने कभी इस तरह के आरोपों का सामना नहीं किया। श्री खड़गे ने असम के गायक जुबिन गर्ग से जुड़े मामले में न्याय में देरी का मुद्दा भी उठाया। उन्होंने कहा कि फास्ट ट्रैक कोर्ट बनाने में देरी हुई और सवाल उठाया कि आखिर मुख्यमंत्री किसे बचाना चाहते हैं। कांग्रेस अध्यक्ष ने वादा किया कि यदि राज्य में कांग्रेस की सरकार बनती है, तो 100 दिनों के भीतर इस मामले में न्याय सुनिश्चित किया जाएगा और दोषियों को सजा दिलाई जाएगी।

# जन समस्याओं का त्वरित समाधान सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताः सीएम



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** राज्य के पर्वतीय क्षेत्रों में स्वास्थ्य सुविधाओं को बेहतर बनाने पर विशेष ध्यान दिया जाए। विधायकगणों द्वारा अपने क्षेत्र की जिन समस्याओं को उठाया जा रहा है, अधिकारी उन्हें गंभीरता से लेते हुए प्राथमिकता के आधार पर समाधान करें। जिन योजनाओं का समाधान शीघ्र हो सकता है, यह सुनिश्चित किया जाए कि उनमें अनावश्यक विलंब न हो। कार्यों में अनावश्यक देरी करने वाले अधिकारियों की जिम्मेदारी तय की जाए। विकास कार्यों में गुणवत्ता और समयबद्धता का विशेष ध्यान रखा जाए। सभी विभाग आपसी समन्वय से जन समस्याओं का समाधान करें।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मंगलवार को सचिवालय में मुख्यमंत्री घोषणाओं के अंतर्गत विधानसभा क्षेत्र थराली, कर्णप्रयाग, केदारनाथ, रुद्रप्रयाग और देवप्रयाग की समीक्षा के दौरान ये निर्देश अधिकारियों को दिए।मुख्यमंत्री ने कहा कि जन समस्याओं का समाधान राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। जनप्रतिनिधियों के साथ निरंतर समन्वय बनाए रखते हुए अधिकारी आमजन की समस्याओं का समाधान करें। उन्होंने कहा कि पर्वतीय क्षेत्रों में स्वास्थ्य और शिक्षा पर विशेष ध्यान दिया जाए। हेली एंबुलेंस की समय पर उपलब्धता और दूरस्थ क्षेत्रों में स्वास्थ्य सुविधाओं को और बेहतर बनाने की दिशा में निरंतर कार्य किए जाएं। निर्माण से संबंधित कार्यों में यदि किसी विभाग द्वारा प्रस्ताव किसी अन्य विभाग को हस्तांतरित किया जाना है, तो उसे शीघ्र भेजा जाए। विलंब करने पर संबंधित विभागों की जिम्मेदारी तय की जाए। बैठक में कैबिनेट मंत्री भरत चौधरी, विधायक कर्णप्रयाग अनिल नौटियाल, विधायक थराली भूपाल राम टम्टा, केदारनाथ विधायक आशा नौटियाल, देवप्रयाग विधायक विनोद कंडारी, मुख्य सचिव आनंद बर्द्धन, प्रमुख सचिव आर. मीनाक्षी सुंदरम, सचिव शैलेश बगोली, नितेश झा, दिलीप जावलकर, सचिन कुर्वे, रविनाथ रमन, एस. एन. पांडेय, डॉ. पंकज कुमार पांडेय, डॉ. आर. राजेश कुमार आदि मौजूद रहे।

**■ मुख्यमंत्री ने की 5 विधानसभाओं की सीएम घोषणाओं की समीक्षा**

### उठाई गई समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान करें संबंधित विभागीय सचिव

मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि विधायकगणों द्वारा बैठक में उठाई गई समस्याओं का संबंधित विभागीय सचिव प्राथमिकता के आधार पर समाधान करें। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री घोषणाओं से संबंधित वन विभाग के स्तर पर लंबित प्रकरणों की अलग से समीक्षा की जाए। उन्होंने मुख्य सचिव को निर्देश दिए कि मानसून से पहले वर्षाकाल की चुनौतियों को ध्यान में रखते हुए व्यापक समीक्षा बैठक आयोजित की जाए। बाढ़ नियंत्रण से संबंधित कार्य समय पर पूर्ण किए जाएं।

### कहा, आगामी चारधाम यात्रा के दृष्टिगत सभी तैयारियां समय से हो पूर्ण

मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि आगामी चारधाम यात्रा के दृष्टिगत सभी तैयारियां समय पर पूर्ण कर ली जाएं। वाणिज्यिक सिलेंडरों के संबंध में होटल एसोसिएशन के साथ समय-समय पर बैठक कर उनकी समस्याओं का समाधान किया जाए। यात्रा के लिए सभी व्यवस्थाओं को सुदृढ़ बनाया जाए।

# प्रदेश में आयुर्वेद को बड़े संसाधन के तौर पर स्थापित करना हमारा संकल्पः कौशिक

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** प्रदेश के आयुष एवं आयुष शिक्षा मंत्री मदन कौशिक ने विधान सभा स्थित सभागार कक्ष में विभागीय अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की।

आयुष एवं आयुष शिक्षा मंत्री कौशिक ने कहा कि आयुष एवं आयुष शिक्षा विभाग राज्य की दृष्टि से महत्वपूर्ण विभाग है ,जिसके अंतर्गत राज्य में 3 राजकीय परिसर ,13 जिला आयुर्वेदिक एवं यूनानी सेवा कार्यालय, 21 निजी महाविद्यालय, 13 जिला होम्योपैथिक कार्यालय के साथ अन्य अनेक संस्थाएं संचालित हैं। उन्होंने कहा कि आयुर्वेदिक विश्व. विद्यालय को लेकर कुछ समस्याओं पर आज समीक्षा की गयी है, जिसको लेकर महानिद. ेशक की अध्यक्षता में कमेटी का गठन कर समस्याओं का तत्काल प्रभाव से निवारण के लिए निर्देशित किया गया है।

उन्होंने अधिकारियों को यह भी निर्देश दिया कि अन्य विभागों के साथ बैठक कर जल्द ही समस्याओं का समाधान किया जायेगा।



**■ प्रदेश के आयुष एवं आयुष शिक्षा मंत्री ने की समीक्षा बैठक**
**■ कहा, आयुष एवं आयुष शिक्षा विभाग राज्य की दृष्टि से महत्वपूर्ण विभाग**

उन्होंने यह भी कहा कि प्रदेश में आयुर्वेद को बड़े संसाधन के तौर पर स्थापित करना हमारा संकल्प है। मंत्री ने कहा कि आयुष विभाग ब्लॉक स्तर तथा न्याय पंचायत स्तर पर वैलनेस तथा योग एवं पंचकर्म जैसी सुविधाओं को जोड़ने के लिए अवधारणा लागू करने के लिए प्रयास किये जा रहे हैं। आयुष मंत्री ने आयुर्वेद विश्वविद्यालय द्वारा किये जा रहे कार्यों की भी समीक्षा की जिसमें शिक्षा तथा शोध के कार्यों पर चर्चा की गई। मंत्री ने कहा कि विश्वविद्यालय से जुड़े हुए सभी प्रकरणों की बिन्दुवार समीक्षा की जाए तथा उचित समाधान निकाला जाए। आयुर्वेद एवं यूनानी सेवा के अंतर्गत प्रदेश में लगभग 852 चिकित्सालय तथा 5491 आयुर्वेदिक डॉक्टर, 1226 होम्योपैथिक डॉक्टर, 201 यूनानी डॉक्टर, 10 सिद्ध डॉक्टर तथा 18 प्राकृतिक चिकित्सा डॉक्टर उपलब्ध हैं इसके साथ ही फार्मासिस्ट, नर्स एवं सहायक उपलब्ध हैं।

उन्होंने अधिकारियों को निर्देशदेते हुए कहा कि रिक्त पदों पर अधियाचन भेजें तथा रिक्तियों को पूर्ण करने का कार्य किया जाए।

इस अवसर पर सचिव आयुष रंजना राजगुरू, अपर सचिव/निद. ेशक विजय कुमार जोगदंडे तथा अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# उत्तराखंड में सामान्य है गैस आपूर्तिः पांगती

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** अपर आयुक्त खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले, उत्तराखंड सरकार पी.एस. पांगती ने एलपीजी और अन्य पेट्रोलियम उत्पादों की उपलब्धता एवं खाद्य सुरक्षा तैयारियों और आवश्यक वस्तुओं की जानकारी देते हुए कहा कि घरेलू गैस की आपूर्ति पूरे प्रदेश में नियमित रूप से सुनिश्चित की जा रही है। राज्य में डीजल एवं पेट्रोल की कोई कमी नहीं है।अस्पतालों, शैक्षणिक संस्थानों को नियमित रूप से गैस की आपूर्ति की जा रही है।

मंगलवार को सूचना प्रसारण मंत्रालय, भारत सरकार के अंतर्गत पीआईबी कार्यालय देहरादून में आयोजित प्रेसवार्ता में पांगती ने बताया कि कॉमर्शियल सिलेंडर के संबंध में 66 फीसदी वितरण के लिए उत्तराखंड शासन द्वारा एसआ. ेपी जारी की गई है। जिसमें होटल एवं रिजॉर्ट, रेस्टोरेंट एवं ढाबा, गेस्ट हाउस, पेइंग गेस्ट सुविधा, होम स्टे, विवाह समारोह एवं उद्योगों को 6 हजार 310 सिलेंडर दैनिक रुप वितरण किए जाएंगे। पांगती ने कहा कि चारधाम यात्रा और शादियों के सीजन की तैयारियों के लिए विशेष तैयारी सरकार द्वारा की गई है। उन्होंने बताया कि चारधाम यात्रा एवं पयर्टन सीजन को देखते हुए मुख्य सचिव, उत्तराखंड की ओर से भारत सरकार को राज्य की ओर से मांग प्रेषित कर दी गई है। जिसमें अनुरोध किया गया है कि माह अप्रैल से नवंबर तक उत्तराखंड को व्यवसायिक एलपीजी का 100 फीसदी आवंटन पूर्ववत बनाया रखा जाए. उसमें भी 5 फीसदी अतिरिक्त कोटा राज्य सरकार की तरफ से मांग की गई है।पैनिक बुकिंग के संबंध में पांगती ने बताया कि विगत 25 दिन में 15 मार्च को राज्य में सबसे ज्यादा पैनिक बुकिंग की गई थी,जिसकी संख्या 90 हजार थी। लेकिन 6 अप्रैल को स्थिति सामान्य हुई है। जिसकी संख्या 45 हजार रही। फिलहाल प्रदेश में एलपीजी बुकिंग सामान्य स्थिति में है। पीएनजी के संबंध में उन्होंने बताया कि प्रदेश में पीएनजी कनेक्शन की संख्या बढ़ाने के लिए युद्ध स्तर पर काम हो रहा है।



**■ अपर आयुक्त खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले ने दी जानकारी**

### राज्य में प्रवासी मजदूरों एवं विद्यार्थियों के लिए 5 किलो का छोटा सिलेंडर

प्रवासी मजदूरों एवं विद्यार्थियों के लिए 5 किलो के सिलेंडर पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध हैं। प्रदेश में सभी गैस एजेंसियों को निर्देशित किया गया है कि डिलीवरी सुनिश्चित हो। उन्होंने बताया कि राज्य में प्रवासी मजदूरों एवं विद्यार्थियों के लिए 5 किलो का छोटू सिलेंडर (एफटीएल- फ्री ट्रेड एलपीजी) को पहचान पत्र पर किसी भी गैस एजेंसी पर प्राप्त किया जा सकता है। भारत सरकार के निर्देशानुसार प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के अंतर्गत अंत्योदय एवं प्राथमिक परिवार के राशन कार्ड धारक माह अप्रैल में तीन महीनों (अप्रैल, मई एवं जून) का एकसाथ राशन निकटतम गल्ला केंद्रों से प्राप्त कर रहे हैं। प्रदेश में 14 लाख राशन कार्ड धारक परिवारों को तीन महीनों का राशन एक साथ आवंटित किए जा रहे हैं।

### उत्तराखंड में सिटी गैस वितरण और वैकल्पिक ईंधन के क्षेत्र में 5 सिटी गैस वितरण कंपनियां कार्यरत

भारत सरकार के निर्देशानुसार पीएनजी विस्तार को लेकर भी उत्तराखंड में सिटी गैस वितरण और वैकल्पिक ईंधन के क्षेत्र में राज्य में 5 सिटी गैस वितरण कंपनियां कार्य कर रही हैं, जिनमें देहरादून में जीएआईएल गैस, उधम सिंह नगर में आईओसी और अडानी गैस प्राइवेट लिमिटेड, हरिद्वार में एचएनजीपीएल और नैनीताल में एचपीसीएल शामिल हैं। राज्य में सीएनजी, घरेलू पीएनजी और वाणिज्यिक एवं औद्योगिक पीएनजी की आपूर्ति में कोई बाधा या प्रतिबंध नहीं है। इन कंपनियों द्वारा घरेलू पीएनजी कनेक्शन को तेजी से बढ़ाने, कम समय में अधिकतम कवरेज सुनिश्चित करने, सर्वे और संस्थागत कनेक्शन को प्राथमिकता देने, दैनिक प्रगति की निगरानी करने और अधिकतम जनहित के आधार पर प्राथमिकता तय करने जैसे कदम उठाए जा रहे हैं। वर्तमान में प्रदेश में 37 हजार घरों में पीएनजी कनेक्शन चालू हैं। उत्तराखंड में वैकल्पिक ईंधन व्यवस्था को लेकर वन विभाग द्वारा सभी लकड़ी के टॉल्स में पर्याप्त मात्रा में व्यवस्था सुनिश्चित कर ली गई है।

### जमाखोरी व कालाबाजारी पर 6,205 निरीक्षण व 373 छापे मारे

उत्तराखंड में निगरानी और अनुपालन के तहत नियमित रूप से कार्रवाई की जा रही है ताकि जमाखोरी और कालाबाजारी को रोका जा सके। अब तक 6,205 निरीक्षण और 373 छापे मारे गए हैं, जिनके परिणामस्वरूप 19 एफआईआर दर्ज की गई, 7 गिरफ्तारियां हुईं और 16 नोटिस जारी किए गए।

# कैबिनेट मंत्री जोशी ने परखी सैनिक सम्मान समारोह की तैयारियां

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**खटीमा।** सैनिक कल्याण मंत्री गणेश जोशी ने आज खटीमा पहुंचकर सूबेदार स्व० शेर सिंह धामी की 6वीं पुण्यतिथि पर 09 अप्रैल को आयोजित होने वाले सैनिक सम्मान समारोह की तैयारियों के संबंध में कार्यक्रम स्थल का स्थलीय निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान सैनिक कल्याण मंत्री गणेश जोशी ने संबंधित अधिकारियों को सभी आवश्यक तैयारियां समय पर पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कार्यक्रम में आने वाले लोगों के बैठने, पेयजल एवं अन्य आवश्यक सुविधाओं की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया।



**■ खटीमा में 9 अप्रैल को आयोजित होगा सम्मान समारोह, कार्यक्रम स्थल का किया निरीक्षण**

इस अवसर पर सैनिक कल्याण मंत्री गणेश जोशी ने कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा खटीमा स्थित सीएसडी कैंटीन का भी लोकार्पण किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इससे क्षेत्र के पूर्व सैनिकों एवं उनके आश्रितों को सीधा लाभ मिलेगा और उन्हें आवश्यक सामग्री सुलभता से उपलब्ध हो सकेगी। सैनिक कल्याण मंत्री गणेश जोशी ने कहा कि सैनिक सम्मान समारोह शहीदों और पूर्व सैनिकों के सम्मान का महत्वपूर्ण अवसर है, जिसे गरिमामय ढंग से आयोजित किया जाएगा। उन्होंने कहा हमारी सरकार सैनिकों, पूर्व सैनिकों और उनके आश्रितों के कल्याण के लिए लगातार प्रयासरत है।

इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी दिवेश शाशनी संबंधित विभागीय अधिकारीगण एवं जनप्रतिनिधिगण उपस्थित रहे।







पंजाब नैशनल बैंक .......भरोसे का प्रतीक | pnb | punjab national bank ...the name you can BANK upon! (A GOVERNMENT OF INDIA UNDERTAKING)

एसएएमबी, दिल्ली, शाखा, चतुर्थ तल, 7वां भीकाजी कामा प्लेस, नई दिल्ली–110066
ईमेल : zs8343@pnb.bank.in

**बिक्री सूचना**
**अचल सम्पत्तियों की बिक्री हेतु**

**वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के साथ पठित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली 2002 के नियम 8(6) के परंतुक के तहत अचल आस्तियों की बिक्री हेतु ई–नीलामी बिक्री सूचना**

एतद्द्वारा सर्वसाधारण को और विशेष रूप से कर्जदार(रों) तथा गारंटर(रों) को सूचना दी जाती है कि प्रत्याभूत लेनदार के पास बंधक/प्रभारित अचल सम्पत्ति, जिसका प्रलक्षित/भौतिक/सांकेतिक कब्जा बैंक/प्रत्याभूत लेनदार के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा लिया जा चुका है, संबंधित कर्जदार(रों) तथा गारंटर(रों) की तरफ बैंक/प्रत्याभूत लेनदार की बकाया राशि की वसूली के लिए नीचे तालिका में वर्णित तिथि को **"जैसी है जहां है", जैसी है जो है" तथा "जो भी है वहां है"** आधार पर बेची जाएगी। सुरक्षित मूल्य तथा धरोहर राशि जमा नीचे तालिका में संबंधित सम्पत्ति के सामने वर्णितानुसार होगी।

**प्रतिभूत आस्तियों की अनुसूची**

| क्र. सं. | शाखा का नाम / खाते का नाम / कर्जदार का नाम एवं पता /गारंटर खाता | बंधक रखी अचल सम्पत्तियों का वर्णन/ स्वामी का नाम (सम्पत्ति बंधकदाता) | ए) सरफासी ऐक्ट, 2002 की धारा 13(2) के तहत मांग सूचना की तिथि बी) 01–02–2023 तक बकाया राशि सी) सरफासी ऐक्ट, 2002 के धारा 13(4) के तहत कब्जा की तिथि डी) कब्जा का प्रकार सांकेतिक/भौतिक/प्रलक्षित | ए) सुरक्षित मूल्य बी) ईएमडी (ईएमडी जमा की अंतिम तिथि एवं समय) सी) बोली वृद्धि राशि | ई–नीलामी की तिथि /समय | प्रतिभूत लेनदारों को ज्ञात ऋणभारों का विस्तृत विवरण | प्राधिकृत अधिकारी का नाम एवं सम्पर्क नंबर |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | एसएएम शाखा, दिल्ली / मैसर्स इस्पात अलॉयज (प्राइवेट) लिमिटेड / **मैसर्स इस्पात अलॉयज (प्राइवेट) लिमिटेड** पंजीकृत कार्यालय – 12, प्रथम तल, ईस्ट एंड एन्क्लेव, लक्ष्मी नगर, नई दिल्ली–110092 **श्री राजीव गुप्ता पता : (निदेशक एवं गारंटर)** बी–102, जनसत्ता अपार्टमेंट्स, सेक्टर–9, वसुंधरा, गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश–201012 **अन्य पता :** 12, प्रथम तल, ईस्ट एंड एन्क्लेव, लक्ष्मी नगर, नई दिल्ली–110092 **प्रशांत कुमार शर्मा (गारंटर)** लक्ष्मी विहार बहादराबाद, हरिद्वार–249402, **श्रीमती चारू गुप्ता (गारंटर), पता** – बी–102, जनसत्ता अपार्टमेंट, सेक्टर–9, वसुंधरा, गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश–201012 **श्री राकेश शर्मा (निदेशक एवं गारंटर),** 2386, छिप्पीवाड़ा जामा मस्जिद, दिल्ली–110006 **मैसर्स इस्पात उद्योग लिमिटेड सी/ओ मैसर्स इस्पात अलॉयज इंडिया प्राइवेट लिमिटेड** 12, प्रथम तल, ईस्ट एंड एन्क्लेव, लक्ष्मी नगर, नई दिल्ली–110092 **श्री राकेश शर्मा** (निदेशक एवं गारंटर), 12, प्रथम तल, ईस्ट एंड एन्क्लेव, लक्ष्मी नगर, नई दिल्ली–110092 श्री आरपी गुप्ता बी–102, जनसत्ता अपार्टमेंट, सेक्टर–9, वसुंधरा, गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश–201012 | सेल डीड के अनुसार, सम्पूर्ण द्वितीय तल सीलिंग लेवल तक, छत के अधिकार नहीं, क्षेत्रफल परिमाप 102.84 वर्ग मीटर, भू तल पर दो कार पार्किंग के साथ, खसरा नंबर 128 मिन के अंश रूप प्लॉट नंबर 29 पर निर्मित, म्युनिसिपल नंबर 1/1873–ए धारक सम्पत्ति का एक हिस्सा है, यह दिल्ली के मानसरोवर पार्क की आबादी में चंद्रावली उर्फ घ्शाहदरा गांव के एरिया में स्थित है, पूरी सम्पत्ति के नीचे भूमि का यथानुपात हिस्सा सहित, सम्पत्ति श्री राजीव गुप्ता के नाम पर है। चौहद्दी निम्नानुसार – पूरबः गली 10 फीट, पश्चिमः सड़क 15 फीट, उत्तरः सड़क 20 फीट, दक्षिणः प्लॉट नंबर 32 **(सांकेतिक कब्जा है)** | ए) 18–11–2014 बी) रू. 29.58 करोड़ + आगे ब्याज, अन्य प्रभार तथा खर्चे सी) 20–03–2015 डी) सांकेतिक कब्जा | ए) रू. 44.10 लाख बी) रू. 4.41 लाख (28–04–2026/पूर्वा. 10.00 बजे ) सी) रू. 0.50 लाख | 28–04–2026 पूर्वा. 11:00 बजे से अप. 04:00 बजे तक | ज्ञात नहीं | पवन सिंह यादव मोबाइल : 9717133327 |

**नियम तथा शर्तें :** विक्रय, प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली 2002 में निर्धारित नियमों तथा शर्तों और निम्नलिखित शर्तों के अधीन होगा : 1. सम्पत्तियां "जैसी हैं जहां हैं आधार" तथा **"जो है जैसी है आधार" तथा "जो भी है वहां है आधार"** पर बेची जा रहीं है। 2. यहां ऊपर तालिका में विनिर्दिष्ट प्रतिभू आस्तियों का विवरण प्राधिकृत अधिकारी की सर्वश्रेष्ठ जानकारी के अनुसार वर्णित किया गया है, परंतु प्राधिकृत अधिकारी इस उद्घोषणा में किसी त्रुटि, मिथ्याकथन अथवा विलोपन के लिए उत्तरदायी नहीं होंगे। 3. प्रतिभूत आस्ति सुरक्षित मूल्य से कम पर नहीं बेची जाएगी। पहली बोली सुरक्षित मूल्य से अधिक पर आरंभ की जानी चाहिए। 4. नीलामी अधोहस्ताक्षरी द्वारा वेबसाइट : **https://baanknet.com** पर उपलब्ध कराए गए ई–नीलामी प्लेटफार्म के माध्यम से उपरिवर्णित तिथि और समय पर संचालित की जाएगी। 5. बिक्री के विस्तृत नियमों एवं शर्तों के लिए कृपया देखें **(i) https://baanknet.com** एवं **(ii) https://pnb.bank.in/ (पूर्व पता : www.pnbindia.in)**

**सरफासी ऐक्ट, 2002 के नियम 8(6) के तहत कानूनी बिक्री नोटिस**

दिनांक : 06-04-2026, स्थान : दिल्ली | प्राधिकृत अधिकारी पंजाब नैशनल बैंक

# मंत्री सौरभ ने किया 217.33 लाख की लागत से निर्मित आईटीआई भवन का लोकार्पण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**उत्तरकाशी।** कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा ने कहा कि सीमांत जिलों के युवाओं को स्थानीय स्तर पर ही बेहतर तकनीकी शिक्षा और प्रशिक्षण उपलब्ध कराने के उद्देश्य से पीएम सेतु हब स्कोप मॉडल लागू किया गया है। वहीं प्रदेश में पहली बार डीएसटी मॉडल शुरू किया है,जिससे युवाओं को आधुनिक तकनीकी प्रशिक्षण का लाभ मिल रहा है। उन्होंने घोषणा करते हुए कहा कि उत्तरकाशी की आईटीआई को भी शीघ्र ही डीएसटी मॉडल से जोड़ा जाएगा।

मंगलवार को जिले के तीन दिवसीय भ्रमण के बाद उत्तरकाशी पहुंचे जिले के प्रभारी मंत्री सौरभ बहुगुणा ने जोशियाड़ा में 217.33 लाख रुपये की लागत से नव निर्मित राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) भवन का



लोकार्पण के दौरान कही । इस अवसर पर उन्होंने क्षेत्रवासियों को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आईटीआई से प्रशिक्षण प्राप्त करने वाला कोई भी छात्र अब डिग्री लेकर बेरोजगार नहीं रहेगा, बल्कि सरकार उन्हें स्वरोजगार और रोजगार से जोड़ने के लिए निरंतर कार्य कर रही है।

कैबिनेट मंत्री ने कहा कि उत्तरकाशी आईटीआई को सेंटर ऑफ एक्सीलेंस के रूप में विक. सित किया जाएगा, जिससे यहां के विद्यार्थियों को उन्नत तकनीकी प्रशिक्षण मिल सके। उन्होंने कहा कि बड़कोट की आईटीआई को पहले ही सेंटर ऑफ एक्सीलेंस के तहत टाटा टेक्नोलॉजी से जोड़ा जा चुका है,जिसका सकारात्मक प्रभाव देखने को मिल रहा है।

कैबिनेट मंत्री ने कहा कि आईटीआई जैसे संस्थान युवाओं को

**■ आईटीआई से प्रशिक्षण प्राप्त छात्र अब डिग्री लेकर बेरोजगार नहीं रहेगा: बहुगुणा**
**■ प्रदेश में पहली बार डीएसटी मॉडल शुरू कर युवाओं को दिया जा रहा आधुनिक तकनीकी प्रशिक्षण**

रोजगारपरक शिक्षा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार कौशल विकास को बढ़ावा देने के लिए लगातार प्रयासरत है, ताकि युवाओं को स्वरोजगार और रोजगार के बेहतर अवसर मिल सकें। उन्होंने कहा कि नए भवन के निर्माण से क्षेत्र के युवाओं को आधुनिक सुविधाओं के साथ प्रशिक्षण प्राप्त होगा और वे अपने भविष्य को बेहतर बना सकेंगे। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष रमेश चौहान,डीएम प्रशान्त आर्य,एसपी कमलेश उपाध्याय, सीडीओ जयभारत सिंह,विधायक सुरेश चौहान,दर्जा राज्य मंत्री प्रताप पंवार,जगत सिंह चौहान, जिलाध्यक्ष भाजपा नागेंद्र सिंह चौहान,प्रदेश उपाध्यक्ष भाजपा डॉ.स्वराज विद्वान,प्रदेश मीडिया प्रभारी भाजपा मनवीर चौहान, पूर्व विधायक विजयपाल सजवाण, केदार सिंह रावत, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष दीपक बिजल्वाण, ब्लॉक प्रमुख राजदीप परमार,ममता पंवार,जिला पंचायत सदस्य दीपेंद्र कोहली सहित अन्य अधिकारी एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

इससे पूर्व कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा का चिन्यालीसौड़, डुंडा में पार्टी कार्यकर्ताओं एवं स्थानीय ग्रामीणों ने जोरदार स्वागत किया गया है।

## राज्य आंदोलनकारियों के स्मारक भूमि चयन की उठाई मांग

**बड़कोट/ उत्तरकाशी।** बड़कोट तहसील में राज्य आंदोलनकारियों के सम्मान में स्मारक और कार्यालय के लिए भूमि चयन को लेकर कवायद तेज हो गई है।

जिले के भ्रमण पर आए कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा नगर पालिका बड़कोट के पूर्व अध्यक्ष एवं चिन्हित राज्य आंदोलनकारी के संरक्षक अतोल सिंह रावत ने ज्ञापन सौंपा है। उन्होंने बताया कि उत्तराखंड सरकार के कैबिनेट मंत्री एवं प्रभारी मंत्री सौरभ बहुगुणा ने जिलाधिकारी उत्तरकाशी को निर्देशित किया गया है कि चिन्हित राज्य आंदोलनकारियों के लिए बड़कोट तहसील परिसर में स्मारक एवं कार्यालय हेतु उपयुक्त स्थान का चयन किया जाए। रावत ने राज्य आंदोलनकारियों की ओर से मंत्री का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह निर्णय आंदोलनकारियों के सम्मान की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने आशा जताई कि जिला प्रशासन इस मांग को शीघ्र पूरा करेगा और इसमें किसी प्रकार की कमी नहीं छोड़ी जाएगी।

# पोस्टमार्टम के लिए विशेषज्ञ डॉक्टरों का पैनल पूरा नहीं होने पर रोष

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**श्रीनगर।** ज्योतिर्मठ क्षेत्र के एक व्यक्ति की हरियाणा पुलिस की अभिरक्षा में हुई मृत्यू का मामला थमने का नाम नहीं ले रहा है। मंगलवार को पोस्टमार्टम में विशेषज्ञों डॉक्टरों का पैनल पूरा न होने पर उत्तराखंड क्रांति दल के कार्यकर्ताओं और मृतक के परिजनों से करीब आधा घंटा राष्ट्रीय राजमार्ग को जाम रखा। बताते चले कि बीते रविवार को ज्योतिर्मठ क्षेत्र के मोलटा निवासी 65 वर्षीय बलवंत सिंह की हरियाणा पुलिस की अभिरक्षा में बेस चिकित्सालय श्रीनगर में उपचार के दौरान मौत हो गई थी। जिसके बाद मृतक के परिजन और स्थानीय लोगों द्वारा श्रीनगर कोतवाली पहुंचकर हरियाणा पुलिस के जवानों पर मुक. दमा दर्ज किए जाने की मांग की थी। पुलिस ने देर सांय मृतक के परिजनों और स्थानीय लोगों के दबाव के बाद गोपेश्वर थाना में हरियाणा पुलिस के जवानों के खिलाफ नामजद मुकदमा दर्ज किया गया। जिसके बाद मृतक का पंचायतनामा भरा गया। मंगलवार तक मृतक पोस्टमार्डम के लिए ले

**■ यूकेडी नेत्री और मृतक के परिजनों ने किया हाईवे जाम, आंधे घंटे बाद खुला**

> ''एम्स ऋषिकेश से दो विशेषज्ञ डॉक्टरों के पहुंचने के बाद मृतक का पोस्टमार्टम किया जा रहा है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही पता चल पायेगा की मृत्यू किसी कारण हुई है। विशेषज्ञ डॉक्टरों के पहुंचने के बाद मृतक के परिजन पुरी तरह से मान गये है।''
> **दीपक भंडारी, तहसीलदार, श्रीनगर गढ़वाल।**

गये तो बेस चिकित्सालय श्रीनगर में एक ही विशेषज्ञ डॉक्टर उपलब्ध हो पाया। जिसके चलते पोस्टमार्डम में देरी हो गई। इसके विरोध में यूकेडी की नेत्री सरस्वती देवी ने मेडिकल कॉलेज शवगृह के पास राष्ट्रीय राजामार्ग पर जाम लगा दिया। जिसके चलते दोनों तरफ वाहन बड़ी संख्या में लाइन में लगे दिखाई दिए। पुलिस के काफी समझाने के बाद और ऋषिकेश से विशेषज्ञ डॉक्टरों कि टीम पहुंचने की सूचना के करीब आधे घंटे बाद हाईवे को सुचारू किया गया।

# श्रीनगर व कीर्तिनगर में प्रवेश उत्सव, छात्रों का किया सम्मान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**श्रीनगर।** राजकीय इंटर कालेज मंजाकोट चौरास में प्रवेशोत्सव हर्षोल्लास से मनाया गया। इस अवसर पर प्रभारी प्रधानाचार्य योगेश बहुगुणा द्वारा अभिभावकों एवं नवीन छात्रों का स्वागत किया गया।

मौके पर नवीन प्रवेश लेने वाले छात्र-छात्राओं चन्द्र केशी, सन्जना, अरुण, शुभम, शिवांशू, प्रिन्सि, ललिता, शान्वी, आराधिका, दिव्यांशु, यश, आयुष आदि का स्वागत कर उन्हें पुरस्कृत किया गया। इस मौके पर प्रधानाचार्य योगेश बहुगुणा ने कहा कि विगत वर्षो में विद्यालय द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में कई उल्लेखनीय उपलब्धियाँ अर्जित की गयी एवं छात्र छात्राओं ने

**■ राइंका खण्डाह में छात्रों को दिए स्वस्थ रहने के टिप्स**


विभिन्न क्षेत्रों में सफलता प्राप्त की है। इस अवसर पर शिक्षक अभिभावक संघ के अध्यक्ष सूरजमणि भट्ट, एसएमसी अध्यक्षा दीपा देवी के साथ ही विद्यालय के शिक्षक डॉ. अशोक कुमार बडोनी, मनोज कुमार, पुष्पा चौहान, बसंती बुटोला आदि ने अपने विचार व्यक्त किए।

कार्यक्रम का सफल संचालन वीरेन्द्र सिंह भंडारी द्वारा किया गया। मौके पर विद्यालय के प्रधानाचार्य गोविंद नथवान, बीपी गौड़, महेश गिरी, कुंज बिहारी सकलानी, लक्ष्मी सेन सहित आदि मौजूद थे।

# श्रीनगर में वरिष्ठ सर्जन डा. केपी सिंह की तैनाती की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**श्रीनगर।** बेस अस्पताल श्रीकोट में कार्यरत वरिष्ठ सर्जन डॉ. केपी सिंह का पुन: राजकीय मेडिकल कॉलेज बेस टीचिंग हॉस्पिटल में नियुक्ति स्थानांतरण किए जाने की मांग को लेकर भाजायुमों के पूर्व उपाध्यक्ष डा. सुधीर जोशी स्वास्थ्य मंत्री सुबोध उनियाल से मिले। इस दौरान उन्होंने कैबिनेट मंत्री डा. सुबोध उनियाल को ज्ञापन प्रेषित करते हुए कहा कि गढ़वाल क्षेत्र के चार प्रमुख जिलों सबसा बड़ा बेस चिकित्सालय में प्रतिष्ठित सर्जन डॉ. केपी सिंह कार्यरत थे। जिनकी कार्यशैली व कार्य कुशलता के आम जनमानस मुरीद थे। कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को हो रही परेशानी का गहनता से परीक्षण करना और सर्जरी जैसे



**■ स्वास्थ्य मंत्री सुबोध उनियाल से मिले भाजायुमो के प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ. सुधीर**

जटिल कार्य को अपनी कार्यकुशलता से सम्पन्न करना डा. केपी सिंह के दैनिक दिनचर्या का हिस्सा रहा है। कहा कि प्रत्येक मरीज को चाहे वह गरीब तबके का हो या फिर कोई अन्य सबसे साथ इनका शालीनता पूर्वक व्यवहार और उपचार दोनों हमेशा से कारगर साबित हुए हैं। कहा कि पूर्व में जब बेस अस्पताल श्रीकोट से बेस टीचिंग मेडिकल कॉलेज में परिवर्तित हुआ तो उस दौरान विभाग द्वारा इन सभी चिकित्सकों से आवे. दन मांगा गया था। जिसके बाद वह मेडिकल कालेज श्रीनगर में. प्रोफेसर के पद पर कार्यरत रहें, लेकिन उसके बावजूद भी 06 जून 2022 को उनका स्थानांतरण चिकित्सा स्वास्थ्य में उत्तरकाशी कर दिया गया। कहा कि कोरोनाक. ाल में भी इनके द्वारा निरंतर आम जनमानस हित में अपनी सेवाएं प्रदान की गई थी। जिस कारण आम जनमानस इनके स्थानांतरण से बेहद आहत था। उन्होंने आम जनमानस कि मांग को देखते हुए वरिष्ठ सर्जन डा. केपी सिंह की पुन: राजकीय मेडिकल कॉलेज श्रीकोट में तैनाती एवं स्थानांतरण किए जाने की मांग की है।

## एक नजर .......

### नेटवाड़ में गेस्ट टीचर की संदिग्ध मौत, कमरे में मिला शव

**पुरोला ( उत्तरकाशी )।** तहसील मोरी के नेटवाड़ क्षेत्र में एक गेस्ट टीचर की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत का मामला सामने आया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, कुमारी मीरा (32 वर्ष), पुत्री जगत कुमार, जो कि राजकीय इंटर कॉलेज नेटवाड़ में गेस्ट टीचर के पद पर कार्यरत थीं, आज सुबह लगभग 10:00 बजे अपने कमरे में मृत अवस्था में पाई गईं। बताया जा रहा है कि मृतका का मूल निवास ग्राम सुनाली, तहसील पुरोला का है। हालांकि वास्तविक कारणों का खुलासा पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही हो पाएगा। घटना की सूचना मिलते ही थाना मोरी पुलिस मौके पर पहुंची और आवश्यक वैधानिक कार्रवाई शुरू की। थाना प्रभारी भगत राम नौटियाल ने बताया कि शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नौगांव भेज दिया गया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है और पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार किया जा रहा है।

### प्रो. अशोक पोखरियाल बने वाणिज्य विभाग के विभागाध्यक्ष

**श्रीनगर।** हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल विश्वविद्यालय में शैक्षणिक सुदृढ़ीकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए वरिष्ठ शिक्षाविद् प्रो. अशोक पोखरियाल को वाणिज्य विभाग का नया विभागाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। उनकी नियुक्ति से विश्वविद्यालय के वाणिज्य शिक्षा और शोध गतिविधियों को नई गति मिलने की उम्मीद जताई जा रही है। इस संबंध में विश्वविद्यालय के कुलसचिव अनीस-उज-जमाल द्वारा जारी अधिसूचना में बताया गया कि सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदन के उपरांत प्रो. पोखरियाल को यह जिम्मेदारी सौंपी गई है। वे आगामी तीन वर्षों तक अथवा अपनी सेवानिवृत्ति तक इस पद पर कार्यभार संभालेंगे। प्रो. अशोक पोखरियाल लंबे समय से वाणिज्य विषय में अध्यापन एवं शोध से जुड़े रहे हैं और उनकी शैक्षणिक योग्यता, प्रशासनिक अनुभव तथा विषय विशेषज्ञता को देखते हुए उन्हें वाणिज्य विभाग का विभागाध्यक्ष नियुक्त किया गया है।

### सूर्या पुरोहित दूसरी बार चुने गए यूथ कांग्रेस के जिलाध्यक्ष

**गोपेश्वर।** जनपद में युवा कांग्रेस के सांगठनिक चुनाव के परिणामों की घोषणा के साथ ही सूर्या पुरोहित ने एक बार फिर अपनी राजनीतिक पकड़ का लोहा मनवाया है। चार प्रत्याशियों के बीच हुए कड़े मुकाबले में भारी मतों से विजय प्राप्त कर सूर्या पुरोहित दूसरी बार यूथ कांग्रेस चमोली के जिलाध्यक्ष निर्वाचित हुए हैं। वर्तमान में नगर पालिका गोपेश्वर के पार्षद सूर्या पुरोहित का राजनीतिक ग्राफ लगातार बढ़ रहा है। इससे पूर्व वे गोपेश्वर महाविद्यालय के छात्रसंघ अध्यक्ष और छैन्प के प्रदेश महासचिव जैसे महत्वपूर्ण पदों पर रहकर छात्र हितों की लड़ाई लड़ चुके हैं। उनकी कार्यशैली और युवाओं के बीच उनकी लोकप्रियता को देखते हुए संगठन ने उन्हें एक बार फिर जिले की कमान सौंपी है। निर्वाचित होने के उपरांत सूर्या पुरोहित ने सभी समर्थकों और युवा साथियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह जीत उनकी नहीं, बल्कि चमोली के हर उस युवा की है जो बदलाव चाहता है।

### सट्टे की खाईबाड़ी करते दो आरोपी गिरफ्तार

**कोटद्वार ।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक पौड़ी सर्वेश पंवार के निर्देशानुसार जनपद में अवैध गतिविधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में कोटद्वार पुलिस द्वारा लगातार प्रभावी कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में दैनिक चेकिंग के दौरान कोटद्वार पुलिस टीम ने सट्टे की खाईबाड़ी करते हुए दो व्यक्तियों संजय यादव, उम्र-22 वर्ष, पुत्र धीरज सिंह, निवासी बकेश्वर, जिला इटावा, उ0प्र0 एवं मनीष सैनी, उम्र-23 वर्ष, पुत्र धनवीर, निवासी बीईएल रोड कोटद्वार को गिरफ्तार किया गया ।तलाशी के दौरान दोनों अभियुक्तों के कब्जे से कुल 8,610 रुपए नगद एवं सट्टा पर्चियां बरामद हुईं। इस संबंध में दोनों के विरुद्ध कोतवाली कोटद्वार में धारा 13 जुआ अधिनियम के अंतर्गत अभियोग पंजीकृत कर नियमानुसार वैधानिक कार्रवाई की गई।

# ऊखीमठ में धूमधाम से मनाया गया प्रवेश उत्सव

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ऊखीमठ।** विकासखंड के समस्त विद्यालयों में प्रवेश उत्सव हर्षोल्लास एवं उत्साह के साथ मनाया गया। नए शैक्षणिक सत्र के शुभारंभ अवसर पर विद्यालय परिसरों में रंगारंग कार्यक्रमों, स्वागत गीतों और प्रेरणादायक गतिविधियों का आयोजन किया गया, जिससे नौनिहालों में शिक्षा के प्रति उत्साह और उमंग देखने को मिली।

राजकीय इंटर कॉलेज ऊखीमठ में प्रवेश उत्सव का शुभारंभ उप शिक्षा अधिकारी तनुजा देवराड़ी ने किया। इस अवसर पर

**■ स्कूलों में 878 नौनिहालों ने लिया प्रवेश**

उन्होंने नवप्रवेशी छात्र-छात्राओं का तिलक लगाकर एवं पुष्पमालाओं के साथ स्वागत किया। उन्होंने अपने संबोधन में बच्चों को नियमित अध्ययन, अनुशासन एवं नैतिक मूल्यों को अपनाने के लिए प्रेरित करते हुए उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं । वहीं, जूनियर हाईस्कूल/प्राथमिक विद्यालय पाली फापंज में डायट रतूड़ा प्रवक्ता डॉ विनोद यादव एवं डॉ विजय कुमार चौहान ने संयुक्त रूप से प्रवेश उत्सव का शुभारंभ किया। उन्होंने बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के महत्व से अवगत कराते हुए विद्यालय में उपलब्ध सुविधाओं और शैक्षिक गतिविधियों की जानकारी दी। पूरे विकासखंड के प्राथमिक, उच्च प्राथमिक व माध्यमिक विद्यालयों में भी प्रवेश उत्सव को लेकर विशेष उत्साह देखने को मिला। शिक्षकों एवं अभिभावकों की भागीदारी के बीच नवप्रवेशी बच्चों का स्वागत पारंपरिक एवं नवाचारपूर्ण तरीकों से किया गया। इस वर्ष ऊखीमठ विकासखंड के राजकीय प्राथमिक विद्यालयो में 266, जूनियर हाईस्कूलों में 126 तथा माध्यमिक विद्यालयो 386 सहित सभी विद्यालयों में कुल 878 नौनिहालों ने प्रवेश लिया, जो शिक्षा के प्रति बढ़ती जागरूकता का सकारात्मक संकेत है। इस मौके पर प्रधानाचार्य विश्वनाथ बेजवाल, वीआरसी प्रज्ञा सेमवाल, प्रधानाध्यापक पुष्पा धिरवाण, कमला आर्य, नन्द किशोर नेगी, देवानंद गैरोला, सुनीता भण्डारी सहित 106 प्राथमिक विद्यालय, 30 जूनियर हाईस्कूल, 5 हाईस्कूल तथा 17 इन्टर कालेजों के अध्यापक व अभिभावक मौजूद थे।

## महाविद्यालय में साइंस क्विज व पोस्टर प्रतियोगिता आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कोटद्वार।** राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कोटद्वार के भौतिक विज्ञान विभाग के विभागीय परिषद के तत्वावधान में मंगलवार को साइंस क्विज तथा पोस्टर प्रतियोगिता आयोजित की गई। पोस्टर प्रतियोगिता का शीर्षक पर्यावरण सुरक्षा रखा गया था। जिनमें बीएससी पीसीएम तथा एमएससी फिजिक्स के छात्राओं ने प्रतिभाग किया। साइंस क्विज प्रतियोगिता में प्रथम स्थान आस्था केष्टवाल, द्वितीय व तृतीय स्थान क्रमश: शिखा व विवेक कुमार ने प्राप्त किया एवं सांत्वना पुरस्कार सृष्टि पांडे व सुहानी बिष्ट ने प्राप्त किया। पोस्टर प्रतियोगिता में सृष्टि पांडे, ज्योत्सना डबराल व आस्था केष्टवाल ने क्रमश: प्रथम द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किया एवं श्रुति रावत ने सांत्वना पुरस्कार प्राप्त किया। विभाग प्रभारी डॉ सुरभि मिश्रा ने इस अवसर पर छात्र-छात्राओं का उत्साह वर्धन करते हुए पूर्ण मनोयोग से प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग करने पर जोर दिया। इस अवसर पर भौतिक विज्ञान विभाग से रोशन सिंह, पृथ्वी पाल सिंह, दिनेश गुसाईं व उमेश बमोला उपस्थित रहे।

# लायंस क्लब डिग्निटी के अवदेश चमोली बने अध्यक्ष

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कोटद्वार।** लायंस क्लब डिग्निटी कोटद्वार के इतिहास में मंगलवार का दिन खास बन गया, जब क्लब की नई कार्यकारिणी का निर्विरोध गठन किया गया। यह चुनाव केवल औपचारिक प्रक्रिया नहीं रहा, बल्कि सदस्यों के बीच आपसी सद्भाव, विश्वास और एकता का मजबूत संदेश भी देता नजर आया। क्लब की आयोजित जनरल मीटिंग में आगामी सत्र के लिए अवदेश चमोली को अध्यक्ष, रोबिन सिंह को सचिव और हुकम सिंह नेगी को कोषाध्यक्ष चुना गया। वहीं, अरविंद बंसल को उपाध्यक्ष

**■ रोबिन सिंह बने सचिव**

की जिम्मेदारी सौंपी गई ।पूरी निर्वाचन प्रक्रिया शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न हुई, जो क्लब की मजबूत एकता और आपसी तालमेल को दर्शाती है।

इस मौके पर क्लब के वर्तमान अध्यक्ष प्रशांत रस्तोगी, सचिव आशीष अग्रवाल, कोषाध्यक्ष हितेश गोयल सहित कई वरिष्ठ सदस्य मौजूद रहे। वर्तमान अध्यक्ष प्रशांत रस्तोगी ने सभी नव-निर्वाचित पदाधिकारियों को बधाई देते हुए उनके सफल कार्यकाल की कामना की।

# केदारनाथ यात्रा को लेकर पार्किंग व्यवस्था मजबूत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रप्रयाग।** आगामी 22 अप्रैल से शुरू हो रही केदारनाथ धाम यात्रा 2026 को लेकर जिला प्रशासन ने व्यापक तैयारियां पूरी कर ली हैं। इस बार प्रशासन का विशेष फोकस पार्किंग और यातायात प्रबंधन पर है, ताकि बढ़ती श्रद्धालुओं की संख्या के बावजूद यात्रा सुगम और व्यवस्थित बनी रहे।

जिलाधिकारी विशाल मिश्रा के निर्देशन में तैयार की गई कार्ययोजना के तहत यात्रा मार्ग पर कुल 15 पार्किंग स्थलों को विकसित किया गया है। इन पार्किंग स्थलों का उद्देश्य वाहनों को सुव्यवस्थित ढंग से खड़ा कर यातायात को निर्बाध बनाए रखना है, जिससे यात्रियों को



**■ यात्रा मार्ग पर 15 पार्किंग स्थलों को किया गया विकसित, श्रद्धालुओं को मिलेगा सुगम सफर**

जाम जैसी समस्याओं का सामना न करना पड़े। प्रशासन द्वारा जनपद की 6 प्रमुख बड़ी पार्किंगों को विशेष रूप से विकसित किया गया है। इनमें गुलाबराय, अगस्तमुनि, सीता. पुर और सोनप्रयाग जैसे प्रमुख स्थल शामिल हैं, जहां पार्किंग क्षमता बढ़ाने के लिए विस्तार कार्य किए गए हैं। इन स्थानों पर बड़ी संख्या में वाहनों को समायोजित करने की व्यवस्था सुनिश्चित की गई है।

इसके अतिरिक्त, यात्रा मार्ग के विभिन्न हिस्सों में छोटी पार्किंग स्थलों का भी निर्माण और विकास किया गया है। इनका उद्देश्य यातायात के दबाव को विभाजित करना और किसी एक स्थान पर भीड़ को कम करना है, जिससे पूरी यात्रा के दौरान यातायात सुचारु रूप से चलता रहे। जिला पर्यटन अधिकारी राहुल चौबे ने जानकारी देते हुए बताया कि सभी पार्किंग स्थलों पर सुरक्षा, सुविधा और सुव्यवस्था का विशेष ध्यान रखा गया है। उन्होंने कहा कि इस बार की व्यवस्थाएं श्रद्धालुओं को बेहतर और सुगम यात्रा अनुभव प्रदान करेंगी।

# गांव की पगडंडियों से जंगल तक तलाश, फिर भी नहीं मिला 'पंकू'

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रप्रयाग।** जनपद के दूरस्थ बाड़व गांव में इन दिनों गहरा सन्नाटा और चिंता का माहौल पसरा हुआ है। गांव का चार वर्षीय मासूम मयंक उर्फ 'पंकू' पिछले चार दिनों से लापता है। मासूम के रहस्यमयी परिस्थितियों में अचानक गायब हो जाने से जहां परिवार गहरे सदमे में है, वहीं पूरे क्षेत्र में दहशत का माहौल बना हुआ है।

जानकारी के अनुसार बीते शनिवार को मयंक अपनी मां के पीछे-पीछे जंगल की ओर गया था। इसी दौरान वह अचानक नजरों से ओझल हो गया। परिजनों को पहले लगा कि बच्चा आसपास ही खेल रहा होगा, लेकिन काफी देर तक



**■ पांच दिनों से लापता है चार साल का मासूम**

कोई जानकारी न मिलने पर उनकी चिंता बढ़ गई। देखते ही देखते ग्रामीणों ने एकजुट होकर खेतों, पगडंडियों और जंगल के हर हिस्से में बच्चे की तलाश शुरू कर दी। सूचना मिलने पर पुलिस, एसडीआरएफ और डॉग स्क्वायड की टीमें भी मौके पर पहुंच गईं। बीते चार दिनों से लगातार सर्च ऑपरेशन चलाया जा रहा है, लेकिन अब तक मासूम का कोई सुराग नहीं लग पाया है। समय बीतने के साथ परिवार की चिंता और बेबसी बढ़ती जा रही है। मां का रो-रोकर बुरा हाल है, जबकि पिता हर आने-जाने वाले से अपने बच्चे के बारे में जानकारी की उम्मीद लगाए बैठे हैं। घटना ने कई सवाल खड़े कर दिए हैं। आशंका जताई जा रही है कि कहीं बच्चे को कोई जंगली जानवर तो नहीं उठा ले गया, या फिर यह मामला अपहरण से जुड़ा हो सकता है। हालांकि, फिलहाल किसी भी संभावना की पुष्टि नहीं हो पाई है। गांव के बुजुर्गों का कहना है कि उन्होंने इस तरह की घटना पहले कभी नहीं देखी। पूरे गांव में भय और अनिश्चितता का माहौल है। हर किसी की निगाहें रास्तों पर टिकी हैं, इस उम्मीद के साथ कि शायद मयंक सकुशल वापस लौट आए। पूर्व जिला पंचायत सदस्य नरेंद्र बिष्ट ने प्रशासन की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए कहा कि पांच दिनों बाद भी बच्चे का कोई पता नहीं चल पाना चिंता का विषय है। उन्होंने खोजबीन में तेजी लाने की मांग की है।वहीं, जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी नंदन सिंह रजवार ने बताया कि आपदा प्रबंधन की टीम, पुलिस और अन्य एजेंसियां लगातार जंगलों में सर्च ऑपरेशन चला रही हैं। हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं ताकि बच्चे का जल्द से जल्द पता लगाया जा सके। मासूम मयंक की तलाश अब केवल एक खोज अभियान नहीं रह गई है, बल्कि पूरे क्षेत्र की संवेदनाओं और उम्मीदों की कसौटी बन चुकी है।

## प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना के तहत करवाएं रजिस्ट्रेशन

**कोटद्वार ।** डॉ पीतांबर दत्त बड़थ्वाल हिमालयन राजकीय स्नातकोत्तर प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजनार महाविद्यालय, कोटद्वार में प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना हेतु छात्र छात्राओं को प्रोत्साहित कर रजिस्ट्रेशन कराया गया । स्नातक षष्ठम सेम एवं स्नातकोत्तर चतुर्थ सेम के 120 छात्र छात्राओं ने रजिस्ट्रेशन कराया । इस अवसर पर महाविद्यालय के ऊर्जावान एवं यशस्वी प्राचार्य ने छात्र छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना विद्यार्थियों के लिए एक अत्यंत महत्वपूर्ण पहल है, जो उन्हें व्यावहारिक अनुभव के साथ-साथ रोजगारपरक कौशल विकसित करने का अवसर प्रदान करती है।

# टनल में मिट्टी धंसने से मचा हड़कंप, बाल-बाल बचे श्रमिक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रप्रयाग।** जनपद में निर्माणाधीन ऋषिकेश-कर्णप्रयाग रेलवे प्रोजेक्ट के तहत बीती सोमवार रात एक टनल में अचानक मिट्टी धंसने से अफरा-तफरी का माहौल बन गया। गनीमत रही कि इस घटना में कोई जनहानि नहीं हुई और समय रहते स्थिति पर काबू पा लिया गया।

जानकारी के अनुसार, पुलिस चौकी जवाड़ी से लगभग 1.5 किलोमीटर की दूरी पर स्थित इमरजेंसी टनल 7बी पैकेज में निर्माण कार्य के दौरान देर रात करीब 11:30 बजे टनल के अंदर अचानक मिट्टी का धंसाव हो गया। घटना के बाद मौके पर मौजूद



**■ ऋषिकेश कर्णप्रयाग रेलवे प्रोजेक्ट की इमरजेंसी टनल 7बी में हुआ हादसा**

श्रमिकों और कर्मचारियों में कुछ समय के लिए हड़कंप मच गया।

पुलिस उपाधीक्षक विकास पुण्डीर ने बताया कि घटना की सूचना मिलते ही संबंधित एजेंसियां सतर्क हो गईं। वहीं, निर्माण कार्य देख रही कंपनी के जनसंपर्क अधिकारी महेश भट्ट के अनुसार, इस हादसे में किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई है और सभी श्रमिक सुरक्षित हैं। कंपनी की तकनीकी टीम ने मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया और तत्काल मरम्मत कार्य शुरू कर दिया है। फिलहाल टनल में कार्य सामान्य रूप से संचालित किया जा रहा है। प्रशासन और कंपनी की ओर से लोगों से अपील की गई है कि इस घटना को लेकर किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न दें और केवल आधिकारिक जानकारी पर ही भरोसा करें।

# स्कूलों में प्रवेशोत्सव के तहत 67815 नए छात्रों ने लिया दाखिला

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** विद्यालयी शिक्षा विभाग के अंतर्गत माध्यमिक एवं प्राथमिक विद्यालयों में 'स्कूल चलो अभियान' के तहत आयोजित 'प्रवेशोत्सव' धूमधाम से मनाया गया। इस विशेष अभियान के तहत प्रदेशभर के राजकीय एवं अशासकीय विद्यालयों में कक्षा 01 से 12 तक 67815 नये बच्चों को दखिला दिया गया। साथ ही नव प्रवेशित छात्र-छात्राओं का फूल-मालाओं से स्वागत कर उन्हें नई पाठ्यपुस्तकें भी वितरित की गई।

प्रदेश के विद्यालयी शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने बतौर मुख्यातिथि वर्चुअल माध्यम से जुड़कर 'प्रवेशोत्सव' कार्यक्रम का शुभारंभ कर नव प्रवेशित बच्चों का उत्साहवर्द्धन किया साथ ही उन्होंने शत-प्रतिशत नामांकन सुनिश्चित करने के लिये विभागीय अधिकारियों को निर्देश भी दिये।

विद्यालयी शिक्षा विभाग के अधिकारियों के मुताबिक मंगलवार को प्रदेशभर के विद्यालयों में आयोजित 'प्रवेशोत्सव' कार्यक्रम में कक्षा 01 से लेकर कक्षा 12 तक 67815 नये छात्र-छात्राओं को प्रवेश दिया गया है। जिसमें प्राथमिक स्तर पर 24381 छात्र-छात्राओं ने विद्यालयों में प्रवेश लिया। इसी प्रकार उच्च प्राथमिक स्तर पर 31008 तथा माध्यमिक स्तर पर 12426 छात्र-छात्राओं को विभिन्न विद्यालयों में प्रवेश दिया गया। जिसमें प्राथमिक शिक्षा में कक्षा-1 में 20405 छात्र-छात्राओ, कक्षा-2 में 1447, कक्षा-3 में 958, कक्षा-4 में 849 तथा कक्षा-5 में 722 छात्र-छात्राएं शामिल है। इसी प्रकार उच्च प्राथमिक के अंतर्गत कक्षा-6 में 28676, कक्षा-7 में 1219 तथा कक्षा-8 में 1113 छात्र-छात्राएं शामिल है। माध्यमिक स्तर पर कक्षा-9 में 11859, कक्षा-10 में 278, कक्षा-11 में 233 तथा कक्षा-12 में 56 छात्र-छात्राओं ने विभिन्न विद्यालयों में प्रवेश लिया। विभिन्न विद्यालयों में आयोजित प्रवेशोत्सव कार्यक्रम में नवप्रवेशित छात्र-छात्राओं का फूल-मालाओं से स्वागत किया गया साथ ही उन्हें नि:शुल्क पाठ्य पुस्तकें भी वितरित की गई।



■ नव प्रवेशित बच्चों का फूल-मालाओं से स्वागत, मिली नि:शुल्क किताबें ■ विभागीय मंत्री डॉ. रावत ने नव प्रवेशित बच्चों को दी शुभकामनाएं

### शिक्षा से वंचित न रहे कोई भी नौनिहाल:डा. रावत



राजकीय विद्यालयों में आयोजित प्रवेशोत्सव के शुभारंभ अवसर पर सूबे के विद्यालयी शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने वुर्चअल माध्यम से नवप्रवेशित बच्चों का उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि राज्य सरकार की प्राथमिकता प्रत्येक बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराना है। इसके लिये सरकार नई शिक्षा नीति-2020 के अनुरूप विद्यालयों में बेहतरीन शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध करा रही है। सभी राजकीय विद्यालयों में मूलभूत सुविधाओं के साथ ही स्कूलों का डिजिटलाइजेशन किया जा रहा है। इसके अलावा विद्यालयों में शिक्षकों की कमी को दूर कर स्थाई शिक्षकों की नियुक्ति की जा रहा है। उन्होंने बताया कि नये शिक्षा सत्र के आरम्भ होने पर प्रत्येक विद्यालयों में छात्र-छात्राओं को नि:शुल्क पाठ्य पुस्तकें उपलब्ध कराई गई जो कि सरकार की बड़ी उपलब्धि है। डॉ. रावत ने विभागीय अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि 'स्कूल चलो अभियान' के तहत शत-प्रतिशत नामांकन सुनिश्चित किया जाए ताकि कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित न रहे। साथ ही उन्होंने शिक्षकों एवं शिक्षा विभाग के कार्मिकों से अपील करते हुये कहा कि वे घर-घर जाकर अभिभावकों को प्रेरित करें और बच्चों को विद्यालय से जोड़ने में सक्रिय भूमिका निभाएं। उन्होंने कहा कि सामूहिक प्रयासों से ही शिक्षा के क्षेत्र में सकारात्मक परिवर्तन संभव है। डॉ. रावत कहा कि प्रवेशोत्सव कार्यक्रम का उद्देश्य अधिक से अधिक बच्चों को विद्यालयों से जोड़ना है और ड्रॉपआउट दर को कम करना है।

# भाजपा नेताओं को शामिल करने का कांग्रेसी दावा हास्यास्पद: चौहान



■ हरदा के कोपभवन में जाने के बाद बढ़ा गुटीय संघर्ष, ध्यान भटकाने को अध्यक्ष फैला रहे शिगूफा

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** भाजपा ने कांग्रेस नेताओं के पार्टी मे बड़े पैमाने पर दूसरे दलों के नेताओं के शामिल होने को हास्यास्पद और पार्टी मे चल रहे घमासान से ध्यान भटकाने की कोशिश बताया है।

प्रदेश मीडिया प्रभारी मनवीर सिंह चौहान तंज किया कि कांग्रेस की असलियत वह व्यक्ति भी जानता है जिसका राजनीति से कोई सरोकार नही है। डूबते जहाज मे कोई सवार नही होना चाहता है। कांग्रेस पर

उनके कार्यकर्ताओं को भी यकीन नही है। घर की लड़ाई से ध्यान भटकाने का यह बहुत पुराना तरीका है।

उन्होंने गोदियाल के भाजपा नेताओं के शामिल होने के दावे प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि वह पार्टी मे मचे घमासान को रोकने मे असफल साबित अथवा इसमें शामिल हैं और अब नये लोगों के जुड़ने का दावा कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा की रीति नीति और सिद्धांत का अनुपालन करने वाले व्यक्ति का भाजपा से जुड़ाव संभव नही और फिर वह किसी भी दल मे रहे भाजपा इसकी परवाह नही करती है। जहाँ तक पार्टी छोड़ने का प्रश्न है तो इसमें चिंतित कांग्रेस ही है। क्योंकि कई लोग पार्टी छोड़ने मंशा रखते हैं और कुछ नेता कोप भवन मे अवकाश पर चल रहे हैं। ऐसे मे मान मनोब्बल के लिए हाई कमान की ओर देख रहे अध्यक्ष का बड़े भाजपा नेताओं को शामिल करने का दावा पूरी तरह से हास्यास्पद ही है।

चौहान ने कहा कि कांग्रेस को दोबारा पार्टी मे फिर बिखराव की चिंता भी है। वह अपने कार्यकर्ताओ को एकजुट रखने के लिए भ्रम का वातावरण भी बना रही है। कांग्रेस के विधायक खुलेआम सामूहिक इस्तीफे की धमकी दे रहे हैं। वहीं कई बड़े नेताओं के बीच हरदा के कोपभवन मे जाने के बाद शीतयुद्ध चल रहा हैं। एक ओर एकजुटता के दावे और दूसरी ओर किसी के आने जाने से कोई फर्क नही जैसी प्रतिक्रिया चुनाव प्रबंधन समिति के अध्यक्ष की ओर से आ रही है। ऐसे मे तय है कि कुछ लोग कांग्रेस से आजिज आ चुके हैं और इस मंशा को भांपकर कांग्रेस अध्यक्ष भ्रामक शिगूफा छेड़ रहे है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस को किसी तरह से भ्रम मे रहने की जरूरत नही है, क्योंकि जनता ने अपना मन बना लिया है और मिशन 2027 मे भाजपा सीएम पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व मे हैट्रिक बनायेगी।

# 'ऑपरेशन प्रहार': पब और बार पर एसएसपी की सीधी नजर

■ प्रतिष्ठानों पर लगातार रखी जा रही सतर्क दृष्टि

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** राजधानी में कानून-व्यवस्था को और अधिक मजबूत करने तथा आपराधिक गति. विधियों पर नकेल कसने के लिए एसएसपी की सख्ती का बड़ा असर दिखने लगा है। 'ऑपरेशन प्रहार' के तहत पुलिस ने शहर के पब, बार और होटलों पर अपनी डिजिटल निगरानी बढ़ा दी है। एसएसपी के निर्देशों के बाद अब तक 50 प्रमुख प्रतिष्ठानों के स्वामियों ने अपने सीसीटीवी कैमरों का सीधा एक्सेस पुलिस कंट्रोल रूम को उपलब्ध करा दिया है।

एसएसपी ने पूर्व में जनपद के सभी पब, बार, होटल और रेस्टोरेंट संचालकों के साथ बैठक कर स्पष्ट निर्देश दिए थे कि सुरक्षा की दृष्टि से उनके प्रवेश और निकास द्वारों (एंट्री व आउटर पॉइंट्स) पर लगे कैमरों की फीड पुलिस के साथ साझा की जाए। इसी क्रम में गठित विशेष टेक्निकल टीम ने संचालकों के साथ समन्वय स्थापित कर अब तक 50 स्थानों को पुलिस निगरानी तंत्र से जोड़ दिया है। अब पुलिस कंट्रोल रूम के माध्यम से इन प्रतिष्ठानों पर लगातार सतर्क दृष्टि रखी जा रही है। एसएसपी का मानना है कि इस पहल से न केवल नियमों का उल्लंघन करने वालों पर अंकुश लगेगा, बल्कि किसी भी घटना के घटित पर पुलिस तत्काल कार्रवाई और जांच सुनिश्चित कर सकेगी। यह कदम सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने और आपराधिक गतिविधियों की रोकथाम में मील का पत्थर साबित होगा।

# प्रदेश के युवा एवं बाल साहित्यकारों को प्रोत्साहित करने के लिए करें विशेष प्रयास : खजान दास



■ प्रदेश के भाषा विभाग के मंत्री ने की समीक्षा बैठक

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** प्रदेश के भाषा विभाग के मंत्री खजान दास ने विधान सभा स्थित सभागार कक्ष में विभागीय अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की।

बैठक में मंत्री ने भाषा विभाग के कार्यों की विस्तार से जानकारी प्राप्त की तथा संबंधित अधिकारियों को विभिन्न बिन्दुओं पर आवश्यक दिशा-निर्देश दिये।

मंत्री ने कहा कि भाषा विभाग राजभाषा हिन्दी, उत्तराखण्ड की क्षेत्रीय बोलियों को विकसित करने एवं उर्दू, पंजाबी भाषाओं को संवर्द्धित करने, प्राचीन साहित्य को संरक्षित रखते हुए विश्व स्तरीय सम्मानित एवं सर्वाधिक प्रचलित व प्रयोग में लाई जाने वाली भाषाओं के समकक्ष लाने के लिए अच्छा कार्य कर रहा है अधिकारियों को चाहिए कि वे और बेहतर कार्य करें। उन्होंने कहा कि भाषा विभाग प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के सपनों के अनुसार नवाचार पर अधिक बल दें। प्रदेश के युवा एवं बाल साहित्यकारों को प्रोत्साहित करने के लिए विशेष प्रयास किये जाएं। मंत्री ने अधिकारियों से कहा कि भाषा विभाग के अंतर्गत किये जाने वाले कार्यों के लिए विभागीय बजट का बढ़ाया जाना अति आवश्यक है लिहाजा विभागीय अधिकारी उत्तराखण्ड भाषा विभाग के ढांचे, विभाग के अंतर्गत होने वाले प्रशिक्षण शिविरों के आयोजन, भाषा अध्ययन केन्द्रों की स्थापना, पुस्तक मेलों के आयोजन, साहित्य ग्राम की स्थापना, साहित्य कल्याण कोष एवं बुजुर्ग साहित्यकारों को पेंशन योजना से आच्छादित करने के लिए बजट प्रस्ताव तैयार करें। मंत्री ने अधिकारियों से कहा कि प्रदेश के गढ़वाल, कुमांऊ व जौनसार बावर क्षेत्र में विभिन्न अवसरों पर होने वाले पौराणिक गायनों का अभिलेखिकरण एवं दस्तावेजीकरण अति आवश्यक है लिहाजा अधिकारी जौनसार बावर क्षेत्र में पौराणिक काल से प्रचलित पंडवाणी गायन बाकणा जो विलुप्ति के कगार पर है सहित गढ़वाल व कुमांऊ के प्रचलित पौराणिक गायनों के अभिलेखिकरण एवं दस्तावेजीकरण के लिए संबंधित क्षेत्रों में आयोजित होने वाले मेलों व कार्यक्रमों में जाकर स्थलीय निरीक्षण करें। इस अवसर पर भाषा विभाग से सचिव उमेश नारायण पाण्डेय, अपर सचिव मायावती डकरियाल, निदेशक जसविन्दर कौर एवं अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## एक नजर .......


### दूनवासियों से आज रूबरू होंगे अंतरिक्ष यात्री - ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला



**देहरादून।** भारतीय वायु सेना के विशिष्ट फाइटर पायलट और इसरो के गगनयान मिशन के अंतरिक्ष यात्री ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला बुधवार को दून पुस्तक महोत्सव के लिटरेचर फेस्ट में मुख्य वक्ता के रूप में शामिल होंगे। वे अंतरिक्ष मिशन में अपने अनुभव, अंतरिक्ष विज्ञान की संभावनाओं पर विचार रखेंगे तथा अंतरिक्ष के क्षेत्र में रुचि रखने वाले युवाओं से संवाद करेंगे। भारत के सर्वोच्च शांतिकालीन पुरस्कार अशोक चक्र से सम्मानित और एक्सिओम मिशन 4 से जुड़े शुभांशु शुक्ला, भारतीय अंतरिक्ष यात्री राकेश शर्मा के बाद अंतरिक्ष में जाने वाले दूसरे भारतीय हैं। शुभांशु शुक्ला बुधवार को दून पुस्तक महोत्सव में प्रात: 11.00 बजे से दूनवासियों से रूबरू होंगे। एन.बी.टी. के निदेशक युवराज मलिक इस सत्र का संचालन करेंगे।

### रौतेला ने मीडिया सलाहकार समिति के उपाध्यक्ष का पदभार किया ग्रहण

**देहरादून।** ध्रुव रौतेला ने मंगलवार को सचिवालय में मीडिया सलाहकार समिति के उपाध्यक्ष का पदभार ग्रहण किया। इस दौरान उन्होंने सचिव सूचना शैलेश बगौली से भी भेंट की। ध्रुव रौतेला ने कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर धामी के नेतृत्व में राज्य सरकार प्रदेश के समग्र विकास के प्रति निरंतर प्रयासरत है। सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का प्रभावी प्रचार-प्रसार सुनिश्चित करना हमारी प्राथमिकता होगी, ताकि हर पात्र व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंच सके। मीडिया सलाहकार समिति के उपाध्यक्ष ध्रुव रौतेला ने कहा कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में राज्य में मीडिया व पत्रकार बंधुओं के कल्याण, उनकी समस्याओं के समाधान तथा उनके हितों की रक्षा को विशेष प्राथमिकता दी जा रही है। उन्होंने कहा कि मीडिया एवं सरकार के मध्य बेहतर समन्वय से राज्य सरकार द्वारा जनहित में लिये गये निर्णयों एवं नीतियों का लाभ समाज के अन्तिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक पहुंचाने में भी और अधिक सफलता मिल सकेगी।



# चार धाम यात्रा मार्गों पर स्वास्थ्य सुविधाएं करें चाक चौबंद : उनियाल

■ प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री सुबोध उनियाल ने आगामी चारधाम यात्रा के मद्देनजर स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के साथ गहन समीक्षा



**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री सुबोध उनियाल ने आगामी चारधाम यात्रा के मद्देनजर स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के साथ गहन समीक्षा बैठक की।

स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि चारधाम यात्रा मार्गों पर स्वास्थ्य परीक्षण के लिए स्थापित परीक्षण केन्द्रों का निरीक्षण कर उन्हें उचित सुविधाओं से परिपूर्ण किया जाए, साथ ही इन केन्द्रों पर स्थित एम्बुलेंस की फिटनेस का भी परीक्षण कर लिया जाए। उन्होंने चारधाम कन्ट्रोल रूम पर ईसीजी की व्यवस्था के लिए पोर्टेबल मशीनों की व्यवस्था करने के भी निर्देश दिये। स्वास्थ्य

मंत्री ने कहा कि इस चारधाम यात्रा से हम श्री बद्रीनाथ तथा श्री केदारनाथ स्थित हॉस्पिटल का परिचालन शुरू करने जा रहे हैं। स्वास्थ्य

मंत्री ने जांच केन्द्रों की संख्या बढ़ाने के भी निर्देश दिये, साथ ही सीएमओ को एलर्ट मोड पर रहकर कार्य करने के निर्देश दिये।इस अवसर पर सचिव चिकित्सा स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा सचिन कुर्वे, महानिदेशक सुनीता टम्टा, एमडी मनोज गोयल, निद. ेशक शिखा जंगपांगी तथा सभी जिलों के सीएमओ एवं अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

### कहा, सरकारी अस्पताल को रेफरल अस्पताल का तगमा खत्म करना होगा

स्वास्थ्य मंत्री ने जिलेवार स्वास्थ्य उपकरणों की भी जानकारी प्राप्त की। उन्होंने सभी जिलों के सीएमओ को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि सफाई के मामले में कोई कोताही नहीं बरती जायेगी। किसी भी तरह की कमी पायी जाने पर सीएमओ की जवाबदेही तय की जायेगी। उन्होंने कहा कि सरकारी अस्पताल को रेफरल अस्पताल का तगमा खत्म करना होगा। इस संबंध में भी कड़ी कार्यवाही करने की जरूरत है। गुणवत्ता के मामले में कोई समझौता नहीं किया जायेगा। मंत्री ने जनपदवार विशेषज्ञ डॉक्टरों की जानकारी प्राप्त करते हुए कहा कि विशेषज्ञ डॉक्टर अपनी विशेषज्ञता के अनुसार अपने दायित्वों का ईमानदारी से निर्वहन करें।

### मरीज का सम्पूर्ण इलाज करना हमारी प्राथमिकता

स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि मशीनों का सदुपयोग हो तथा सरकारी पैसे के दुरूपयोग न हो इसके लिए भी कार्यप्रणाली में सुधार की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि हमारी प्राथमिकता मरीज का सम्पूर्ण ईलाज करना है। उन्होंने सभी डॉक्टरों को बेहतर कार्य कर उदाहरण प्रस्तुत करने हेतु निर्देशित किया।

# विश्व स्वास्थ्य दिवस पर रैली निकाल कर ग्रामीणों को किया जागरूक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर 7 अप्रैल 2026 को सिद्धार्था नर्सिंग एजुकेशन एंड रिसर्च इंस्टीट्यूट, देहरादून के छात्र-छात्राओं और समस्त फैकल्टी द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में एक जागरूकता रैली का भव्य आयोजन किया गया।




विश्व स्वास्थ्य संगठन की थीम स्वास्थ्य के लिए एकजुट विज्ञान के साथ खड़े रहें। इस दौरान संस्थान ने लोगों को बेहतर स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया। जागरूकता अभियान के तहत छात्र-छात्राओं ने राजकीय प्राथमिक विद्यालय डांडा लखौंड और प्राथमिक विद्यालय खैरी का भ्रमण किया। यहाँ विद्यार्थियों ने आकर्षक श्स्किटश (लघु नाटिका) के माध्यम से स्कूली बच्चों और उनके अभिभावकों को स्वास्थ्य एवं स्वच्छता से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां प्रदान कीं। इस अवसर पर संस्थान के चेयरमैन दुर्गा वर्मा ने प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम के दौरान संस्थान के प्रधानाचार्या अनिल कुमार सहित समस्त नर्सिंग फैकल्टी और बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# विशेष सत्र, महिला सशक्तिकरण के प्रति मोदी सरकार की प्रतिबद्धता: भट्ट



■ महिला आरक्षण 2029 से लागू करने के मकसद से विशेष सत्र जरूरी, स्वागत योग्य

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद महेंद्र भट्ट ने महिला आरक्षण को लेकर विशेष सत्र का स्वागत करते हुए, महिला सशक्तिकरण के लिए सरकार की प्रतिबद्धता बताया है। उन्होंने विपक्ष को आईना दिखाते हुए कहा जो लोग 2029 में आरक्षण लागू करने की मांग करते थे वहीं आज इसकी टाइमिंग एवं प्रयोजन को लेकर अफवाह फैलारहे हैं। जबकि पीएम मोदी ने स्पष्ट किया है कि किसी की सीटें कम नहीं होंगी बल्कि आनुपातिक रूप में संख्या का बढ़ना निश्चित है। साथ ही शुभ कार्य की टाइमिंग के लिए आपत्ति उचित नहीं होती है।

उन्होंने मीडिया के माध्यम से जारी अपनी प्रतिक्रिया में कहा, पीएम मोदी के नेतृत्व में एनडीए सरकार लगातार महिला सशक्तिकरण की दिशा में ऐतिहा. सिक निर्णय ले रही है। जिसके क्रम में महिलाओं को निर्वाचित जन प्रतिनिधित्व वाली शीर्ष संस्थाओं में यथोचित अधिकार सुनिश्चित करना भी है। नारी शक्ति वंदना अधिनियम के माध्यम से मोदी सरकार ने देश की आधी आबादी को उसका पूरा अधिकार दिलाने का प्रयास किया है। चूंकि इस आरक्षण की प्रक्रिया को 2029 में ही प्रारंभ करने की दृष्टि से सरकार द्वारा ये विशेष सत्र बुलाया गया है जो बहुत ही स्वागत योग्य निर्णय है।

उन्होंने सरकार के रुख को स्पष्ट करते हुए कहा है कि लोकसभा और विधानसभा में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देने का फैसला उनकी ही सरकार ने किया है। बजट सत्र को पूरा करने के बजाय उसका विस्तार किया गया है ताकि संसद 16, 17 और 18 अप्रैल को तीन दिन इस महत्वपूर्ण कानून पर चर्चा करे। इसका मकसद है महिला आरक्षण से जुड़े कानून के शीघ्र अमल के लिए में जरूरी संशोधन प्रक्रिया पूरी करना, ताकि इसका लाभ तय समय पर मिल सके। मोदी सरकार का प्रयास है कि साल 2029 में होने वाले लोकसभा चुनाव से इसका लाभ मिलना शुरू हो जाए। 33 प्रतिशत बहनें संसद में पहुंचें और जनप्रति. निधि बनें, इसके लिए सभी जरूरी कानूनी प्रावधान पूरे करने के लिए ही संसद का विशेष सत्र बुलाया जा रहा है।

उन्होंने विपक्ष पर आरोप लगाया कि वो कल तक इस कानून को शीघ्र लागू करने को आसमान सर पर उठाए हुए थे और आज सीटों के परिसीमन को लेकर आशंका से इस कानून को लेकर अफवाह फैला रहे हैं। जबकि डिलिमिटेशन को लेकर उठ रही सभी आशंकाओं को पीएम मोदी और सरकार पहले ही स्पष्ट कर चुकी है कि किसी भी राज्य की सीटें कम नहीं होंगी। जबकि इस कानून के तहत महिलाओं के लिए अतिरिक्त सीटों का प्रावधान किया जाएगा।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक एस.एन. राना द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 63/9 ई-राजपुर रोड देहरादून से प्रकाशित।

**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
**स्थानीय सम्पादक**
**चेतन गुरूंग**
**देहरादून कार्यालय 63/9 ई-राजपुर रोड देहरादून**
☎0135-2743363
**R.N.I. No.UTT HIN 2001/05656**
मोबाइल-9720007290
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# हेली बुकिंग फ्रॉड पर रुद्रप्रयाग पुलिस का कड़ा प्रहार

■ 265 डिजिटल माध्यमों पर कार्रवाई ■ केदारनाथ यात्रा को सुरक्षित बनाने की दिशा में बड़ा कदम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रप्रयाग।** केदारनाथ धाम यात्रा को लेकर पुलिस ने साइबर अपराधियों के खिलाफ बड़ा अभियान चलाया है। हेली टिकट बुकिंग के नाम पर श्रद्धालुओं से ठगी करने वाले गिरोहों पर सख्ती बरतते हुए अब तक कुल 265 वेबसाइट्स, बैंक खाते, फेसबुक पेज, इंस्टाग्राम अकाउंट और मोबा. इल नंबरों पर कार्रवाई की गई है।

जनपद में प्रतिवर्ष होने वाली केदारनाथ यात्रा से पहले ही साइबर ठग सक्रिय हो गए थे। ये ठग हेलीकॉप्टर सेवाओं के नाम पर फर्जी वेबसाइट, फेसबुक पेज और इंस्टाग्राम अकाउंट बनाकर श्रद्धालुओं को लुभावने ऑफर देकर ठगी कर रहे थे। कई श्रद्धालु इनके झांसे में आकर अपनी मेहनत की कमाई गंवा चुके हैं। मुख्यमंत्री के निर्देशों पर पुलिस अधीक्षक नीहा. रिका तोमर द्वारा "साइबर फ्रॉड कॉम्बैट फोर्स" का गठन किया गया, जिसने तेजी से कार्रवाई करते हुए डिजिटल प्लेटफॉर्म्स पर सक्रिय ठगों के नेटवर्क को तोड़ने का काम किया है।

पुलिस द्वारा चिन्हित किए गए 111 फेसबुक पेजों में से 106 पेज हटवाए जा चुके हैं, जबकि 16 इंस्टाग्राम अकाउंट्स को संदिग्ध गतिविधियों के चलते रिपोर्ट किया गया है। इन सभी की विस्तृत जांच जारी है। साइबर ठगी में प्रयुक्त 110 मोबाइल नंबरों में से 55 नंबर ब्लॉक कर दिए गए हैं, जबकि शेष नंबरों को ब्लॉक करने की प्रक्रिया जारी है। इन नंबरों की जानकारी संबंधित टेलीकॉम कंपनियों और व्हाट्सएप को उपलब्ध कराई गई है।

ठगी में प्रयुक्त 6 बैंक खातों की जांच में से एक खाते को डेबिट फ्रीज कर दिया गया है, जबकि अन्य खातों को फ्रीज करने की प्रक्रिया प्रचलन में है। हेलीकॉप्टर टिकट दिलाने का दावा करने वाली 22 संदिग्ध वेबसाइट्स की पहचान कर उन्हें डोमेन रजिस्ट्रार को रिपोर्ट किया गया है, ताकि इन्हें जल्द बंद कराया जा सके।

### पुलिस अधीक्षक की अपील



पुलिस अधीक्षक नीहारिका तोमर ने श्रद्धालुओं से अपील करते हुए कहा कि केदारनाथ यात्रा के लिए हेलीकॉप्टर टिकट की एकमात्र अधिकृत वेबसाइट आईआरसीटीसी की हेलीयात्रा पोर्टल है। इसके अलावा किसी भी अन्य लिंक, वेबसाइट या सोशल मीडिया विज्ञापन के माध्यम से बुकिंग करने से बचें। उन्होंने कहा कि रुद्रप्रयाग पुलिस साइबर अपराध के खिलाफ जीरो टॉलरेंस नीति पर कार्य कर रही है और लगातार डिजिटल प्लेटफॉर्म्स पर नजर रखी जा रही है। किसी भी प्रकार की साइबर ठगी होने पर तुरंत 1930 हेल्पलाइन नंबर पर संपर्क करें। पुलिस ने आमजन से अपील की कि किसी भी अनजान लिंक पर क्लिक न करें और केवल अधिकृत माध्यमों से ही बुकिंग करें, ताकि सुरक्षित एवं सुखद यात्रा का अनुभव प्राप्त हो सके।

# उत्तराखण्ड में राजनीतिक दलों के 20 हजार से अधिक बीएलए नियुक्त

■ मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने की शत प्रतिशत बीएलए नियुक्त करने की अपील

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों के कम में मुख्य निर्वाचन अधिकारी के विशेष प्रयासों के बाद उत्तराखण्ड में राष्ट्रीय राजनैतिक दलों ने अबतक 20863 बूथ लेवल एजेंट्स की नियुक्ति कर दी है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी डॉ. बी.वी.आर.सी. पुरुषोत्तम ने दलों का आभार प्रकट करते हुए उनसे जल्द से जल्द शत प्रतिशत बीएलए नियुक्त करने का अनुरोध किया है। वर्तमान में भारतीय जनता पार्टी द्वारा 89 प्रतिशत जबकि इंडियन नेशनल कांग्रेस द्वारा 84 प्रतिशत बीएलए की नियुक्ति की जा चुकी है। प्रदेश के 13 में से 5 जनपद ऐसे हैं जहां दोनों ही दलों द्वारा शत प्रतिशत बीएलए की नियुक्ति की जा चुकी है।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि प्रदेश में भाजपा ने 10551, कांग्रेस ने 9869, सीपीआई (एम) ने 326 और बीएसपी ने 117 बीएलए की नियुक्ति की है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी डॉ. बी.वी.आर. सी. पुरुषोत्तम ने बताया कि आगामी विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान में मतदाता सूची के शुद्धिकरण में बीएलए की अहम भूमिका रहेगी। उन्होंने कहा कि आयोग के निर्देश पर प्रदेश में मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय राजनैतिक दलों से बैठक कर शत प्रतिशत बीएलए नियुक्त करने का अनुरोध किया था जिसके बाद राजनैतिक दलों ने अधिकांश बीएलए की नियुक्ति कर दी है।

# कुंभ-2027 : तैयारियों को तेजी से पूरा करने में जुटा मेला प्रशासन

## मेलाधिकारी ने की अनेक क्षेत्रों का सघन भ्रमण कर मेले की व्यवस्थाओं की पड़ताल

शाह टाइम्स संवाददाता



**हरिद्वार।** आगामी कुंभ मेला-2027 की तैयारियों को तेज करते हुए मेला प्रशासन ने कुंभ क्षेत्र की प्रमुख सड़कों, चौराहों, पार्किंग स्थलों और सार्वजनिक उपयोग के स्थानों को समय रहते चाक-चौबंद करने की व्यापक मुहिम शुरू कर दी है। इसी क्रम में मेलाधिकारी श्रीमती सोनिका ने सोमवार को मेला क्षेत्र के विभिन्न स्थानों का भ्रमण कर स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने श्रद्धालुओं की सुविधा, सुरक्षा और सुगमता को ध्यान में रखते हुए प्रस्तावित व्यवस्थाओं की गहन पड़ताल की। उन्होंने स्पष्ट किया कि कुंभ नगरी की प्रमुख सड़कों, पार्किंग, बस व रेलवे स्टेशनों सहित सभी सार्वजनिक स्थलों पर आवश्यक कार्यों का आकलन कर उन्हें समयबद्ध ढंग से पूरा कराया जाएगा।

अधिकारियों की टीम के साथ मेलाधिकारी ने हर की पौड़ी से निरीक्षण प्रारंभ करते हुए पुल जटवाड़ा, बहरादराबाद और कांवड़ पटरी मार्ग होते हुए बाईपास रोड तक प्रमुख मार्गों, चौराहों और पार्किंग व्यवस्थाओं की स्थिति का जायजा लिया। इसके अलावा ज्वालापुर, भीमगोडा, खड़खड़ी, सर्वानंद घाट और लालजीवाला क्षेत्र के आंतरिक मार्गों एवं अन्य व्यवस्थाओं का भी निरीक्षण किया गया। इस दौरान मेलाधिकारी ने इन क्षेत्रों में चल रहे कार्यों की प्रगति की समीक्षा की और प्रस्तावित योजनाओं की जानकारी ली। उन्होंने कार्यदायी विभागों को सखघ्त निर्देश दिए कि सभी कार्य निर्धारित समयसीमा में और उच्च गुणवत्ता के साथ पूरे किए जाएं।

मेलाधिकारी ने विशेष रूप से कांवड़ पटरी मार्ग की सफाई और सुधार कार्यों को प्राथमिकता से सम्पन्न करने के निर्देश दिए। साथ ही सड़कों और सार्वजनिक स्थानों से अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई सुनिश्चित करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि सभी पार्किंग स्थलों को सुव्यवस्थित किया जाए तथा अस्थायी पार्किंग में भी मूलभूत सुविधाएं समय पर उपलब्ध कराई जाएं।

भीड़-भाड़ वाले क्षेत्रों में यातायात के सुचारु संचालन के लिए सड़कों और चौराहों के सुधार के साथ-साथ पर्याप्त पार्किंग व्यवस्था विकसित करने पर भी बल दिया गया। उन्होंने दोहराया कि जहां-जहां कार्यों की आवश्यकता है, वहां त्वरित आकलन कर सभी जरूरी कार्य समय से पूरे किए जाएंगे, ताकि कुंभ मेला-2027 का आयोजन व्यवस्थित, सुरक्षित और श्रद्धालु-हितैषी बन सके। इस दौरान नगर निगम हरिद्वार के आयुक्त नंदन कुमार, अपर मेलाधिकारी दयानंद सरस्वती सहित अन्य अधिकारी भी उपस्थित रहे।

इससे पूर्व मेलाधिकारी श्रीमती सोनिका ने गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय का भ्रमण कर उसके पुरातत्व संग्रहालय का अवलोकन किया, जहां हरिद्वार, उत्तराखंड तथा देश के विभिन्न हिस्सों की समृद्ध ऐतिहासिक और सांस्कृतिक विरासत सहेजकर रखी गई है। संग्रहालय में संरक्षित दुर्लभ पुरावशेषों और प्राचीन धरोहरों को देखकर उन्होंने इसे अत्यंत मूल्यवान और अनमोल बताया। मेलाधिकारी ने कहा कि कुंभ मेले के दौरान हरिद्वार आने वाले अधिक से अधिक श्रद्धालु और पर्यटक इस संग्रहालय में पहुंचकर इन पुरातात्विक धरोहरों से परिचित हों, इसके लिए विशेष प्रयास किए जाएंगे, ताकि आस्था के साथ-साथ लोग देश की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत का भी अनुभव कर सकें। इस अवसर पर विवि के पुरातत्व विभाग के निदेशक प्रभात कुमार के एवं संग्रहालय के अध्यक्ष मनोज कुमार भी उपस्थित रहे।

# नगर निगम ने सीसीआर क्षेत्र में घाटों से हटवाया अतिक्रमण

शाह टाइम्स संवाददाता



**हरिद्वार।** जिलाधिकारी मयूर दीक्षित तथा नगर आयुक्त नंदन कुमार के निर्देशों के क्रम में नगर निगम की टीम ने मंगलवार को सीसीआर क्षेत्र में अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया। सीसीआर क्षेत्र और शहर के प्रमुख घाटों पर चलाए गए अभियान के दौरान करीब 50 से 60 ठेलियों को हटाया गया। जबकि 10 से अधिक ठेलियों को जब्त कर लिया गया। सख्ती दिखाते हुए तीन ठेलियों को जेसीबी मशीन से नष्ट कर दिया गया। नगर निगम के अनुसार इन क्षेत्रों में पहले भी नियमित रूप से अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की जाती रही है, लेकिन बार-बार अतिक्रमण होने के कारण इस बार कड़ी कार्रवाई की गई। अभियान के दौरान कई अतिक्रमणकारियों का सामान भी जब्त किया गया। मौके पर मौजूद नगर निगम अधिकारियों ने स्पष्ट चेतावनी दी कि यदि दोबारा अतिक्रमण किया गया तो सामान जब्त करने के साथ संबंधित लोगों के खिलाफ वैधानिक कार्रवाई भी की जाएगी। इस दौरान सिटी मजिस्ट्रेट कुसुम चौहान, उप नगर आयुक्त दीपक गोस्वामी, मुख्य सफाई निरीक्षक संजय शर्मा, अर्जुन सिंह और अतिक्रमण प्रभारी आदित्य तंवर सहित नगर निगम की टीम मौजूद रही।

# युवक को तमंचे के साथ दबोचा

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** थाना सिडकुल पुलिस ने तमंचे समेत एक संदिग्ध को गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। जानकारी के अनुसार वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर आपराधिक गतिविधियों पर लगाम लगाने के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत संदिग्ध व्यक्तियों और वाहनों की चेकिंग के दौरान कोर्ट चौकी प्रभारी एसआई देवेंद्र सिंह चौहान व कांस्टेबल नरेंद्र चौहान ने आईएमसी चौक के पास से अयान पुत्र रामकुमार निवासी औरंगजेबपुर हरदास नगीना जनपद बिजनौर उत्तर प्रदेश हाल पता महादेवपुरम थाना सिडकुल को 315 बोर के तंमचे समेत दबोच लिया। आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है।

# इंस्पेक्टर चंद्रभान सिंह ने हिस्ट्रीशीटरों पर कसा शिकंजा, कराई परेड

शाह टाइम्स संवाददाता



**हरिद्वार।** ज्वालापुर कोतवाली के नए प्रभारी चंद्रभान सिंह ने कार्यभार संभालते ही अपराधियों के खिलाफ सख्त रुख अपनाना शुरू कर दिया है। वही मंगलवार को थाना परिसर में हिस्ट्रीशीटरों और पूर्व में अवैध गतिविधियों में लिप्त रहे लोगों की परेड कराकर उन्हें कड़ी चेतावनी दी गई। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर आयोजित इस परेड में अवैध शराब तस्करी, स्मैक, चरस, गांजा बेचने और अन्य आपराधिक गतिविधियों में शामिल रहे व्यक्तियों को बुलाया गया। इंस्पेक्टर चंद्रभान सिंह ने सभी से उनके वर्तमान कार्यों की जानकारी ली और स्पष्ट किया कि अब किसी भी तरह की लापरवाही या अपराध बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने सख्त शब्दों में कहा कि यदि किसी भी व्यक्ति की दोबारा आपराधिक गतिविधियों में संलिप्तता पाई गई तो उसके खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई करते हुए जिला बदर तक की कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। साथ ही सभी को निर्देशित किया गया कि वे अपने कार्यों का विवरण कोतवाली में दर्ज कराएं और समय-समय पर अपनी उपस्थिति हिस्ट्रीशीट रजिस्टर में अंकित कराते रहें।

# अवैध निर्माण पर कार्रवाई

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** ज्वालापुर क्षेत्र में एचआरडीए ने अनधिकृत निर्माण के खिलाफ कार्रवाई करते हुए एक व्यावसायिक भवन को सील कर दिया। कार्रवाई के दौरान पुलिस बल भी मौजूद रहा। जानकारी के अनुसार ज्वालापुर क्षेत्र में रेलवे फाटक के पास चंदवानी फर्नीचर के समीप श्रीमती मेघा अरोड़ा द्वारा बिना मानचित्र स्वीकृति के व्यावसायिक निर्माण किया जा रहा था। प्राधिकरण की ओर से पूर्व में निर्माण रोकने के निर्देश दिए गए थे, लेकिन आदेशों की अनदेखी जारी रही। इस पर प्राधिकरण की टीम ने मौके पर पहुंचकर पुलिस की मौजूदगी में निर्माण को सील कर दिया। साथ ही मौके पर मौजूद लोगों को सख्त निर्देश दिए गए कि बिना वैध स्वीकृति के किसी भी प्रकार का निर्माण कार्य न किया जाए। एचआरडीए सचिव मनीष सिंह ने बताया कि जनपद में अवैध निर्माण किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

# चोरों ने मंदिरों को बनाया निशाना सीसीटीवी में कैद हुई चोरी की वारदात

शाह टाइम्स संवाददाता



**बहादराबाद।** थाना क्षेत्र अंतर्गत गांव अहमदपुर ग्रंट में देर रात अज्ञात चोर ने शिव मंदिर और काली माता मंदिर को निशाना बनाते हुए चोरी की वारदात को अंजाम दिया। चोर ने मंदिरों के दानपात्र (गले) उखाड़कर नकदी और अन्य सामान चोरी कर लिया। घटना मंदिर परिसर में लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई है, जिसमें संदिग्ध गतिविधियां साफ दिखाई दे रही हैं। फुटेज के अनुसार, वारदात के समय मंदिर के बाहर एक पिकअप गाड़ी भी खड़ी नजर आ रही है, जिससे आशंका जताई जा रही है कि आरोपी उसी वाहन से आया और फरार हुआ। सुबह जब ग्रामीणों को घटना की जानकारी मिली तो क्षेत्र में आक्रोश फैल गया। ग्रामीणों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण कर जांच शुरू कर दी। ग्रामीणों ने पुलिस प्रशासन से जल्द से जल्द आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग की है। पुलिस का कहना है कि सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपी की पहचान की जा रही है और जल्द ही उन्हें गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# दो भाइयों पर हमला, पत्थरों से सिर फोड़कर आरोपी फरार

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** नगर कोतवाली क्षेत्र में होटल से घर लौट रहे दो भाइयों पर कुछ युवकों ने हमला कर दिया। हमलावरों ने दोनों को घेरकर पत्थरों और भारी वस्तुओं से वार किए, जिससे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने मामले में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार पुलिस को दी गई तहरीर में भीमगोड़ा निवासी अंकित पुत्र गिरवर सिंह ने बताया कि पांच अप्रैल की रात करीब एक बजे वह अपने होटल से घर लौट रहा था। रास्ते में पहले से घात लगाए युवकों ने उसे घेर लिया और बिना किसी उकसावे के हमला कर दिया।

शोर सुनकर उसका छोटा भाई मौके पर पहुंचा, लेकिन हमलावरों ने उसे भी नहीं छोड़ा और उसके सिर पर भी वार कर घायल कर दिया। दोनों भाइयों को घायल करने के बाद आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। पीड़ित पक्ष ने आरोप लगाया है कि हमलावर नशे की हालत में थे। तहरीर में रितिक, धीरज और प्रेम सहित अन्य अज्ञात युवकों को नामजद किया गया है। आरोप है कि घटना के बाद आरोपी बस अड्डे पहुंचे और वहां एक कर्मचारी पर भी हमला कर फरार हो गए। कोतवाली प्रभारी कुंदन सिंह राणा ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है।

# व्यापारियों ने विद्युत विभाग के खिलाफ किया प्रदर्शन

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** महानगर व्यापार मंडल के जिला अध्यक्ष सुनील सेठी के नेतृत्व में व्यापारियों ने भूमिगत विद्युत लाइन की कमियों से जनता को हो रही परेशानी को लेकर विद्युत विभाग की कार्यप्रणाली पर विरोध जताया। सुनील सेठी ने कहा कि रोजाना उत्तरी हरिद्वार के कई भूपतवाला, सत्यम विहार, गंगा विहार, जसविंद्र एंक्लेव, खड़खड़ी सहित भारतमाता पुरम से हरकी पैड़ी तक के क्षेत्र में लोग भूमिगत विद्युत के कारण कई कई घंटों बिजली संकट झेल रहे है। सीवर कार्यों से रोजाना क्षतिग्रस्त हो रही विद्युत लाइनों को ठीक करने कोई मौके पर नहीं आता। मंगलवार को उत्तरी हरिद्वार के कई इलाकों में 10 घंटे विद्युत आपूर्ति बंद रही। ठेकदारों के रात्रि में कार्य न करने से जनता परेशान है। यात्रा सीजन शुरू होने वचाला है। लेकिन व्यवस्थाएं खराब होती जा रही है। विद्युत आपूर्ति बाधित होने से पानी की किल्लत भी बढ़ जाती है। सामाजिक कार्यकर्ता गोकुल रावत, ऑटो यूनियन अध्यक्ष हरीश अरोड़ा एवं हरिमोहन भारद्वाज ने बताया कि विद्युत आपूर्ति बंद होने से रोजाना नुकसान हो रहा है। जनरेटर चलाने से डीजल का खर्चा बढ़ रहा है। पेट्रोल पंपों पर 10 लीटर से ज्यादा डीजल नहीं मिल रहा। एक तरफ सिलेंडर की वजह से तो दूसरी तरफ विद्युत कटौती से खर्चा बढ़ गया है। जिससे नुकसान झेलना पड़ रहा है। विद्युत विभाग की कार्यशैली नहीं सुधरी तो दफ्तरों के बाहर धरना लगाया जाएगा। विरोध जताने वालो में मुख्य रूप से मनोज कुमार, लालजी यादव, राजू जोशी, रितेश वशिष्ठ, रितेश शर्मा, देव माहेश्वरी, राकेश सिंह, सन्नी अरोड़ा, आशीष अग्रवाल, एसएन तिवारी, राजेश पांडे, नंदकिशोर पांडे, नंदनसिंह, कृष्णा कुमार, लक्की अनेजा, पावन पांडे, विवेक शर्मा, आनंद यादव, नरेंद्र शर्मा, रामसिंह, देवेंद्र अरोड़ा, राहुल सिंह शामिल रहे।

# प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गणेश गोदियाल ने की कार्यकर्ताओं के साथ बैठक

शाह टाइम्स संवाददाता



**हरिद्वार।** कांग्रेस प्रदेश प्रभारी कुमारी शैलजा के उत्तराखंड दौरे को लेकर कांग्रेस में गतिविधियां तेज हो गयी है। प्रदेश प्रभारी के दौरे को लेकर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गणेश गोदियाल अलग-अलग जिलों में जाकर कार्यकर्ताओं के साथ बैठक कर रहे हैं। मंगलवार को कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष गणेश गोदियाल हरिद्वार पहुंचे और जयराम आश्रम में कार्यकर्ताओं के साथ हरिद्वार में होने वाली बैठक को लेकर चर्चा की। पीसीसी अध्यक्ष गणेश गोदियाल ने कहा कि आगामी 2027 के चुनाव को देखते हुए उत्तराखंड प्रभारी कुमारी शैलजा का महत्वपूर्ण दौर होने जा रहा है। जिसकी तैयारियों को लेकर उन्होंने कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की है। पीसीसी कमेटी के गठन में देरी के सवाल पर गणेश गोदियाल ने कहा कि 5 राज्यों के चुनाव की व्यस्तता के चलते इसमें देरी हो रही है और उन्हें उम्मीद है कि प्रदेश प्रभारी के दौरे के बाद जल्द ही पीसीसी कमेटी की घोषणा हो जाएगी। हरीश रावत को राज्यपाल बनाए जाने के यशपाल आर्य के बयान पर गणेश गोदियाल ने कहा कि उनकी इस विषय पर अभी दोनों नेताओं में कोई बात नहीं हुई है। बात करने के बाद ही कुछ कहा जा सकता है। गणेश गोदियाल ने असम के सीएम हेमंत विश्व शर्मा के अनर्गल बयानबाजी पर कहा कि उन्हें मर्यादा में रहकर बयानबाजी करनी चाहिए। उन्होंने उन्हें कांग्रेस में रहते हुए भी भाजपा मानसिकता वाला बताया। गौरतलब है कि अगले वर्ष होने वाले विधानसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर कांग्रेस प्रदेश प्रभारी कुमारी शैलजा का पांच दिवसीय दौरा बुधवार से शुरू हो रहा है। इस दौरान कुमारी शैलजा पार्टी पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं के साथ बैठक कर विधानसभा चुनाव की तैयारियों पर चर्चा करेंगी।

# बहादराबाद पीठ बाजार के दुकानदारों से अवैध वसूली का लगाया आरोप

शाह टाइम्स संवाददाता



**हरिद्वार।** भारतीय किसान यूनियन बेदी के राष्ट्रीय सलाहकार दाताराम चौहान ने बहादराबाद पीठ बाजार में दुकानदारों से अवैध वसूली का आरोप लगाया है। प्रेस क्लब में पत्रकारों से वार्ता करते हुए दाताराम चौहान ने कहा कि उत्तर प्रदेश सिंचाई विभाग की भूमि पर लगने वाले पीठ बाजार में दुकान लगाने वाले व्यापारियों से राजनीतिक संरक्षण प्राप्त कुछ लोग अवैध वसूली कर रहे हैं। दाताराम ने कहा कि पीठ बाजार का कोई टेंडर नहीं हुआ है। इसके बावजूद फल सब्जी विक्रेताओं से 200 से 300 रुपए बिना रसीद के वसूले जा रहे हैं। कुछ लोग संगठित होकर दुकानदारों से पैसे वसूल रहे हैं। आसपास के आर्थिक रूप से कमजोर वर्गो के लोग छोटी-मोटी दुकानदारी पीठ बाजार के माध्यम से करते हैं। लेकिन उन्हें भी लूटने का काम किया जा रहा है। उन्होंने शासन प्रशासन से पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर अवैध रूप से पैसे की वसूली कर रहे लोगों पर कार्रवाई की मांग की है। दाताराम चौहान ने चेतावनी देते हुए कहा कि अगर अवैध वसूली पर रोक नहीं लगी तो किसी भी संघर्ष से पीछे नहीं हटेंगे। यूपी सिंचाई विभाग को भी इस मामले में हस्तक्षेप करना चाहिए। प्रैसवार्ता में जिला अध्यक्ष अलीम अंसारी ने भी विचार रखे।

# बबलू पंडित बने विश्व अखाड़ा परिषद मठ मंदिर गौरक्षा विभाग के जिलाध्यक्ष

शाह टाइम्स संवाददाता



**हरिद्वार।** विश्व अखाड़ा परिषद मठ मंदिर गौ रक्षा विभाग के अंतर्राष्ट्रीय सचिव महाराज पंडित निपुण भारद्वाज ने बबलू पंडित को संगठन का जिला अध्यक्ष मनोनीत किया है। प्रेस क्लब में पत्रकार वार्ता के दौरान नवनियुक्त जिलाध्यक्ष बबलू पंडित का फूलमाला पहनाकर स्वागत करते हुए पंडित निपुण भारद्वाज ने कहा कि गौ सेवा के माध्यम से समाज को जागरूक करने का काम किया जा रहा है। गौ संरक्षण के लिए सभी को प्रयास करने होंगे। उन्होंने कहा कि संगठन की और से गरीब निर्धन परिवारों की कन्याओं के विवाह और आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के उत्थान में भी मदद की जाएगी। गंगा स्वच्छता को लेकर जन फैलाने के साथ धर्म सेवा के कार्यों को आगे बढ़ाते हुए युवा पीढ़ी को सनातन संस्कृति एवं संतों की मान मर्यादा के लिए प्रेरित करेंगे। उन्होंने कहा कि नवनियुक्त जिलाध्यक्ष बबलू पंडित अपने दायित्व का कुशलतापूर्वक निर्वहन करते हुए विश्व अखाड़ा परिषद मठ मंदिर गौ रक्षा विभाग की नीतियों के अनुरूप गौरक्षा, धर्म सेवा और सामाजिक कार्यो को आगे बढ़ाने में योगदान करेंगे। नवनियुक्त जिला अध्यक्ष बबलू पंडित ने कहा कि संगठन की और से जो जिम्मेदारी उन्हें सौंपी गयी है। उसका निष्ठा से पालन करते हुए गौरक्षा और धर्म सेवा के लिए समर्पित भाव से काम करेंगे। गरीब निर्धन परिवारों के उत्थान में सहयोग करते हुए धर्म संस्कृति के प्रचार प्रसार को आगे बढ़ाने का काम करेंगे। प्रैसवार्ता के दौरान सुलेख दास महाराज, विजय पांडे आदि ने भी विचार रखे।

# पेट्रोल पंप पर कर्मचारियों की पिटाई से युवक गंभीर, हायर सेंटर रेफर

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** नगर कोतवाली क्षेत्र में पेट्रोल पंप पर कर्मचारियों द्वारा युवक के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। मामूली कहासुनी के बाद कर्मचारियों ने युवक पर हमला कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को पहले जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां से हालत नाजुक होने पर हायर सेंटर रेफर किया गया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है।

पुलिस को दी गई तहरीर में ग्राम कांगड़ी निवासी निशा ने बताया कि उसका भाई रितिक कुमार चार अप्रैल की रात करीब 12:15 बजे सहगल पेट्रोल पंप पर बाइक में पेट्रोल भरवाने गया था। आरोप है कि वहां मौजूद कर्मचारी नशे की हालत में थे। इसी दौरान किसी बात को लेकर विवाद हुआ और कर्मचारियों ने रितिक के साथ मारपीट शुरू कर दी।

आरोप है कि कर्मचारियों ने रॉड और लाठी-डंडों से हमला कर युवक को लहूलुहान कर दिया। शोर सुनकर पहुंचे लोगों ने बीच-बचाव करने के बजाय हमलावरों का साथ दिया। किसी तरह युवक वहां से बचकर निकला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल को जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां से उसे गंभीर हालत में हायर सेंटर भेज दिया गया। बाद में उसे जॉलीग्रांट स्थित हिमालयन अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसका उपचार जारी है।

कोतवाली प्रभारी कुंदन सिंह राणा ने बताया कि तहरीर के आधार पर आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है।

# युवक को अवैध देसी तमंचा व जिंदा कारतूस के साथ पकड़ा

शाह टाइम्स संवाददाता



**पथरी।** एसएसपी हरिद्वार के नेतृत्व में ऑपरेशन प्रहार के अंतर्गत पथरी पुलिस की ताबड़तोड़ कार्रवाई में एक युवक को अवैध तमंचे के साथ गिरफ्तार किया। आरोपी के खिलाफ सम्बंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया है। मंगलवार को पथरी पुलिस ने ऑपरेशन प्रहार के अंतर्गत रूटीन चौकिंग के दौरान एक युवक को अवैध तमंचा 315 बोर व एक जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया। आरोपी किसी बड़ी घटना को अंजाम देने की फिराक में घूम रहा था पुलिस को देखकर आरोपी ने भागने का प्रयास किया मगर पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए आरोपी को धरदबोचा। पुलिस पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम आनन्द कुमार, निवासी गोविन्दपुर हरिद्वार बताया आरोपी युवक के खिलाफ सम्बंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया है। एसओ पथरी रविन्द्र कुमार ने बताया ऑपरेशन प्रहार के अंतर्गत एक युवक को अवैध देशी तमंचा व एक जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया गया है आरोपी को न्यायालय में पेश किया जा रहा है।

# स्मैक के साथ नशा तस्कर गिरफ्तार



शाह टाइम्स संवाददाता

**पथरी।** पुलिस ने ऑपरेशन प्रहार के अंतर्गत नशे का कारोबार करने वालों के खिलाफ चलाए गए अभियान में एक नशा तस्कर को 09.80 ग्राम स्मैक के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार सोमवार देर शाम को ऑपरेशन प्रहार के अंतर्गत नशा बेचने वालों पर प्रहार किया है। जिसमे एक युवक को गिरफ्तार किया। तलासी लेने पर युवक के पास से लगभग 09.80 ग्राम स्मैक बरामद हुई। पुलिस पूछताछ में आरोपी ने अपना अहद खान निवासी ग्राम धनपुरा थाना पथरी बताया। आरोपी स्मैक बेचने का काम करता है। और स्मैक के बारे में कोई संतोषजनक जवाब नहीं दे पाया आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस की धाराओ में मुकदमा दर्ज कर न्यायालय के समक्ष पेश कर जेल भेजा गया है। एसओ पथरी रविन्द्र कुमार ने बताया एक व्यक्ति को लगभग 09.80 ग्राम स्मैक के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ सम्बंधित धाराओ में मुकदमा दर्ज कर न्यायालय के समक्ष पेश कर जेल भेजा गया है।

# तहसील दिवस में 42 शिकायतें दर्ज, 18 का मौके पर निस्तारण

शाह टाइम्स संवाददाता



**हरिद्वार।** जनपद वासियों की समस्याओं का त्वरित निराकरण करने के उदेश्य से जिलाधिकारी मयूर दीक्षित के निर्देशन में वर्ष 2026 अप्रैल माह के प्रथम मंगलवार को सभी तहसीलों में संबंधित उपजिलाधिकारी की अध्यक्षता में तहसील दिवस का आयोजन किया गया। तहसील हरिद्वार का तहसील दिवस तहसील सभागार में उपजिलाधिकारी जितेंद्र कुमार की अध्यक्षता में आयोजित किया गया।

इस अवसर पर विभिन्न क्षेत्रों से आए ग्रामीणों द्वारा विभिन्न विभागों से संबंधित 42 शिकायतें दर्ज कराई गई,जिसमें से 18 शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया, शेष शिकायतों को त्वरित निराकरण के लिए संबंधित विभागों को प्रेषित किया गया।

तहसील दिवस में दर्ज करायी गई मुख्यत शिकायतों में चकबंदी आदि से सम्बन्धित थी। तहसील दिवस में सूरज कुमार, मोनू कुमार, अनुज कुमार द्वारा खतोनी के अनुसार नक्शे में सुधार, ग्राम धनपुरा ग्राम की मूल आबादी के स्वामित्व के अभिलेखों में नाम दर्ज कराने की मांग की गई। शिकायतकर्ता फकीर चन्द ग्राम यशोधन वर्षा बहादरपुर जट हरिद्वार भूमि की पैमाइश हेतु मांग की गई।राजेंद्र सिंह पुत्र स्व० शेर सिंह निवासी: ग्राम अतमलपुर बौगल, परगना ज्वालापुर एन.एच.ए. आई. द्वारा अर्जित भूमि के अतिरिक्त निजी कृषि भूमि (खसरा संख्या 706) पर जा रहे अतिक्रमण को रोकने एवं तत्काल राजस्व पैमाइश कराने को लेकर आवेदन पत्र दिया। बृजेश कुमार निवासी सोहलपुर खनन से भरे ओवर लोडिंग डम्परो के खिलाफ आवश्यक कार्यवाही की मांग की गई।निखिल कुमार पुत्र अरविन्द कुमार निवासी ग्राम व पो० औरंगाबाद भूमि की पैमाइश की मांग की गई। वेदपाल एवं समस्त ग्रामवासी, ग्राम सोहलपुर सिकरोडा हरिद्वार भूमि से अवैध अतिकमण हटवाकर उपरोक्त भूमि का कब्जा सरकार को उपलब्ध कराने हेतु आवेदन पत्र दिया। आयोजित तहसील दिवस में उपजिलाधिकारी जितेंद्र कुमार ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि तहसील दिवस में जो भी समस्याएं क्षेत्रीय जनता द्वारा दर्ज कराई गई है उनका समयबृद्धता के साथ निस्तारण करना सुनिश्चित करें।

# स्काउट-गाइड प्रशिक्षण के छठे दिवस हाइकिंग एवं प्राथमिक उपचार का प्रशिक्षण

शाह टाइम्स संवाददाता



**हरिद्वार।** उत्तराखंड संस्कृत विश्व- विद्यालय, हरिद्वार के शिक्षाशास्त्र विभाग द्वारा आयोजित स्काउट-गाइड प्रशिक्षण कार्यक्रम के छठे दिवस छात्राध्यापकों को हाइकिंग एवं प्राथमिक उपचार का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया। इस दौरान विद्यार्थियों को प्रशिक्षक श्री पुरवेन्द्र कुमार एवं श्री महिपाल जी द्वारा हाइकिंग के माध्यम से अनुशासन, साहस, आत्मनिर्भरता, टीम भावना एवं प्रकृति संरक्षण का महत्व समझाया गया तथा प्राथमिक उपचार सत्र में प्रतिभागियों को घाव, चोट, मोच, जलन, बेहोशी, रक्तस्राव एवं आकस्मिक दुर्घटनाओं में दी जाने वाली प्रारंभिक सहायता की जानकारी दी गई। इस अवसर कार्यक्रम संयोजक डॉ. सुमन प्रसाद भट्ट ने प्राथमिक उपचार को जीवनोपयोगी कौशल बताया। तथा सत्र संयोजक श्रीमती मीनाक्षी सिंह रावत ने कहा कि इस प्रकार की गतिविधियाँ विद्यार्थियों में सेवा-भाव, आत्मविश्वास और नेतृत्व क्षमता का विकास करती हैं। स्काउट गाइड प्रशिक्षण द्वारा विद्यार्थियों को सजगता, सेवा और अनुशासन का महत्व बता कर राष्ट्र के कुशल नागरिक के रूप मे स्थापित होने की प्रेरणा प्रदान की जा रही है । कार्यक्रम में चतुर्थ सेमेस्टर के छात्राध्यापक-छात्राध्यापिकाओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की।

हरिद्वार में समाचार व विज्ञापन के लिये सम्पर्क करें।
सैफ सलमानी
ब्यूरो चीफ
शाह टाइम्स हरिद्वार
कार्यालय : रामनगर, तहसील के पीछे, ज्वालापुर, हरिद्वार
मो.: 9639554327, ई-मेल : shahtimeshr2026@gmail.com

# मांगों को लेकर आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों का अनिश्चितकालीन धरना शुरू

■ बारिश में भी आंदोलनकारी महिलाएं डटी रहीं

शाह टाइम्स संवाददाता

**चकराता।** विकासखंड चकराता की आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों ने छावनी बाजार चकराता में अपनी लंबित मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन धरना शुरू कर दिया। कार्य बहिष्कार के बाद शुरू हुआ यह आंदोलन क्षेत्र में लगातार जारी है।

धरना दे रही कार्यकत्रियों का कहना है कि कई बार आंदोलन और ज्ञापन देने के बावजूद सरकार उनकी समस्याओं की अनदेखी कर रही है।



उन्होंने चेतावनी दी कि जब तक उनकी मांगों पर ठोस निर्णय नहीं लिया जाता, तब तक आंदोलन जारी रहेगा।

प्रदर्शनकारी कार्यकत्रियों की प्रमुख मांगों में मासिक मानदेय 18 हजार रुपये किए जाने की मांग शामिल है। इसके अलावा उन्होंने बाल विकास मंत्री की घोषणा के अनुरूप खातों से 300 रुपये की कटौती बंद करने और दुर्घटना की स्थिति में मुआवजा राशि 3 लाख से बढ़ाकर 10 लाख रुपये करने की मांग उठाई है।

इस दौरान कार्यकत्रियों ने देहरादून में प्रदर्शन कर रही अपनी साथियों के साथ पुलिस द्वारा कथित दुर्व्यवहार पर भी नाराजगी जताई और संबंधित पुलिसकर्मियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की।

भारी बारिश के बावजूद आंदोलनकारी महिलाएं डटी रहीं और नारेबाजी करती रहीं। चकराता क्षेत्र के विभिन्न गांवों से बड़ी संख्या में आंगनबाड़ी कार्यकत्रियां धरने में शामिल हुईं। इस मौके पर आशिषा, बानो, रेखा राणा, अंजू, सरिता, निशा, नीता, बबीता, कला, बबली, सविता, रोशनी, सुनीता, रीता, वर्षा सहित अनेक कार्यकत्रियां मौजूद रहीं।

## शहर के कूड़े को आसन नदी में गिराए जाने की बात निराधार: ईओ

**विकासनगर।** नगर पालिका परिषद हरबर्टपुर के अधिशासी अधिकारी ने आरोप लगाया कि अधूरी जानकारी और राजनैतिक पार्टियों द्वारा मिलकर आम जनमानस के प्रति पालिका की कार्यशैली पर प्रश्नचिन्ह लगाकर पालिका की छवि को धूमिल करने का प्रयास किया जा रहा है। जोकि निन्दनीय है। अधिशासी अधिकारी ने जारी एक प्रेसनोट में कहा कि पालिका हरबर्टपुर सीमान्तर्गत प्रतिदिन निकलने वाले कूड़े को सुरक्षित रूप से सैकेंड्री ट्रांसफर स्टेशन में एकत्र कर वर्ष 2024 से वर्तमान तक अनुबंधित फर्म द्वारा प्रत्येक सप्ताह के दूसरे दिन प्रोसे. सिंग प्लांट में भेजा जा रहा है। जहां कूडेंघ का वैज्ञानिक विधि से उपचार किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि शहर से निकलने वाले कूड़े को आसन नदी में गिराये जाने की बात पूर्ण रूप से निराधार है। जिसका पालिका खंडन करती है।

# गुलदार के हमले में 55 वर्षीय व्यक्ति की मौत

शाह टाइम्स संवाददाता

**सहसपुर।** विकासनगर के सहसपुर क्षेत्र में जंगल से लकड़ी लेने गए एक 55 वर्षीय व्यक्ति को गुलदार ने अपना निवाला बना लिया। इस घटना के बाद से पूरे इलाके में दहशत का माहौल है और वन विभाग की टीम मौके का जायजा लेकर शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। घटना कालसी वन प्रभाग के सहसपुर रेंज के अंतर्गत चांदपुर जंगल की है, जहां उस वक्त हड़कंप मच गया, जब एक 55 वर्षीय व्यक्ति का लहूलुहान शव जंगल में बरामद हुआ। जानकारी के मुताबिक, सहसपुर निवासी 55 वर्षीय इरफान रोजाना की तरह पास के जंगल में सूखी लकड़ियां लेने गया था। जहां झाड़ियों में पहले से ही घात लगाकर बैठे आदमखोर गुलदार ने अचानक उस पर हमला कर दिया। व्यक्ति को संभलने का मौका तक नहीं मिला और मौके पर ही उसकी दर्दनाक मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर ग्रामीणों की भारी भीड़ जमा हो गई। वहीं घटना की सूचना पर कालसी डीएफओ मयंक गर्ग और सहसपुर रेंज की टीम तुरंत मौके पर पहुंची। अधिकारियों ने घटनास्थल का जायजा लिया और शव को कब्जे में लेकर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। विभाग ने प्रभावित परिवार को उचित मुआवजे का भरोसा दिलाया है। फिलहाल इस घटना के बाद से ग्रामीणों में भारी रोष और डर देखा जा रहा है। लोगों ने वन विभाग से गुलदार को पकड़ने के लिए पिंजरा लगाने की मांग की है ताकि भविष्य में ऐसी किसी और अनहोनी को रोका जा सके। जिसको देखते हुए वन विभाग ने ग्रामीणों से सतर्क रहने की सलाह दी है और क्षेत्र में गुरुवार की दस्तक को देखते हुए टीमों का गठन कर गश्त बढ़ा दी गई है।

## औषधि भंडारण व रखरखाव का औचक निरीक्षण

**रुद्रप्रयाग।** आगामी केदारनाथ धाम यात्रा की तैयारियों के दृष्टिगत केंद्रीय औषधि भंडार, पशु चिकित्सालय रुद्रप्रयाग में औषधियों के भंडारण एवं रखरखाव का औचक निरीक्षण किया गया। यह निरीक्षण औषधि निरीक्षक अमित कुमार आजाद ने किया। निरीक्षण के दौरान औषधियों के सुरक्षित भंडारण, उचित रखरखाव तथा वितरण प्रणाली को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए। साथ ही औषधियों के स्टॉक एवं वितरण से संबंधित अभिलेखों की भी गहन जांच की गई। गुणवत्ता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से कुल 8 औषधियों के नमूने एकत्र कर परीक्षण हेतु राजकीय विश्लेषणशाला, रुद्रपुर (उत्तराखंड) भेजे गए हैं। अधिकारियों के अनुसार, जांच रिपोर्ट प्राप्त होने के उपरांत नियमानुसार अग्रिम कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। यह निरीक्षण एवं सैंपलिंग की कार्यवाही चारधाम यात्रा की तैयारियों के तहत की जा रही है, ताकि यात्रा के दौरान पशुओं को गुणवत्ताप. रक एवं सुरक्षित दवाइयां उपलब्ध कराई जा सकें।जिलाधिकारी ने संबंधित विभागों को निर्देश दिए हैं कि औषधियों के भंडारण, वितरण एवं उपयोग में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए और सभी व्यवस्थाएं मानकों के अनुरूप सुनिश्चित की जाएं। निरीक्षण के दौरान मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ. आशीष रावत, पशु चिकित्साधिकारी डॉ. राजीव कुमार गोयल, मुख्य पशु फार्मेसी अधिकारी टीकाराम मैंठानी सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# जीपीएस नागथात में धूमधाम से मनाया गया प्रवेशोत्सव

■ 15 नव विद्यार्थियों का हुआ स्वागत

शाह टाइम्स संवाददाता

**चकराता।** विकासखंड कालसी के राजकीय प्राथमिक विद्यालय नागथात में मंगलवार को प्रवेशोत्सव कार्यक्रम बड़े ही उत्साह और धूमधाम के साथ आयोजित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय में नव प्रवेशी विद्यार्थियों का स्वागत कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई।

कार्यक्रम के तहत कुल 15 नए विद्यार्थियों का नामांकन किया गया, जिनमें 11 छात्र कक्षा एक, एक छात्र कक्षा दो, दो छात्र कक्षा तीन तथा एक छात्र कक्षा पांच में प्रवेशित



हुए। विद्यालय परिसर में इस मौके पर बच्चों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गईं तथा विभिन्न रोचक गतिविधियों का आयोजन किया गया, जिससे माहौल उत्सवमय बना रहा।

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि अकादमिक शोध एवं प्रशिक्षण की निदेशक वंदना गबरियाल रहीं, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में खंड शिक्षा अधिकारी भुवनेश्वर प्रसाद जदली उपस्थित रहे। इस अवसर पर उत्तराखंड राज्य प्राथमिक शिक्षक संगठन के अध्यक्ष पीताम्बर तोमर, उपाध्यक्ष अनिल कुमार एवं नीरज कृशाली, जिला उपाध्यक्ष चमन नाथ, खत बहलाड़ के अध्यक्ष बलबीर चौहान, पूर्व अध्यक्ष मोहर सिंह चौहान, व्यापार मंडल नागथात के अध्यक्ष दिलेराम जोशी, ग्राम प्रधान मीना देवी (लाछा), पूनम नेगी (क्वासा), विक्रम रावत (क्यारी), क्षेत्र पंचायत सदस्य विमला चौहान, एसएमसी अध्यक्ष मीनाक्षी उनियाल, पूर्व अध्यक्ष सुन्दर सिंह, बीआरपी कालसी गौरी शाह एवं दीक्षा तोमर, सीआरपी आरती भट्ट तथा राजकीय इंटर कॉलेज नागथात के प्रधानाचार्य विजय ध्यानी सहित संकुल मुंधान व खाड़ी के शिक्षक, अभिभावक और स्थानीय लोग बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

# धीमान ट्रेडर्स की दो दुकानों में लगी आग, सामान जलकर राख

**विकासनगर।** धीमान ट्रेडर्स नाम की प्लाईवुड एवं हार्डवेयर के सामान से भरी दो दुकानों आग लग जाने से दुकान में रखा सारा समान जलकर राख हो गया। पुलिस बल सुबह लगभग नौ बजकर चालीस मिनट पर कन्ट्रोल रूम से दुकान में आग लगने की सूचना मिलने पर मण्डी चौक के निकट मौके पर पहुॅचा। बताया धीमान ट्रेडर्स नाम की प्लाईवुड एवं हार्डवेयर के सामान से भरी दो दुकानों में आग लगी है। दुकानों से आग लपटें उठ रही है। सूचना पर डाकपत्थर से दो और सैलाकूई से पहुॅचे एक अग्निशमन वाहनों की मदद से फायर कमिर्यो और पुलिस टीम ने कडा प्रयाास कर आग पर काबू पाया। परन्तु तब तक दुकानो में रखा सारा सामान जलकर नष्ट हो गया। टीम ने बताया प्रथम दृष्ट्रया शॉट सर्किट होने के कारण आग लगना प्रतीत होता है। पुलिस आग लगने के अन्य कारणो की भी जांच कर रही है। वहीं दुकान के ही निकट रहने वाले धीमान ट्रेडर्स के स्वामी नितिन कुमार पुत्र स्व0 सुरेन्द्र कुमार धीमान ने बताया हर दिन की तरह ही मंगलवार सुबह उन्होंने दुकान खोली। परन्तु आज वे काम करने वाले लडके को दुकान में छोड बच्चों के स्कूल चले गये। बताया आग लगने की सूचना पर वे तुरन्त वापस पहुंचे और दुकान से निकलती आग की लपटों को देख घबरा गये। बताया आग से दुकान में रखा सारा सामान, फर्नीचर आदि सब जलकर नष्ट हो गया है। बताया आग से लगभग अठारह से बीस लाख का नुकसान हुआ।

# पालिका विकासनगर ने चलाया स्वच्छता अभियान




शाह टाइम्स संवाददाता

**विकासनगर।** शहरी विकास निद. ेशालय के दिशा निर्देशो के क्रम में नगर पालिका परिषद विकासनगर द्वारा स्वच्छता मनाया गया। पालिका परिषद द्वारा वार्ड नंबर 9 में स्थित खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय परिसर, राजकीय प्राथमिक विद्यालय, उपजिला चिकित्सालय एवं अस्पताल रोड पर स्वच्छता सफाई अभियान चलाया गया। जिसमें लोगों को अपने घरो से निकलने वाला गीला कूड़ा बचा खाना सब्जी छिलके आदि सूखा कूड़ा, पेपर प्लास्टिक बोतल रद्दी आदि को अलग अलग देने के लिए प्रोत्साहित किया गया तथा अपने आस पास साफ सफाई रखने के लिए जागरूक किया गया। स्वच्छता सप्ताह कार्यक्रम में पालिका के अधिशासी अधिकारी बीपी भट्ट, एवं सफाई निरीक्षक पवन कुमार, स्वयंसेवी राजकुमार जैन, सफाई सुपरवाईजर सुभाष, सुरेंद्र तोमर व समस्त पर्यावरण मित्रों द्वारा अभियान में प्रतिभाग किया।

# प्रवेश उत्सव में नव विद्यार्थियों का भव्य स्वागत

■ प्रतिभाओं को किया सम्मानित

शाह टाइम्स संवाददाता

**चकराता।** विकासखंड चकराता के राजकीय इंटर कॉलेज खरोड़ा में प्रवेश उत्सव के अवसर पर नव प्रवेशी विद्यार्थियों का गर्मजोशी के साथ स्वागत किया गया। अभिभावकों की उपस्थिति में बच्चों को माल्यार्पण कर विद्यालय परिवार में शामिल किया गया।

कार्यक्रम में नव प्रवेशी विद्यार्थियों में मंजीत, अंकित, रितिका, अंजू और नैन सिंह शामिल रहे। इस मौके पर विद्यालय के प्रधानाचार्य गोविन्द सिंह रौथाण ने कहा कि विद्यालय की सभी गतिविधियों और नीतियों का उद्देश्य बच्चों का सर्वांगीण विकास करना है।

उन्होंने वर्तमान समय में सूचना प्रौद्योगिकी और कृत्रिम बुद्धिमत्ता के ज्ञान को अत्यंत आवश्यक बताया। एसएमसी अध्यक्ष तिलक राम डिमरी एवं शिक्षक-अभिभावक संघ के अध्यक्ष गोपाल दत्त डिमरी ने सरकारी विद्यालयों में उपलब्ध सुविधाओं को विद्यार्थियों के समग्र विकास के लिए महत्वपूर्ण बताया। कार्यक्रम का संचालन करते हुए सतपाल चौहान ने कहा कि प्रवेश उत्सव का मुख्य उद्देश्य अभिभावकों को सरकारी योजनाओं की जानकारी देना और नामांकन को बढ़ावा देना है।

वहीं आरती शर्मा ने मिड-डे मील, नि:शुल्क पाठ्य पुस्तकें, गणवेश, पुस्तकालय, कौशलम कार्यक्रम तथा नि:शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण जैसी योजनाओं की जानकारी दी। इस दौरान आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रमों में कक्षा 9 की नव्या ने प्रथम, कक्षा 12 की अरुणा ने द्वितीय तथा कक्षा 10 की शगुन ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। विज्ञान नाटिका में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सुरेन्द्र, जसपाल, अरुणा, रोहन और राजेंद्र को सम्मानित किया गया। विभिन्न श्रेणियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को भी पुरस्कृत किया गया।

बहुआयामी छात्र के रूप में कक्षा 12 के रोहन डिमरी को विशेष सम्मान मिला।

## पीएम इंटर्नशिप योजना को लेकर छात्रों को किया जागरूक

शाह टाइम्स संवाददाता

**रुद्रप्रयाग।** राजकीय महाविद्यालय रुद्रप्रयाग में भारत सरकार की महत्वाकांक्षी प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना के तहत एक जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। यह योजना वर्ष 2024 में कॉर्पोरेट मामलों के मंत्रालय द्वारा प्रारंभ की गई है, जिसका उद्देश्य आगामी पांच वर्षों में देश की शीर्ष 500 कंपनियों में युवाओं को एक करोड़ सशुल्क इंटर्नशिप के अवसर उपलब्ध कराना है। कार्यशाला का आयोजन पर्यटन विभाग के सहयोग से किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों को योजना से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां विस्तारपूर्वक दी गईं। कार्यशाला संयोजक डॉ. विक्रम भारती ने योजना के उद्देश्य, पात्रता, आवेदन प्रक्रिया एवं इससे मिलने वाले लाभों पर विस्तार से प्रकाश डाला। कार्यक्रम में प्रभारी प्राचार्य डॉ. अनीता बिष्ट, डॉ. मकान प्रकाश, डॉ. गोपी प्रसाद, सुश्री अंविता सिंह, डॉ. विशाल दत्ता, डॉ. सुरेंद्र सिंह, डॉ. रजनी रौठान सहित महाविद्यालय के अन्य प्राध्यापकगण उपस्थित रहे। वहीं आदर्श, दीपक, अजय, मनीष समेत बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग कर कार्यक्रम को सफल बनाया।

**न्यायालय श्रीमान कुटुम्ब न्यायाधीश महोदय, नई टिहरी, टि.ग.**
**मूल वाद सं.-16 सन-2026**
**प्रदीप गुनसोला**
**बनाम**
**श्रीमती नीलम**

**नोटिस बनाम**- नीलम पत्नी श्री प्रदीप गुनसोला पुत्री श्री मुरली सिंह रौतेला निवासी हाल मायका ग्राम व पोस्ट छिद्दरवाला, तहसील-ऋषिकेश, जिला-देहरादून उत्तराखंड।

चूँकि पिटिशनर ने धारा-13 हिन्दू विवाह अधिनियम के तहत आपके विरूद्ध एक पिटिशन विवाह विच्छेद के बाबत इस न्यायालय में प्रस्तुत की है, जिसमें सुनवाई हेतु दिन-30 माह-04 सन-2026 की तिथि नियत है।

एतद्द्वारा आपको सूचित किया जाता है, कि आपको यदि इस सम्बन्ध में कोई आपत्ति या जवाबदावा प्रस्तुत करना हो तो आप इस पिटिशन की सुनवाई हेतु नियत तिथि दिन-04 माह-02 सन-2026 को समय 10:00 बजे दिन स्वयं या अपने अभिभाषक/न्यायमित्र के माध्यम से इस न्यायालय में हाजिर आकर प्रस्तुत कर देवे, अन्यथा इस न्यायालय द्वारा पिटिशनर की पिटिशन की सुनवाई आपकी अनुपस्थिति में कर दी जायेगी।

अतः आज दिन 29 माह 03 सन-2026 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मुद्रा से जारी।

**आदेशानुसार**
**प्रबन्धक/रीडर**
**कुटुम्ब न्यायालय टिहरी गढ़वाल**

**NOTICE**

I RAMESH CHAND VARMA MY SON ARMY NO 5049765A NK MORDHVAJ VERMA, VILL/POST PAINTHA TEH-CHAATH, DIST MATHURA UP, MY NAME RAMESH CHAND VARMA, DATE OF BIRTH 1/07/1963 WRONGLY ENTERED IN MY SON ARMY RECORD CORRECT NAME IS RAMESH , DATE OF BIRTH IS 1/01/1968, AS PER ADHAR CARD.

**NOTICE**

I ARMY NO 5049417Y HAV RADHEY SHYAM VILLAGE SIMRAU ETAH UTTAR PRADESH. MY FATHER NAME IS JAWALA PRASAD , DATE OF BIRTH IS 1/07/1954 , WRONGLY ENTERED IN MY ARMY RECORD CORRECT NAME IS JVALA PRASAD ,DATE OF BIRTH IS 1/01/1953, AS PER ADHAR CARD.

# तहसील दिवस में 10 शिकायतों में 7 का किया गया निस्तारण

शाह टाइम्स संवाददाता

**रुद्रप्रयाग।** जिलाधिकारी विशाल मिश्रा के निर्देशन में तहसील मुख्यालय पर आयोजित तहसील दिवस उप जिलाधिकारी रुद्रप्रयाग सोहन सिंह सैनी की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। इस दौरान क्षेत्र के विभिन्न गांवों से पहुंचे फरियादियों ने अपनी समस्याएं अधिकारियों के समक्ष रखीं।

कार्यक्रम में कुल 10 शिकायतें दर्ज की गईं, जिनमें से 7 का मौके पर ही संबंधित विभागीय अधिकारियों




द्वारा निस्तारण कर दिया गया, जबकि शेष 3 शिकायतों को कार्रवाई के लिए संबंधित विभागों को प्रेषित किया गया। तहसील दिवस के दौरान भैसगांव के प्रधान धर्मेंद्र जगवाण ने भैसगांव मोटर मार्ग के चौड़ीकरण व डामरीकरण की मांग उठाई। वहीं आगर की तनिष्का, त्यूंखर की इशिता तथा घिमतोली गांव के रजत सहित अन्य ग्रामीणों ने नवोदय विद्यालय में प्रवेश हेतु ग्रामीण क्षेत्र प्रमाण पत्र जारी करने की मांग को लेकर प्रार्थना पत्र सौंपा। उप जिलाधिकारी सोहन सिंह सैनी ने कहा कि तहसील दिवस का उद्देश्य स्थानीय स्तर पर लोगों की समस्याओं को सुनकर उनका त्वरित समाधान करना है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि लंबित शिकायतों का शीघ्र निस्तारण संबंधित विभागों के माध्यम से सुनिश्चित किया जाएगा। इस अवसर पर विभिन्न विभागों के अधिकारी, कर्मचारी एवं स्थानीय नागरिक मौजूद रहे।

**न्यायालय जिला न्यायाधीश टिहरी गढवाल, नई टिहरी।**
**उत्तराधिकारी वाद/प्रकीर्ण संख्या 01 सन् 2026**

**प्रार्थी**- विशन सिंह पुत्र स्व. गुलाब सिंह, निवासी ग्राम- सेमवालगांव, पट्टी जुवा तहसील टिहरी, जिला टिहरी गढवाल उत्तराखंड।

**बनाम**

**विपक्षीगण**- समस्त रिश्तेदारान आम व खास जनमानस/सर्वसाधारण एवं सबन्धी मृतका स्व. बचनी देवी पुत्री स्व. इन्द्र सिंह निवासी ग्राम-सेमवालगांव पट्टी जुवा तहसील टिहरी, जिला टिहरी गढवाल उततराखंड।

चूंकि प्रार्थी ने मृतका बचनी देवी पुत्री स्व. इन्द्र सिंह, निवासी ग्राम सेमवालगांव पट्टी जुवा तहसील, टिहरी, जिला टिहरी गढवाल की दिनांक-10.06.2020 को मृत्यु हो जाने के कारण उसके नाम भारतीय स्टेट बैंक की शाखा काण्डीखाल, जिला टिहरी गढवाल के खाते में जमा मु.-79,124/रू. की धनराशि के बावत उत्तराधिकार प्रमाण पत्र प्राप्त करने हेतु इस न्यायालय में एक प्रार्थनापत्र भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम 1925 की धारा 372 सपठित धारा 360 उत्तराखंड समान नागरिक संहिता 2024 के तहत प्रस्तुत किया गया है, जिसमें सुनवाई हेतु दिन 17 माह 04 सन् 2026 की तिथि नियत है।

एतद्द्वारा आपको सूचित किया जाता है कि आपको यदि स बावत कोई आपत्ति हो तो आप उक्त नियत तिथि दिन 17 माह 04 सन् 2026 को समय 10,00 बजे दिन स्वय या अपने अभिभाषक के माध्यम से इस न्यायालय में हाजिर आकर प्रस्तुत कर देवें, अन्यथा इस न्यायालय द्वारा प्रार्थी के प्रार्थनापत्र की सुनवाई आपकी अनुपस्थिति में एकपक्षीय रूप से कर दी जाएगी।

अतः आज दिनांक-16 माह 03 सन् 2026 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मुद्रा से जारी।

**आदेशानुसार**
**मुख्य प्रबंधक**
**कार्यालय जिला जजी**
**नई टिहरी, टिहरी गढवाल**

# उपभोक्ताओं के अधिकारों का उल्लंघन कर रहे व्यावसायिक प्रतिष्ठान : फाऊंडेशन

शाह टाइम्स संवाददाता

**विकासनगर।** पुकार डेवलपमेंट फाऊंडेशन ने विकासनगर तहसील क्षेत्र के अंतर्गत होटल्स, रिसॉर्ट, वेडिंग पॉइंट, कंप्यूटर ऑपरेटर, सी. एस.सी सेंटर और अन्य व्यावसायिक प्रतिष्ठानों द्वारा बिलिंग अनियमितताओं, उपभोक्ता अधिकारों के उल्लंघन एवं अवैध संचालन के संबंध में एसडीएम विकासनगर को ज्ञापन सौंपा।

पुकार डेवलपमेंट फाऊंडेशन के मैनेजिंग डायरेक्टर सुदेश तोमर ने एसडीम विकासनगर को सौंपे ज्ञापन में कहा कि विकासनगर तहसील क्षेत्र के अंतर्गत होटल्स, रिसॉर्ट, वेडिंग पॉइंट, कंप्यूटर ऑपरेटर, सी.एस.सी सेंटर और अन्य व्यावसायिक प्रतिष्ठानों द्वारा बिलिंग अनियमितताओं, उपभोक्ता अधिकारों के उल्लंघन एवं अवैध



संचालन की समस्या का प्रशासन द्वारा गंभीरता से लेकर के और सटीक जांच करी जाए जिससे नए और पुराने व्यापारियों के लिए उचित माहौल बन सके और स्वस्थ वातावरण में ग्राहक अपने को ठगा हुआ महसूस ना करें।

फाऊंडेशन द्वारा बताया गया कि अधिकांश प्रतिष्ठान ग्राहकों को सेवाओं के बदले पक्का बिल प्रदान नहीं कर रहे हैं, जो कि नियमों के विरुद्ध है। ज्ञापन में कहा गया कि प्रोफेशनल कार्यालयों और व्यावसायिक केंद्रों में 'रेट चार्ट' या 'फीस बोर्ड' प्रदर्शित नहीं किया गया है, जिससे उपभोक्ताओं से मनमाना शुल्क वसूला जा रहा है। इसके अलावा कई स्थानों पर व्यावसायिक गतिविधियां बिना किसी बोर्ड या पंजीकरण के संचा. लित की जा रही हैं। फाऊंडेशन ने संबंधित विभागों (राजस्व और जी. एस.टी, ए.एस.टी विभाग) के माध्यम से सभी क्षेत्र के प्रतिष्ठानों की औचक जांच कराए जाने की मांग की है।

**NOTICE**

I SHEELA DEVI MY SON ARMY NO 5049765A NK MORDHVAJ VERMA, VILL/POST PAINTHA TEH- CHAATH DIST- MATHURA UP, MY NAME SHEELA DEVI, DATE OF BIRTH 1/07/1967 WRONGLY ENTERED IN MY SON ARMY RECORD CORRECT NAME IS SHILA DEVI , DATE OF BIRTH IS 1/01/1950 AS PER ADHAR CARD.

**सूचना**

सभी दस्तावेजों में मेरा नाम आसमीन है, जबकि घर पर मुझे यासमीन के नाम से जाना जाता है। आसमीन व यासमीन दोनो नाम मेरे ही है। भविष्य में मुझे आसमीन के नाम से जाना पहचाना पढ़ा व लिखा जाए।

**आसमीन पत्नी सनव्वर अली**
**निवासी ग्राम लक्ष्मीपुर पोस्ट सहसपुर, तहसील विकासनगर, जिला देहरादून, उत्तराखंड।**

**कार्यालय नगरपालिका परिषद, विकासनगर ( देहरादून )**

पत्रांक-23/ठेके०-पंजी०/2025-26 दिनांक 07.04.2026

**सार्वजनिक सूचना**

नगर पालिका परिषद विकासनगर जिला देहरादून द्वारा उत्तराखण्ड (उ.प्र. नगर पालिका अधिनियम-1916) अनुकूलन एवं उपान्तरण आदेश-2002 (उत्तराखण्ड में यथाप्रवृत्त) की धारा-298(2) लिस्ट जे० (डी०) के अन्तर्गत नगर पालिका परिषद, विकासनगर के सिविल कार्यों के सम्पादन हेतु उत्तराखण्ड शासकीय गजट में दिनांक 25.11.2017 में प्रकाशित ठेकेदारी नियंत्रित एवं पंजीकरण (संशोधित) उपविधि-2017 एवं इस उपविधि के नियम-05 में हुए संशोधन जो उत्तराखण्ड शासकीय गजट में प्रकाशित है। उपरोक्त उपविधि में वर्तमान आवश्यकता के दृष्टिगत निम्नलिखित संशोधन किया जाता है, जो नगर पालिका अधिनियम-1916 की धारा-301 की उपधारा (1) के अन्तर्गत जन सामान्य अथवा जिन पर इस उपविधि का प्रभाव पडने वाला हो, उनसे आपत्ति एवं सुझाव प्राप्ति हेतु संशोधित उपविधि प्रकाशित की जा रही है।

अतः समाचार पत्र में प्रकाशन की तिथि से 30 दिन के अन्दर अपने लिखित सुझाव एवं आपत्ति अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद, विकासनगर को प्रेषित किये जा सकते है, बादमियाद् प्राप्त आपत्ति एवं सुझाव पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

**ठेकेदारी नियंत्रित एवं पंजीकरण ( संशोधित ) उपविधि-2017**

| स्तम्भ-1 | स्तम्भ-2 |
|---|---|
| **विद्यमान नियम** | **एतदृद्वारा प्रतिस्थापित नियम** |
| **नियम-5 पंजीकरण की अवधि**<br>प्रत्येक वित्तीय वर्ष में मात्र अप्रैल से अक्टूबर तक ठेकेदारों के पंजीकरण किये जा सकेगें तथा उसके उपरान्त ठेकेदारी पंजीकरण 2 गुणा पंजीकरण शुल्क दिये जाने पर किये जायेगें। पंजीकरण का निर्धारित प्रार्थना पत्र प्रारूप रु. 250.00 पालिका कोष में जमा कर क्रय करना होगा तथा पंजीकरण हेतु प्रार्थना पत्र निर्धारित प्रारूप में मान्य होगा जो अवर अभियन्ता की संस्तुति पर अधिशासी अधिकारी द्वारा स्वीकृत किया जायेगा। | **नियम-5 पंजीकरण की अवधि**<br>ठेकेदारी नियंत्रण एवं पंजीकरण (संशोधित) उपविधि-2017 में आंशिक संशोधन करते हुए प्रत्येक वर्ष ठेकेदारों के पंजीकरण प्रत्येक वर्ष माह माह अप्रैल में पंजीकरण / नवीनीकरण किये जाने का प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किया गया। |

**( बी.पी.भटट् )**
**अधिशासी अधिकारी**

**( धीरज बॉबी नौटियाल )**
**अध्यक्ष**

# नगर निगम देहरादून ने शुरू किया स्वच्छता सप्ताह अभियान

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** शहरी विकास निद. ेशालय, उत्तराखण्ड के निर्देशानुसार 07 से 13 अप्रैल तक "स्वच्छता सप्ताह अभियान" चलाया जा रहा है। नगर निगम देहरादून ने नगर आयुक्त नमामि बंसल के निर्देशों के क्रम में पहले दिन नगर निगम क्षेत्र के प्रमुख व्यावसायिक स्थलों पर विशेष सफाई अभियान की शुरुआत की गई।

अभियान का विधिवत शुभारंभ वार्ड 19, घंटाघर स्थित पलटन बाजार से महापौर सौरभ थपलियाल द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम के अंतर्गत पलटन बाजार के समस्त मुख्य मार्गों एवं व्यावसायिक स्थलों पर विशेष साफ-सफाई अभियान संचालित किया गया। साथ ही नगर निगम क्षेत्र के अन्य लगभग 100 वार्डों में 9 नोडल अधिकारियों के नेतृत्व में वाणिज्यिक क्षेत्रों में विशेष सफाई अभियान चलाया गया।

इस अवसर पर क्षेत्रीय पार्षद संतोख सिंह नागपाल, रोहन चंदेल, वैभव अग्रवाल, अपर नगर आयुक्त प्रवीण कुमार (आईएएस), सहायक नगर आयुक्त राजबीर सिंह चौहान तथा संबंधित वार्ड के सफाई निरीक्षक, सुपरवाइजर एवं सफाई मित्र उपस्थित रहे।



**13 अप्रैल तक चलेगा कार्यक्रमः महापौर सौरभ थपलियाल, पार्षद व नगर आयुक्त नमामि बंसल रहे मौजूद**

अभियान के दौरान प्रमुख बाजारों एवं वाणिज्यिक स्थलों पर विशेष क्लीन-अप ड्राइव संचालित की गई।

साथ ही नदी-नालों एवं नालियों की सफाई कर जलभराव की संभावनाओं को कम करने हेतु कार्यवाही की गई तथा आमजन एवं व्यापारियों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया। अभियान के अंतर्गत आगामी दिनों में भी निर्धारित गतिविधियों के अनुसार शहरभर में विशेष साफ-सफाई, जन-जागरूकता एवं स्रोत पर कूड़ा पृथक्करण को बढ़ावा देने के कार्य निरंतर संचालित किए जाएंगे नगर आयुक्त ने बताया कि इस सप्ताह चलने वाले अभियान के अंतर्गत वार्डो में स्वच्छतम वार्ड - स्वच्छतम गली चिन्हित कर उनको सम्मानित भी किया जाएगा महापौर सौरभ थपलियाल द्वारा नागरिकों से अपील की गई कि वे स्वच्छता को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाएं एवं नगर निगम के प्रयासों में सक्रिय सहयोग प्रदान करें। नगर निगम देहरादून स्वच्छ, सुंदर एवं स्वस्थ शहर के निर्माण के लिए प्रतिबद्ध है और "स्वच्छता सप्ताह" को जन-आंदोलन का रूप देने के लिए निरंतर कार्यरत रहेगा।

# क्षतिग्रस्त आवासीय भवनों का मुआवजा न मिलने पर रोष

**प्रभावितों ने रोका श्रीनगर से डुंगरीपंथ तक रेलवे निर्माण कार्य**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**श्रीनगर।** नगर निगम के रेवड़ी कांडई टीचर्स कॉलोनी में बीते वर्ष हुए भू-धंसाव के चलते क्षतिग्रस्त हुए आवासीय भवन का प्रभावितों मुआवजा न मिलने पर मंगलवार को प्रभावितों ने श्रीनगर से लेकर डुंगरीपंथ तक रेलवे निर्माण कार्य पूर्ण रूप से बंद करवाया। इस दौरान प्रभावितों ने निर्माणदायी संस्था के कार्यालयों में तालाबंदी की गई। प्रभावितों ने कहा कि रेलवे निर्माण कार्य में हुई ब्लॉस्टिंग के चलते उनके आवासीय भवनों में क्षति पहुंची है, लेकिन रेलवे विभाग द्वारा मुआवजा को लेकर कोई उचित कार्यवाही नहीं की है। इस मौके पर उन्होने प्रशासन और रेलवे प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी करते हुए जल्द प्रभावितों का मुआवजा दिए जाने की मांग भी की। बताते चले कि बीते वर्ष हुई तेज बारिश के चलते घसियामहादेव स्थित टीचर्स कॉलोनी में भू-धसाव होने के कारण आठ मकानों में पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गये थे। प्रभावित वासुदेव कंडार ने कहा कि वह 2004 से इस क्षेत्र में रह रहे हैं, लेकिन रेल सुरंग निर्माण के दौरान कंपनी ने मानकों की अनदेखी करते हुए भारी विस्फोट किए, जिससे जमीन खिसकने लगी। जिसके परिणाम स्वरूप सितम्बर माह में आवसीय भवन रहने लायक नहीं रहें। बताया कि पूर्व में इसकों को लेकर रेलवे विभाग और जिला प्रशासन से पहुंची भू-वैज्ञानिक विशेषज्ञों द्वारा इसका निरीक्षण किया गया था, लेकिन अभी तक प्रभावितों का मुआवजा नहीं मिल पाया है। कहा कि यदि जल्द से प्रभावितों का मुआवजा नहीं दिया गया तो, वह रेलवे का निर्माण कार्य पूर्ण रूप से बंद रखा जायेगा। वहीं मौके पर रेलवे विभाग के साथ ही स्थानीय प्रशासन का कोई भी सक्षम अधिकारी मौके पर नहीं पहुंचे। विरोध प्रदर्शन करते हुए व्यापार सभा के अध्यक्ष दिनेश असवाल, डांग व्यापार सभा के अध्यक्ष सौरभ पाण्डेय, भाजायुमो के पूर्व प्रदेश मंत्री डॉ. सुधीर जोशी, भाजपा पूर्व मंडल अध्यक्ष जितेंद्र धिरवाण, झाबर सिंह रावत, नरेश नौटियाल, जितेंद्र रावत सहित आदि मौजूद थे।

**भू वैज्ञानिक कर चुके निरीक्षण**

" पूर्व में जिला प्रशासन और रेलवे प्रशासन की भू-वैज्ञानिकों की संयुक्त टीम ने रेवड़ी कांडई टीचर्स कॉलोनी के भू-धसाव की घटना का निरीक्षण किया गया था। जिसको लेकर जिला प्रशासन द्वारा प्रभावित आवासीय भवनों का आकंलन तैयार आरवीएनएल को भेजा गया था, लेकिन अभी तक प्रभावितों का मुआवजा आवंटित नहीं हुआ है। आज की घटना को लेकर उपजिलाधिकारी को रेलवे प्रशासन के सक्षम अधिकारियों के मध्यस्ता में वार्ता कर समाधान निकालने के निर्देश दिए गये है।"

# 25 वर्षों बाद निकली भगवती चण्डिका की दिवारा यात्रा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ऊखीमठ/रुद्रप्रयाग।** चोपता क्षेत्र में इन दिनों भगवती चण्डिका की दिवारा यात्रा आस्था और श्रद्धा का केंद्र बनी हुई है। लगभग 25 वर्षों के लंबे अंतराल के बाद आयोजित यह दिव्य यात्रा क्षेत्र के विभिन्न गांवों का भ्रमण करते हुए भक्तों को आशीर्वाद प्रदान कर रही है। यात्रा के गांव-गांव पहुंचने पर श्रद्धालुओं में भारी उत्साह देखा जा रहा है और जगह-जगह पूजा-अर्चना व भजन-कीर्तन के साथ देवी का भव्य स्वागत किया जा रहा है।

दिवारा यात्रा के दौरान भगवती चण्डिका डोली के रूप में विरा. जमान होकर प्रत्येक गांव में पहुंचकर ग्रामीणों की कुशलक्षेम पूछ रही हैं। ग्रामीण पारंपरिक वेशभूषा में देवी की अगवानी कर सुख-समृद्धि की कामना कर रहे हैं। यात्रा के चलते पूरे क्षेत्र में धार्मिक वातावरण बना हुआ है तथा लोक संस्कृति की झलक भी देखने को मिल रही है। जानकारी के अनुसार यह दिवारा यात्रा आगामी 27 अप्रैल तक जाखणी, मलाऊं व फलासी क्षेत्र के विभिन्न गांवों का भ्रमण करती रहेगी। इस दौरान देवी भक्तों को आशीर्वाद देने के साथ-साथ क्षेत्र की खुशहाली और समृद्धि का संदेश भी दे रही हैं। यात्रा में स्थानीय युवाओं, महिला मंगल दलों और विभिन्न सामाजिक संगठनों की सक्रिय भागीदारी देखने को मिल रही है।



दूसरी ओर भगवती चण्डिका की तपस्थली फलासी गांव में आगामी 30 अप्रैल से आयोजित होने वाले नौ दिवसीय महा बन्याथ (महायज्ञ) की तैयारियां भी जोर-शोर से शुरू हो गई हैं। आयोजन समिति द्वारा यज्ञ स्थल की साफ-सफाई, व्यवस्थाओं के निर्माण तथा श्रद्धालुओं के ठहरने और भोजन की समुचित व्यवस्था की जा रही है।

तुगेश्वर मन्दिर समिति अध्यक्ष मानवेन्द्र बर्त्वाल ने बताया कि महा बन्याथ के दौरान धार्मिक अनुष्ठान, हवन-यज्ञ, कथा-कीर्तन और भंडारे का आयोजन किया जाएगा, जिसमें दूर-दूर से श्रद्धालु भाग लेंगे। यह आयोजन न केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक होगा, बल्कि क्षेत्र की सांस्कृतिक विरासत को भी सशक्त बनाएगा। सचिव पूर्ण सिंह खत्री का मानना है कि भगवती चण्डिका की दिवारा यात्रा और महा बन्याथ जैसे आयोजन क्षेत्र में सकारात्मक ऊर्जा का संचार करते हैं और समाज में एकता, सहयोग तथा धार्मिक मूल्यों को मजबूती प्रदान करते हैं। आयोजन समिति ने श्रद्धालुओं से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर धार्मिक आयोजनों में सहभागिता करें तथा व्यवस्थाओं को बनाए रखने में सहयोग दें।

# चारधाम यात्रा से पहले सड़कों के सुधारीकरण व डामटा बैरियर हटाने के निर्देश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**उत्तरकाशी।** आगामी चारधाम यात्रा की तैयारियों को लेकर मंगलवार को जिला सभागार में जिले के प्रभारी मंत्री सौरभ बहुगुणा ने अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक में मंत्री ने स्पष्ट निर्देश दिये है कि चारधाम यात्रा न केवल उत्तराखंड बल्कि करोड़ों श्रद्धालुओं की आस्था का केंद्र है, इसलिए व्यवस्थाओं में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। मंत्री ने विशेष रूप से धामों में मांस, शराब और नशे की सामग्री पहुंचाने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए। उन्होंने प्रशासन को सख्त निगरानी रखने और ऐसे तत्वों पर तुरंत कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा।

बैठक के दौरान सामाजिक कार्यकर्ता शरद चौहान ने यमुनोत्री धाम के मुख्य द्वार राना चट्टी में संच. ालित शराब की दुकान को हटाने की मांग उठाई। इस पर मंत्री ने मामले को गंभीरता से लेते हुए उचित कार्रवाई का भरोसा दिलाया। वहीं पूर्व विधायक केदार सिंह रावत ने वर्ष 2021 में यमुनोत्री धाम में आपदा कार्यों के लिए करीब 34 करोड़ 80 लाख रुपये की धनराशि स्वीकृत हुई थी। जिसमें टेंडर प्रक्रिया पूरी होने के बावजूद अब तक इस धनराशि के उपयोग की स्थिति स्पष्ट नहीं है। इस पर मंत्री सौरभ बहुगुणा ने कहा कि मामला उनके संज्ञान में अभी आया है और इसकी जांच कराई जाएगी।



समीक्षा बैठक में सुलभ शौचालयों की खराब स्थिति पर भी गहरी नारा. जगी जताई गई। मंत्री ने संबंधित अधिकारियों को दो दिनों के भीतर शौचालयों की सफाई व्यवस्था दुरुस्त करने, सफाई कर्मियों की तैनाती का पूरा ब्यौरा प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। साथ ही चेतावनी दी कि तय समय में सुधार न होने पर पुलिस अधीक्षक द्वारा संबंधित के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया जाएगा।

मंत्री ने सभी बिंदुओं पर संबंधित विभागों को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए और भरोसा दिलाया कि चारधाम यात्रा को सुव्यवस्थित और सुरक्षित बनाने के लिए हर संभव कदम उठाए जाएंगे। बैठक में यात्रा को सुरक्षित,सुगम और व्यवस्थित बनाने पर विशेष जोर दिया गया। गंगोत्री नेशनल हाईवे की समीक्षा के दौरान स्थानीय हितधारकों ने आपदा से क्षतिग्रस्त सड़क मार्ग यथा चढ़ेथी,लिमच्यागाड़ और गंगनानी में सड़क मार्ग को शीघ्र दुरुस्त करने और पूरे मार्ग को गड्ढामुक्त बनाने की मांग रखी। इस पर कैबिनेट मंत्री ने बीआरओ को निर्देश देते हुए कहा कि यात्रा शुरू होने से पहले सड़क मार्ग का सुधारीकरण कार्य हर हाल में पूरा किया जाए।

होटल एसोसिएशन द्वारा यात्रियों की सीमित संख्या की बाध्यता हटाने की मांग पर कैबिनेट मंत्री ने कहा कि यात्रियों की सुरक्षा सर्वोपरि है। उन्होंने निर्देश दिए कि ऑनलाइन व्यवस्था के साथ-साथ ऑफलाइन पंजीकरण की सुविधा भी उपलब्ध कराई जाएगी, ताकि यात्रियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। बैठक में पुलिस बैरियर डामटा एवं कटॉपत्थर को हटाने की मांग भी उठी,जिस पर कैबिनेट मंत्री ने डामटा बैरियर को हटाने के निर्देश एसपी को दिए तथा कटॉपत्थर बेरियर को भी हटाने का भरोसा दिया। वहीं होटल एसोसिएशन ने चारधाम यात्रा के दौरान स्पेशल पैकेज के तहत व्यावसायिक गैस सिलेंडरों की उपलब्धता सुनिश्चित करने की मांग की। इसके अतिरिक्त चारधाम यात्रा मार्ग पर सुलभ शौचालयों की व्यवस्थाओं को लेकर भी कैबिनेट मंत्री ने शौचालयों में तैनात कर्मियों का सत्यापन कर तीन दिन के भीतर सूची जिला प्रशासन को उपलब्ध कराने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए।

स्थानीय हितधारकों की मांग पर कैबिनेट मंत्री ने धार्मिक स्थलों पर मास, मदिरा का उपयोग न हो तथा किसी की संलिप्तता पाए जाने पर पुलिस को सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए। बैठक में जिला पंचायत अध्यक्ष रमेश चौहान,डीएम प्रशान्त आर्य,एसपी कमलेश उपाध्याय,सीडीओ जयभारत सिंह,विधायक सुरेश चौहान, यमुनोत्री विधायक संजय डोभाल,दर्जा राज्य मंत्री प्रताप पंवार,जगत सिंह चौहान, रामसुंदर नौटियाल,जिलाध्यक्ष भाजपा नागेंद्र सिंह चौहान,प्रदेश उपाध्यक्ष भाजपा डॉ.स्वराज विद्वान,प्रदेश मीडिया प्रभारी भाजपा मनवीर चौहान,पूर्व विधायक केदार सिंह रावत, जिला पंचायत सदस्य दीपेंद्र कोहली,होटल एसोसिएशन अध्यक्ष शैलेन्द्र मटूड़ा , डॉ चंडी प्रसाद भट्ट, सुरेंद्र सिंह पंवार सहित अन्य अधिकारी एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। इसके अलावा मंदिर समिति के पदाधिकारी एवं बस व टैक्सी यूनियन के पदाधिकारी वर्चुल माध्यम से जुड़े रहे।

# स्थानीय ज्ञान को वैश्विक मंच से जोड़ने पर दिया जोर

**ग्रामीण प्रौद्योगिकी विभाग एवं मौल्यार फाउंडेशन के ओर से राष्ट्रीय संगोष्ठी आयोजित**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**श्रीनगर।** हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल विश्वविद्यालय के ग्रामीण प्रौद्योगिकी विभाग एवं मौल्यार फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में अंतर्राष्ट्रीय महिला किसान वर्ष के उपलक्ष्य में मंगलवार को एक दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी आयोजित की गई। उत्तराखंड की महिला किसान उद्यमीः स्थानीय ज्ञान से वैश्विक लक्ष्यों तक सतत आजी. विका का मार्ग विषय पर आयोजित गोष्ठी में कृषक महिलाओं ने बढ़चढ़ कर प्रतिभाग किया। कार्यक्रम में गढ़वाल विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. श्रीप्रकाश सिंह ने पहाड़ी महिलाओं की भूमिका को सराहते हुए कहा कि कठिन भौगोलिक परिस्थितियों के बावजूद उनका कृषि क्षेत्र में योगदान अत्यंत प्रेरणादायक है। उन्होंने स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देने और विश्व. विद्यालय की सामाजिक जिम्मेदारी निभाते हुए राज्य के विकास में सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने पर जोर दिया। संगोष्ठी में पहुंचे प्रो. एके बागी ने पारंपरिक पहाड़ी उत्पादों और जैव विविधता के संरक्षण को आवश्यक बताते हुए कहा कि दोनों एक-दूसरे के पूरक हैं। उन्होंने आधुनिक परिवहन व्यवस्था के माध्यम से पहाड़ी उत्पादों को बाजार तक पहुंचाने की आवश्यकता पर बल दिया। कृषि विज्ञान संकायाध्यक्ष प्रो. एके नेगी ने कृषि उद्यमिता में पारंपरिक ज्ञान के संरक्षण को जरूरी बताया। उन्होंने कहा कि विलुप्त होती पारंपरिक पद्धतियों को पुनर्जीवित करने के साथ-साथ डिजिटल प्लेटफॉर्म के जरिए बाजार तक पहुंच बढ़ाने की दिशा में ठोस प्रयास किए जाने चाहिए।

संगोष्ठी में वक्ता ममता पांगती ने महिला किसानों की भूमिका को उद्यमी के रूप में मजबूत करने की आवश्यकता जताई। उन्होंने उत्तराखंड की महिलाओं के पारंपरिक ज्ञान को अंतरराष्ट्रीय लक्ष्यों से जोड़ने और "डिजिटल सहेली" जैसे प्लेटफॉर्म को वैश्विक पहचान दिलाने पर जोर दिया। कार्यक्रम के संयोजक एवं ग्रामीण प्रौद्योगिकी के विभागाध्यक्ष प्रो. आरएस नेगी ने महिला कृषि उद्यमिता और सतत कृषि को वर्तमान समय की आवश्यकता बताया। उन्होंने जमीनी स्तर के उद्यमियों, कृषि विशेषज्ञों और गैर-लाभकारी संगठनों के समन्वय को महत्वपूर्ण बताया। मौके पर दुर्गा सिंह भंडारी, संगोष्टी के सह-संयोजक डॉ. संतोष सहित आदि मौजूद थे।

## पत्नी ने पति को प्रेमिका के साथ पकड़ा

**हल्द्वानी।** प्रेमिका के साथ आपत्ति. जनक हालत में पकड़े जाने के बाद आरोपी पति बौखला गया। सवाल-जवाब करने पर आरोपी ने पत्नी पर हमला कर दिया और पीट-पीटकर उसे लहूलुहान कर डाला। पुलिस ने पीड़िता पत्नी की तहरीर पर आरोपी पति के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। हल्द्वानी कोतवाली क्षेत्र के फूलचौड़ में रहने वाली महिला ने पुलिस को बताया कि बीती 5 अप्रैल को उसने अपने पति को एक महिला के साथ आपत्तिजनक हालत में निर्वस्त्र पकड़ लिया। जब पत्नी ने इस बात पर पति से पूछताछ की तो वह बौखला गया। आरोप है कि दारू पीने के बाद घर पहुंचा पति, पत्नी पर हमलावर हो गया। उसने पत्नी को बुरी तरह पीटा और इस पर भी मन नहीं भरा तो लकड़ी की कुर्सी से पत्नी पर हमला कर दिया।

# 108 गांवों में गूंजेगी हनुमान चालीसा, विश्व हिंदू परिषद ने बनाई बड़ी रणनीति

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**उत्तरकाशी।** हनुमान मंदिर में विश्व हिंदू परिषद की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता केंद्रीय पदाधिकारी एवं गो रक्षा विभाग के सह मंत्री दिनेश उपाध्यक्ष तथा जिला अध्यक्ष अजय प्रकाश बडोला ने की। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन के साथ शुभारंभ हुआ। बैठक में संगठन विस्तार पर विशेष जोर दिया गया और कार्यकर्ताओं को गांव-गांव तक संगठन मजबूत करने के लिए मार्गदर्शन दिया गया। निर्णय लिया गया कि हर गांव में विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल का गठन कर हिंदू समाज को जागरूक किया जाएगा। संगठन मंत्री अजय ने बताया कि हनुमान चालीसा पाठ के माध्यम से गांवों के विकास और बजरंग दल के गठन को बढ़ावा दिया जाएगा। पहले चरण में 108 गांवों में हनुमान चाली. सा समितियों का गठन किया जाएगा। साथ ही ग्राम स्तर पर भी बजरंग दल की समितियां बनाई जाएंगी।

बैठक में यह भी बताया गया कि विश्व हिंदू परिषद की दुर्गा वाहिनी के माध्यम से महिलाओं को स्वरोजगार से जोड़ने के लिए सिलाई, मेहंदी आदि प्रशिक्षण योजनाएं चलाई जाएंगी।प्रांत बजरंग दल संयोजक पूरन सिंह जोशी ने कहा कि बजरंग दल युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने और नशामुक्ति अभियान में सक्रिय भूमिका निभाएगा।

बैठक का संचालन जिला मंत्री कीर्ति सिंह महर ने किया। जिला अध्यक्ष अजय प्रकाश बडोला ने बताया कि सेवानिवृत्त कर्मचारियों को संगठन से जोड़कर जनपद में सेवा कार्यों को बढ़ाया जाएगा, जिससे समाज निर्माण और राष्ट्र निर्माण को गति मिलेगी।

इस अवसर पर जिला सह मंत्री उमेद सिंह चौहान, धर्मेंद्र पंवार, राजपाल पंवार, नगर अध्यक्ष शंभू प्रसाद खंडूरी, विभाग मंत्री गणेश महाराज, महिपाल सिंह परमार सहित कई पदाधिकारी उपस्थित रहे।

साथ ही साक्षी, मीनाक्षी और अर्जुन भंडारी को दुर्गा वाहिनी की सदस्यता दिलाई गई। युवाओं ने भी उत्साहपूर्वक सदस्यता ग्रहण की। लेफ्टिनेंट मान सिंह रावत को जिला सेवा प्रमुख तथा कमलेश्वरी देवी भंडारी को मातृशक्ति सह संयोजिका नियुक्त किया गया।

# दर्शक अब एक बार फिर लंबी अवधि वाली फिल्मों को कर रहे स्वीकार :इम्तियाज

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** दून बुक फेस्टिवल 2026 का चौथा दिन साहित्यिक सत्रों, चर्चाओं, सांस्कृतिक प्रस्तुतियों और आपसी बातचीत का एक दिलचस्प मेल रहा। चौथे दिन का मुख्य आकर्षण जाने-माने फिल्म निर्माता निर्देशक इम्तियाज अली रहे, जो एक विशेष सत्र में शामिल हुए।

उन्होंने अपनी रचनात्मक यात्रा और निजी अनुभवों से जुड़ी बातें साझा कीं। अपने बचपन के किस्से सुनाते हुए इम्तियाज अली ने बताया कि बचपन में वह छिप-छिपकर फिल्में देखा करते थे। अपनी मशहूर फिल्म श्रॉकस्टारश और कश्मीर में शूटिंग के अनुभवों पर बात करते हुए उन्होंने कहा कि ष्कश्मीर में शूटिंग करना सचमुच एक बहुत ही खास और यादगार अनुभव था।ष बातचीत के दौरान उन्होंने अपने शुरुआती दिनों और रेल यात्राओं के प्रति अपने लगाव के बारे में भी बताया। फिल्म श्धुरंधरश पर चर्चा करते हुए उन्होंने कहा, ष्लोग अब सिनेमाघरों में वापस आने लगे हैं, और दर्शक अब एक बार फिर लंबी अवधि वाली फिल्मों को स्वीकार कर रहे हैं।




**दून बुक फेस्टिवल के चौथे दिन दिग्गज फिल्म निर्माता निर्देशक अली ने विशेष सत्र में किया फिल्मी अनुभवों को साझा**

**चिल्ड्रन्स कॉर्नर में 1000 बच्चों ने दिखाई प्रतिभा**

चौथे दिन चिल्ड्रन्स कॉर्नर (बच्चों का कोना) उत्साह, रचनात्मकता और खुशी से सराबोर रहा, जिसमें लगभग 1,000 बच्चों ने हिस्सा लिया। दिन की शुरुआत एक्ट इट आउट सत्र से हुई, जिसमें आस्था और तस्नीम ने अपने शानदार अभिनय के जरिए दो मधुमक्खियों मीठा और मीठी की कहानी को जीवंत कर दिया। इसके बाद फरमान और मुस्कान द्वारा आयोजित एक मजेदार क्लाउनिंग वर्कशॉप हुई, जिसमें बच्चों ने अलग-अलग जोकर किरदार बनाने का खूब आनंद लिया। ष्कम्युनिकेशन स्किल्स वर्कशॉप में आभा मैसी ने बच्चों को आत्मविश्वास के साथ अपनी बात कहने के आसान तरीके सिखाए। दिन का समापन रामलाल भट्ट के कार्यक्रम पपेट्स इन कम्युनिकेशन के साथ हुआ, जिसमें कठपुतली कला को सीखने के एक प्रभावी और दिलचस्प माध्यम के रूप में प्रस्तुत किया गया। ऐपन आर्ट, आर्ट एंड क्राफ्ट और कलर मी जैसी गतिविधियों ने बच्चों के मनोरंजन और सीखने के अनुभव को और भी समृद्ध बनाया।

**पुस्तक महोत्सव में आज होंगे कई कार्यक्रम**

**देहरादून।** बुक फेस्टिवल 8 अप्रैल को भी कई रोमांचक कार्यक्रम पेश करता रहेगा। इसका एक मुख्य आकर्षण होगा, भारतीय वायु सेना के फाइटर पायलट और अंतरिक्ष यात्री ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला (अशोक चक्र) का एक विशेष सत्र। इसके अलावा, ष्यूनिफॉर्म में नेतृत्वः साहस, संयम और संकल्प की कहानियाँष शीर्षक वाला एक सत्र भी होगा, जिसमें लेफ्टिनेंट जनरल सतीश दुआ और वरिष्ठ पत्रकार नीरज राजपूत नेतृत्व, साहस और अनुशासन के अलग-अलग पहलुओं पर चर्चा करेंगे। दिन का समापन 'कलर्स ऑफ इंडिया' बैंड की एक सांस्कृतिक परफॉर्मेंस के साथ होगा, जिसमें भारतीय संगीत के अलग-अलग रंग देखने को मिलेंगे।

**कुमाऊँनी और गढ़वाली भाषाओं के विशेषज्ञ एक मंच पर जुटे**

दून लिट फेस्ट में, अनुवाद के रचनात्मक आयाम विषय पर आयोजित एक सत्र में कुमाऊँनी और गढ़वाली भाषाओं के विशेषज्ञ एक मंच पर जुटे उन्होंने भाषाई विकास और अनुवाद से जुड़ी व्यावहारिक चुनौतियों पर विस्तार से चर्चा की। वक्ताओं ने क्षेत्रीय भाषाओं में अनुवाद को बढ़ावा देने के लिए श्नेशनल बुक ट्रस्ट, इंडियाश के संस्थागत प्रयासों की सराहना करते हुए, वैज्ञानिक और तकनीकी शब्दावली के अनुवाद में आने वाली जटिलताओं को भी रेखांकित किया।

**रहनुमा लाइव' बैंड ने दी शानदार परफॉर्मेंस**

फेस्टिवल की शानदार सांस्कृतिक शाम में 'रहनुमा लाइव' बैंड ने एक दिल को छू लेने वाली और जोश भरी परफॉर्मेंस दी। उन्होंने लोक परंपराओं और आज के संगीत का ऐसा बेहतरीन मेल पेश किया, जिसमें हमारी सांस्कृतिक जड़ों और आज के जमाने के विचारों के बीच का तालमेल साफ झलक रहा था। इस शाम की रौनक को और बढ़ाते हुए, बाड़मेर और जैसलमेर के पारंपरिक मांगणियार कलाकारों ने अपनी परफॉर्मेंस से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

# जनपद में शुरू हुआ डिजिटल क्रॉप सर्वे

## आयुक्त दीपक रावत ने खेत में पहुंचकर किया सर्वे

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** जनपद में डिजिटल क्रॉप सर्वे (डीसीएस) का कार्य शुरू हो गया है, जिससे किसानों को समय पर सलाह, बेहतर बाजार और सरकारी योजनाओं का लाभ मिल सकेगा। मंगलवार को कुमाऊँ आयुक्त दीपक रावत ने रामपुर रोड स्थित हरिपुर रतनसिंह गांव में किसानों के खेतों में पहुंचकर सर्वे कार्य का निरीक्षण किया और स्वयं डिजिटल क्रॉप सर्वे किया।

आयुक्त ने बताया कि यह केंद्र सरकार की एक आधुनिक पहल है, जिसके तहत मोबाइल आधारित तकनीक, जियो-फेंसिंग और सैटेलाइट इमेजरी के माध्यम से खेतों में बोई गई फसलों का वास्तविक समय में सटीक डेटा एकत्र किया जाएगा। इसका उद्देश्य पारंपरिक सर्वे प्रणाली को बदलकर अधिक पारदर्शी और वैज्ञानिक व्यवस्था लागू करना है। उन्होंने कहा कि इस सर्वे से किसानों की भूमि और फसलों का सटीक वैज्ञानिक डाटा उपलब्ध होगा, जिससे जरूरतमंद किसानों को योजनाओं का लाभ आसानी से मिल सकेगा। साथ ही फसल बीमा का लाभ भी सरलता से मिलेगा और आपदा की स्थिति में नुकसान का मुआवजा शीघ्र भुगतान किया जा सकेगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सर्वे कार्य को समयबद्ध और पूर्ण शुद्धता के साथ संपन्न किया जाए, ताकि प्रदेश को केंद्र सरकार से प्रोत्साहन भी प्राप्त हो सके। कुमाऊँ मंडल में इस कार्य की नियमित समीक्षा भी की जा रही है। इस दौरान तहसीलदार कुलदीप पांडे, राजस्व निरीक्षक अरुण देवरानी, उप निरीक्षक अरुण वर्मा सहित कई अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।



### लंढौरा नगर पंचायत बोर्ड बैठक में 29 करोड़ का बजट हुआ पास

# कस्बे में दस करोड़ के विकास कार्यों को मंजूरी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लंढौरा।** नगर पंचायत बोर्ड बैठक में करीब 29 करोड़ की आय व्यय का बजट पारित किया गया। विधायक उमेश कुमार के प्रस्ताव पर नगर पंचायत को मिली तीन कूड़ा गाड़ियों को हरी झंडी दिखाकर विधायक व नगर पंचायत अध्यक्ष ने कस्बे के लिए रवाना किया गया। विधायक द्वारा चौयरमेन व सभासदों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने की शपथ भी दिलाई।

नगर पंचायत की बोर्ड बैठक में राज्य वित्त से 10 करोड़, पन्द्रवे वित्त से 1.60 करोड़, अवस्थापना विकास निधि से 2 करोड़, अन्य योजनाओं ने 10 करोड़ के कार्य कराने को बोर्ड ने मंजूरी दी है। कुल 29 करोड़ से वर्ष 2026 -27 में कस्बे के विकास होगा।



साथ ही नगर पंचायत को टैक्स व अन्य मदो से 73 लाख रुपये प्राप्त होते है वह भी कस्बे के विकास पर खर्च होंगे। बैठक में पहुंचे विधायक उमेश कुमार ने बताया कि कस्बे के विकास के लिये वह सतत प्रयत्न शील है उन्होंने रजत जयंती पार्क के लिए एक करोड़, कस्बे में स्ट्रीट लाइट के लिए 2. 52 करोड़, व 50 लाख रुपये की तीन कूड़ा गाड़िया नगर पंचायत को दिलाई है। विधायक उमेश कुमार ने बताया कि कस्बे में कन्या हाई स्कूल का उच्चीकरण, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में चिकित्सकों की नियुक्ति, व पुलिस चौकी का थाने में उच्चीकरण अंतिम चरण में है। जिनकी जल्द ही शासन से स्वीकृति मिल जाएगी, वंही विधायक उमेश कुमार ने सभी 9 सभासदों को अपनी विधायक निधि से वार्डो में पांच पांच लाख के विकास कार्य कराने के लिए कहा है। जिस पर बोर्ड ने उक्त कार्यो के लिए विधायक उमेश कुमार की सराहना करते हुए ध्वनिमत से उनका आभार जताया। बाद में विधायक उमेश कुमार ने चौयरमैन डॉ नसीम व सभी सभासदों को स्वच्छता के प्रति शपथ दिलाई। बैठक में सभासद राजेश वालिया, समद, अजीत पटेल, मुज्जमिल, फरमान अली के अलावा सभासद प्रतिनिधि अनिल भगत, रब्बान अली, मोहम्मद असलम, यशविंद्र चौधरी आदि मौजूद रहे।

# अवैध तमंचे के साथ एक युवक गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** हरिद्वार पुलिस द्वारा चलाए जा रहे "ऑपरेशन प्रहार" अभियान के अंतर्गत कोतवाली रुड़की पुलिस को एक महत्वपूर्ण सफलता हाथ लगी है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, हरिद्वार के निर्देश पर संदिग्ध व्यक्तियों के विरुद्ध चलाए जा रहे सघन चेकिंग अभियान के दौरान पुलिस टीम ने एक युवक को अवैध हथियार के साथ गिरफ्तार किया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, प्रभारी निरीक्षक कोतवाली रुड़की के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम 06 अप्रैल 2026 को क्षेत्र में चेकिंग अभियान चला रही थी। इसी दौरान एक मुखबिर द्वारा सूचना मिली कि मलकपुर चुंगी क्षेत्र में एक युवक अवैध तमंचा व कारतूस के साथ मौजूद है और किसी आपराधिक घटना को अंजाम दे सकता है। सूचना को गंभीरता से लेते हुए पुलिस टीम ने तत्काल घेराबंदी कर संदिग्ध युवक को मौके पर पकड़ लिया। तलाशी के दौरान उसके कब्जे से एक 315 बोर का अवैध तमंचा तथा एक जिंदा कारतूस बरामद किया गया। गिरफ्तार आरोपी की पहचान मोहित पुत्र राजपाल, निवासी नेनहेड़ा अनंतपुर, थाना भगवानपुर, जनपद हरिद्वार के रूप में हुई है। आरोपी के विरुद्ध आर्म्स एक्ट के तहत अभियोग पंजीकृत कर आवश्यक विधिक कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

# जलभराव से जनजीवन अस्त-व्यस्त दलित बस्ती में भरा गंदा पानी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** क्षेत्र के महेश्वरी गांव में जल निकासी का रास्ता बंद होने के कारण दलित बस्ती में गंदा पानी भर गया है, जिससे ग्रामीणों का जीना दूभर हो गया है। स्थिति इतनी विकट हो गई है कि छोटे-छोटे बच्चों का स्कूल जाना भी मुश्किल हो गया है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि प्रशासन की लापरवाही के कारण अब गांव में दो समुदायों के बीच तनाव की स्थिति पैदा हो गई है। चकबंदी विभाग पर गंभीर आरोपग्राम प्रधान दाबकी कला वीरेंद्र चौधरी ने बताया कि पहले गांव के पानी की निकासी पास के ही एक खेत में होती थी। चकबंदी के समय ग्रामीणों की सुविधा के लिए एक नाला छोड़ने का प्रावधान किया गया था, लेकिन चकबंदी विभाग के अधिकारियों ने कथित रूप से हेरा-फेरी करते हुए आज तक नाले का सही रास्ता नहीं बतायाअधिकारियों की अनदेखी से पनपा आक्रोशग्रामीणों का कहना है कि समस्या के समाधान के लिए 4 अप्रैल को उपजिलाधिकारी लक्सर को प्रार्थना पत्र सौंपा गया था। तहसीलदार और कानूनगो को तत्काल मौके पर जाकर समाधान करने के आदेश दिए थे। हालांकि, ग्रामीणों का आरोप है कि तहसील के कर्मचारी उच्च अधिकारियों के आदेशों को ठेंगा दिखा रहे हैंजब हमने कानूनगो अनिल गुप्ता और मधुकर जैन से संपर्क किया, तो उन्होंने दो टूक कह दिया कि उनके पास अभी समय नहीं है। जब समय होगा तब आएंगे ग्रामीण व प्रधानआंदोलन की चेतावनीडॉ. ईश्वर पाल सहित अन्य ग्रामीणों ने रोष जताते हुए कहा कि चकबंदी विभाग की लापरवाही दो समुदायों दलित और गुर्जरो के बीच झगड़ा कराने का काम कर रही है उन्होंने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही गंदे पानी की निकासी का रास्ता साफ नहीं किया गया, तो समस्त ग्रामवासी तहसील मुख्यालय पर धरना प्रदर्शन करने को मजबूर होंगे, जिसकी पूरी जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी

### हज चेयरमैन खतीब अहमद ने की केंद्रीय मंत्री से मुलाकात

# राज्य के हाजियों को मिले बेहतर सुविधा : खतीब

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कलियर।** उत्तराखण्ड राज्य हज कमेटी चेयरमैन मौ. खतीब अहमद ने केंद्रीय अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री किरण रिजजू से मुलाकात कर मांग की है कि उत्तराखण्ड राज्य से हज यात्रा पर जाने वाले यात्रियों को मक्का मदीना में बेहतर सुविधा दी जाये ओर किसी भी परेशानी में यात्रियों की तुरंत मदद की जाये।

राज्य हज समिति के अधिशासी अधिकारी मो. आरिफ ने बताया कि उत्तराखण्ड राज्य हज कमेटी चेयरमैन ने केंद्रीय अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री से मुलाकात कर आहवान किया कि राजय से जो हज यात्री जा रहे हैं उनको बेहतर सुविधा दी जाये। मक्कान मदीना में बिल्डिगों में यात्रियो को असुविधा न हो। उनकी सुविधा का ख्याल रखा जाये। जिस पर कंद्रीय मंत्री ने भरोसा दिलाया कि वह उत्तराखण्ड के



**❖मक्का मदीना में हाजियों को सुविधाजनक व साफ सुथरी बिल्डिंग मुहैया कराई जाए: खतीब**

साथ भारत से जाने वाले सभी हज यात्रियों की बेहतर सुविधा का पूरा ख्याल रखेंगे ओर मक्का मदीना में भारत सरकार लगातार कोशिश कर के हज यात्रियों को हर परेशानी से बचाने के लिए पूरी मदद करेगी ओर उनकी सुविधा का ख्याल रखेगी।

### बिजली व राजस्व विभाग से जुड़ी समस्याओं को लेकर

# किसानों की महापंचायत, मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** उत्तराखण्ड किसान मोर्चा ने बिजली विभाग और तहसील से जुड़ी विभिन्न समस्याओं को लेकर रुड़की में महापंचायत आयोजित कर जोरदार प्रदर्शन किया। राष्ट्रीय अध्यक्ष गुलशन रोड़ के नेतृत्व में बड़ी संख्या में किसान अधीक्षण अभियंता, विद्युत विभाग रुड़की कार्यालय पर एकत्र हुए। किसानों ने परिसर में सभा कर सरकार और बिजली विभाग की नीतियों के खिलाफ नारेबाजी की तथा अपनी मांगों को लेकर रोष जताया।

इस दौरान किसानों ने मुख्यमंत्री के नाम अधीक्षण अभियंता विद्युत विभाग के माध्यम से एक विस्तृत ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में बिजली बिलों में सिक्योरिटी के नाम पर की जा रही वसूली को तत्काल बंद करने, कृषि ट्यूबवेलों की बिजली दरें उत्तर प्रदेश व अन्य राज्यों की तर्ज पर कम करने, स्मार्ट मीटर योजना को वापस लेने, बिजली बिलों पर लगाए गए सरचार्ज को माफ करने तथा बकाया बिलों के चलते किसानों के बिजली कनेक्शन न काटे जाने की मांग प्रमुख रूप से उठाई गई। धरना-प्रदर्शन के उपरांत किसानों ने विद्युत विभाग कार्यालय से रुड़की तहसील स्थित ज्वाइंट मजिस्ट्रेट कार्यालय तक पैदल मार्च निकाला। इस दौरान किसानों ने भाजपा सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए अपनी मांगों



को शीघ्र पूरा करने की बात कही। तहसील पहुंचकर प्रतिनिधिमंडल ने ज्वाइंट मजिस्ट्रेट को एक और ज्ञापन सौंपते हुए राजस्व विभाग से संबंधित समस्याओं को भी प्रमुखता से उठाया। ज्ञापन में मांग की गई कि प्रदेश के सभी स्थायी निवास प्रमाण पत्र धारकों को मूल निवास प्रमाण पत्र जारी किया जाए। साथ ही इकबालपुर चीनी मिल का किसानों का बकाया भुगतान तत्काल कराया जाए। किसानों ने यह भी मांग की कि पहाड़ी क्षेत्रों को अन्य पिछड़ा वर्ग में शामिल किए जाने के आधार पर पूरे प्रदेश में व्ठब आरक्षण 14 प्रतिशत से बढ़ाकर 27 प्रतिशत किया जाए। इसके अतिरिक्त प्रतियोगी परीक्षाओं में गढ़वाली और कुमाऊंनी भाषा से जुड़े प्रश्नों को समाप्त करने की भी मांग उठाई गई। राष्ट्रीय अध्यक्ष गुलशन रोड़ ने कहा कि किसान पहले से ही आर्थिक तंगी और बढ़ती लागत से परेशान हैं। ऐसे में बिजली बिलों में अतिरिक्त वसूली, सरचार्ज और कनेक्शन काटने की कार्रवाई किसानों के साथ अन्याय है। कार्यक्रम का संचालन दीपक पुंडीर ने किया।

# लक्सर में युवक ने फंदा लगाकर की खुदकुशी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** नशे के बढ़ते जाल ने एक और हंसते-खेलते परिवार का चिराग बुझा दिया है। लक्सर थाना क्षेत्र के सिमली गांव में सोमवार को एक 18 वर्षीय युवक ने घर के अंदर पंखे से लटककर अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली। घटना के वक्त युवक घर पर अकेला था।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, श्रीमती रीना देवी ने पुलिस को फोन पर सूचना दी कि उनके पुत्र सन्नी 18 वर्ष ने घर के भीतर फांसी लगा ली है सूचना मिलते ही उप-निरीक्षक आशीष भट्ट पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचेपुलिस के पहुंचने पर कमरे का दरवाजा अंदर से बंद था स्थानीय निवासियों और परिजनों की मदद से जब दरवाजा तोड़ा गया, तो सन्नी का शव पंखे से लटका हुआ मिला। पुलिस ने तत्काल शव को नीचे उतारकर कब्जे में लिया। परिजनों से हुई पूछताछ में यह दुखद पहलू सामने आया कि मृतक सन्नी नशे का आदी था आशंका जताई जा रही है कि इसी मानसिक तनाव या नशे की स्थिति में उसने आत्मघाती कदम उठाया। घटना के समय वह घर में अकेला था, जिसका फायदा उठाकर उसने इस खौफनाक वारदात को अंजाम दिया। पुलिस की कार्रवाईपुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर आवश्यक साक्ष्य जुटाए हैंमृतक की पहचान सन्नी पुत्र फूलचंद फूल सिंह निवासी सिमली वार्ड नं. 2, लक्सर के रूप में हुई।

# प्रवेशोत्सव में नव प्रवेशी बच्चों का हुआ भव्य स्वागत

**शाह टाइम्स संवारदाता**

**पीरान कलियर।** राजकीय प्राथमिक विद्यालय बेडपुर में मंगलवार को प्रवेशोत्सव कार्यक्रम हर्षोल्लास एवं गरिमामय वातावरण में आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डायट प्राचार्य मेराज अहमद ने नवप्रवेशी छात्र-छात्राओं का माल्यार्पण कर आत्मीय स्वागत किया तथा उन्हें आशीर्वाद प्रदान किया। इस अवसर पर चार नवप्रवेशी बच्चों का विशेष रूप से सम्मान करते हुए विद्यालय परिवार ने उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डायट प्राचार्य श्री मेराज अहमद ने कहा कि "प्रवेशोत्सव केवल एक औपचारिक आयोजन नहीं, बल्कि यह बच्चों के जीवन में शिक्षा के प्रथम चरण को उत्सव के रूप में स्थापित करने का प्रयास है। गुणवत्तापूर्ण शिक्षा ही समाज के सर्वांगीण विकास का आधार है।

# विधायक शहजाद ने दिखाई शोभायात्रा को हरी झंडी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** क्षेत्र में भगवान महर्षि कश्यप जयंती का पर्व बड़े ही हर्षोल्लास और श्रद्धा के साथ मनाया गया। इस अवसर पर कश्यप एकता युवा मंच, लक्सर द्वारा आयोजित भव्य कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में क्षेत्रीय विधायक शहजाद सम्मिलित हुए

विधायक शहजाद ने फीता काटकर शोभायात्रा का विधिवत शुभारंभ किया और उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए सामाजिक एकता का संदेश दियाभव्य शोभायात्रा विधायक ने फीता काटकर शोभायात्रा की शुरुआत की, जिसमें बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी शामिल हुएस्मृति चिन्ह से सम्मान युवा मंच के पदाधिकारियों ने विधायक शहजाद को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित



कियाजनसंवाद कार्यक्रम के दौरान विधायक ने स्थानीय गणमान्य व्यक्तियों और युवाओं से सीधा संवाद कर उनकी ऊर्जा को सराहाविधायक का संबोधनइस अवसर पर भावुक होते हुए विधायक शहजाद ने कहा भगवान महर्षि कश्यप जी की जयंती पर आयोजित इस गरिमामयी कार्यक्रम में सम्मिलित होना मेरे लिए सौभाग्य की बात है युवा मंच द्वारा दिया गया यहसम्मान केवल एक भेंट नहीं, बल्किजनसेवा के प्रति मेरी जिम्मेदारी की प्रेरणा है। लक्सर की जनता का स्नेह और विश्वास ही मेरी असली ताकत है। उन्होंने कश्यप एकता युवा मंच की प्रशंसा करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन समाज में आपसी भाईचारे और सांस्कृतिक मूल्यों को मजबूत करते हैं।

**संबंध विच्छेद-सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पुत्र अनीस का आचरण मेरे व मेरे परिवार के प्रति ठीक न होने के कारण मैंने अनीस को अपनी तमाम चल अचल संपत्ति से बेदखल कर संबंध विच्छेद कर लिया है आज के बाद अनीस के किसी भी अनैतिक कृत्य व लेनदेन की मेरे व मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। **कल्लू पुत्र माजिद नि. दादूपुर गोविन्दपुर थाना रानीपुर हरिद्वार।**

## डीएवी कॉलेज में नवप्रवेशी छात्रों का स्वागत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** नए शैक्षणिक सत्र की शुरुआत कन्हैया लाल डीएवी इंटर कॉलेज में उत्साह और उमंग के साथ हुई, जहां प्रवेशोत्सव कार्यक्रम के माध्यम से नवप्रवेशी छात्र-छात्राओं का गर्मजोशी से स्वागत किया गया। विद्यालय परिसर खुशी और सकारात्मक ऊर्जा से सराबोर नजर आया। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय प्रशासन द्वारा नवागंतुक विद्यार्थियों का तिलक लगाकर और पुष्प वर्षा कर अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर छात्रों एवं उनके अभिभावकों को मिठाई वितरित कर नए सत्र की शुभकामनाएं दी गईं।

**नाम परिवर्तन**

सूचित किया जाता है कि मेरे आधार कार्ड नं0 331994479610 में त्रुटिवश मेरा नाम हुकमा (HUKMA) गलत दर्ज हो गया है जबकि मेरा वास्तविक नाम हुकुम सिंह है। जो मेरे स्थायी निवासी प्रमाण पत्र पंजी सं0 (UK26ES0100058989) व परिवार रजिस्टर में भी दर्ज है। भविष्य में मुझे हुकुम सिंह पुत्र स्व. निहाला के नाम से ही जाना पहचाना, व पुकारा जाए। निवासी-बेलडी साल्हापुर पोस्ट डन्ढेडी हरिद्वार उत्तराखण्ड।

**संबंध विच्छेद-सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पुत्र तसलीम व उसकी पत्नी रूकसार का आचरण मेरे व मेरे परिवार के प्रति ठीक न होने के कारण मैंने तसलीम व रूकसार को अपनी तमाम चल अचल संपत्ति से बेदखल कर संबंध विच्छेद कर लिया है आज के बाद दोनों के किसी भी अनैतिक कृत्य व लेनदेन की मेरे व मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। **श्रीमती सानो पत्नी स्व. कमाल नि. ग्राम सलेमपुर महदूद कोतवाली रानीपुर जिला हरिद्वार।**

# दुकान से घर लौट रहे बाप-बेटे के साथ मारपीट, घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** क्षेत्र पिपली निवासी जय सिंह सैनी अपने लड़के नितिन सैनी के साथ अपनी दुकान पर काम करके 5 अप्रैल को करीब 10:00 बजे घर लौट रहे थे। तभी रास्ते मे भारत पैलेस के बराबर में पहले से ही घात लगाए बैठे चार पांच अज्ञात बदमाशों ने दोनों बाप बेटों के ऊपर हमला कर दिया जिससे जय सिंह सैनी गंभीर रूप से घायल हो गये। विनोद कुमार के द्वारा बताया गया कि मेरा भाई जय सिंह अपने लड़के नितिन सैनी के साथ रात में करीब 10:00 बजे अपनी दुकान से घर वापस आ रहा था रात्रि में ही भारत पैलेस के बराबर में 4 से 5 व्यक्ति पहले से ही घात लगाए बैठे थे। उन्होंने मेरे भाई जय सिंह पर लाठी डंडों से जान से मारने की नीयत से हमला कर दिया जिससे मेरे भाई जय सिंह व मेरे भतीजे नितिन सैनी को गंभीर चोट आई। उन्होंने बताया जब हमें सूचना मिली तो हम तुरंत मौके पर पहुंचे और अपने भाई को लेकर पुलिस चौकी लक्सर पर गए। पुलिस के द्वारा हमें सरकारी अस्पताल लक्सर भेज दिया गया। जहां से डॉक्टरो के द्वारा हायर सेंटर रेफर कर दिया गया मेरा भाई गंभीर रूप से घायल है। उन्होंने कहा मैंने एक पत्र अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ पुलिस में दिया है जिसमें पुलिस जांच कर रही है।

### जिला पंचायत अध्यक्ष किरण चौधरी के समर्थन से

# अभियंताओं की हड़ताल को मिली मजबूती

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** उत्तराखंड डिप्लोमा इंजीनियर्स महासंघ की अनिश्चितकालीन हड़ताल सोमवार को पंद्रहवें दिन भी जारी रही। प्रदेशभर में चल रहे इस आंदोलन के बीच जिला पंचायत अध्यक्ष किरण चौधरी की मुख्य रूप से उपस्थिति ने अभियंताओं को नया उत्साह प्रदान किया।

आंदोलन स्थल पर बड़ी संख्या में अभियंता एकत्रित हुए और अपनी मांगों को लेकर नारेबाजी की। हड़ताल के चलते विभिन्न विभागों में कामकाज प्रभावित रहा तथा कई विकास कार्यों पर असर पड़ा है। महासंघ का कहना है कि जब तक उनकी लंबित मांगों पर सकारात्मक निर्णय नहीं लिया जाता, तब तक आंदोलन जारी रहेगा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचीं जिला पंचायत अध्यक्ष किरण चौधरी ने अभियंताओं की समस्याओं को गंभीर बताते हुए आश्वासन दिया कि उनकी मांगों को शासन स्तर तक मजबूती से रखा जाएगा। उन्होंने कहा कि संवाद के माध्यम से समाधान निकालना आवश्यक है और जनहित से जुड़े कार्यों को शीघ्र पटरी पर लाने के प्रयास किए जाएंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता इंजीनियर नेहा ठाकुर ने की। उन्होंने कहा कि यह संघर्ष अधिकार और सम्मान की लड़ाई है तथा सभी अभियंता एकजुट होकर इसे लोकतांत्रिक तरीके से आगे बढ़ा रहे हैं। मंच संचालन इंजीनियर प्रवेश चौधरी



ने किया। इस दौरान ई० सोनिया धीमन, ई० स्वाति गुप्ता, ई० जिले सिंह, ई० अमित खट्टाना, ई० अक्षय शर्मा, ई० रविंद्र चौधरी और ई० प्रदीप कटारिया सहित अन्य अभियंताओं ने भी अपने विचार रखे और आंदोलन को मजबूती देने की बात कही। महासंघ ने स्पष्ट किया है कि यदि जल्द वार्ता कर समाधान नहीं निकाला गया तो आंदोलन को और व्यापक रूप दिया जाएगा। फिलहाल प्रदेश में कई स्थानों पर अभियंताओं की हड़ताल से प्रशासनिक कामकाज प्रभावित हो रहा है।

# एसडीएम सौरभ असवाल ने तहसील दिवस में सुनी जनसमस्याएं, 12 का मौके पर निस्तारण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** जन समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए आज लक्सर तहसील मुख्यालय में तहसील दिवस का आयोजन किया गया। उप जिलाधिकारी एसडीएम सौरभ असवाल की अध्यक्षता में आयोजित इस कार्यक्रम में क्षेत्र के ग्रामीणों और नगरवासियों ने अपनी विभिन्न समस्याओं को अधिकारियों के समक्ष रखा।

प्रमुख बिंदुकुल शिकायतें: तहसील दिवस में कुल 53 शिकायतें दर्ज की गईंमौके पर समाधान: एसडीएम ने तत्परता दिखाते हुए 12 शिकायतों का निस्तारण मौके पर ही कर दिया। समस्याओं के प्रकार: अधिकांश शिकायतें भूमि पैमाइश, बिजली आपूर्ति, पेयजल और जल निकासी पानी की निकासी से संबंधित रहीं। एसडीएम सौरभ असवाल ने शेष 41 शिकायतों को संबंधित विभागों के अधिकारियों और कर्मचारियों को हस्तांतरित करते हुए कड़े निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभीकर्मचारी मौके पर जाकर शिकायतों की जमीनी हकीकत जानें और पारदर्शिता के साथ उनका निस्तारण कर तहसील को रिपोर्ट सौंपेंजनता की समस्याओं के समाधान में किसी भी प्रकार की कोताही बर्दाश्त नहीं



की जाएगी। यदि कोई भी अधिकारी या कर्मचारी निस्तारण में लापरवाही बरतता है, तो उनके खिलाफ नियमानुसार सख्त अनुशासनात्मक कार्रवाई अमल में लाई जाएगीइस दौरान तहसील प्रशासन के अन्य अधिकारी और विभिन्न विभागों के प्रतिनिधि भी मौजूद रहे।

# सम्पादकीय


बुधवार, 8 अप्रैल 2026

Dainikshahtimes@gmail.com For Articles

## क्या कुछ बड़ा होगा

इस समय पूरा विश्व सहमा दिखाई दे रहा है, जोकि स्वाभाविक भी है। सोशल मीडिया, प्रिंट मीडिया, इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में इस बात को लेकर चर्चाएं गर्म हो रही हैं कि अपने अल्टीमेटम के अनुसार क्या अमेरिकी राष्ट्रपति आज (मंगलवार रात) ईरान पर ऐसा हमला करेंगे, जिसके बारे में उन्होंने अपनी प्रेस कान्फ्रेंस में कहा था, यह बात तो वह पहले ही कह चुके हैं कि वह जब चाहें ईरान को पाषाण युग में पहुंचा सकते हैं। उनकी कही इसी बात को ध्यान में रखते हुए ही तरह-तरह की चर्चाएं हो रही हैं कि क्या अमे. रिका ईरान पर इस तरह का हमला करेगा, जैसा उसने अब तक किसी देश पर नहीं किया है। सारी दुनिया इसलिए सहमी हुई है, क्योंकि यह युद्ध भले ही पश्चिमी एशिया में ईरान व इस्राईल/अमेरिका के बीच हो रहा हो, लेकिन इसमें पूरी दुनिया झुलसती दिखाई दे रही है। इस युद्ध को जारी हुए 38 दिन हो गए हैं और समय के साथ-साथ इसकी तपिश और बढ़ती जा रही है। जनता अभी भी इस युद्ध से प्रभावित होती दिखाई दे रही है। कई देशों में पेट्रोल, डीजल व गैस की किल्लत शुरू भी हो गई है। हालांकि भारत में ऐसा नहीं है, लेकिन अगर यह युद्ध जारी रहता है, तो कहीं भी दिक्कत आगे चलकर आ सकती है। यह अपनी तरह का शायद पहला युद्ध है, जिसमें एक से बढ़कर एक हमले हो रहे हैं और बातचीत के दावे भी किए जा रहे हैं। मंगलवार को भी खबर आई, जिसमें अमेरिका के एक अधिकारी ने कहा है कि उनकी ईरान के नेताओं से बातचीत चल रही है। अधिकारियों की तरफ से यह भी कहा गया कि बातचीत अच्छी चली है, लेकिन साथ ही यह भी कह डाला कि यह ईरान के लिए अच्छा होगा कि वह ट्रम्प का अल्टीमेटम खत्म होने से पहले किसी नतीजे पर पहुंचें। ईरान के मिजाज को देखते हुए ऐसा नहीं लगता कि वह किसी भी तरह के युद्ध विराम को लेकर लचक दिखा रहा है। वैसे देखा जाए तो ईरान के तर्क में दम है। ईरान का कहना है कि अस्थायी युद्ध विराम का कोई मतलब नहीं है। अगर बातचीत हो, तो स्थायी युद्ध विराम पर हो। उस पर लगाए प्रतिबंध हटें, हमले बंद हों। इसी तरह की बातों का उसने दस शर्तों का अपना एजेंडा तैयार किया है। जाहिर है इस तरह की बातें अमेरिका को पसंद नहीं आई और जिस तरह की बातें अमेरिका कर रहा है वह ईरान को अस्वीकार्य हैं। वैसे देखा जाए तो इस समय अगर दुनिया उलझी हुई दिखाई दे रही है, तो इसके लिए अमेरिका ही ज्यादा जिम्मेदार है। अब तो उनके बयान गाली-गलौज के स्तर तक भी आ गए हैं। जिसकी आलोचना बाहर की दुनिया को तो छोड़िए खुद उनके देश में ही हो रही है। जिस तरह ईरान में पुल, यूनिवर्सिटी व ऊर्जा के संस्थान हमले की जद में आ रहे हैं, वह किसी भी सुपर पॉवर देश के मयार के खिलाफ ही कहे जाएंगे, लेकिन दिक्कत यह है कि आखिर ट्रम्प को समझाएं कौन।

## हिमंता बिस्वा सरमा घबराए और परेशान



कांग्रेस मीडिया विभाग चेयरमेन पवन खेड़ा के घर पर एक जनहित के मुद्दे पर सवाल उठाने के लिए पुलिस की पूरी फौज लगाना इस बात का प्रमाण है कि असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा घबराए, परेशान और बौखलाए हुए हैं, यह कानून की उचित प्रक्रिया नहीं, बल्कि राजनीतिक प्रतिशोध है, राज्य की मशीनरी का इस्तेमाल विपक्ष की आवाज को दबाने और डराने के लिए किया जा रहा है, क्योंकि विपक्ष सरकार के काले कारनामों को उजागर कर रहा है, जो लोग डराने-धमकाने की राजनीति करते हैं, वही सबसे ज्यादा डरे हुए होते हैं और उनके पास छिपाने के लिए बहुत कुछ होता है, यह पूरी कार्रवाई इस बात का संकेत है कि असम के मुख्यमंत्री को अपनी हार साफ दिखाई दे रही है, इसलिए वह इस तरह के कदम उठा रहे हैं।

**-जयराम रमेश, प्रभारी, कांग्रेस संचार विभाग**

# क्यों कम हुई हेल्थ इंश्योरेंस कंपनियों की विश्वसनीयता






**रोहित कौशिक**

कोई भी इंसान हेल्थ इंश्योरेंस क्यों लेता है? जाहिर है कि इंसान हेल्थ इंश्योरेंस इसलिए लेता है कि बीमार होने पर अस्पताल के मोटे खर्चों का बोझ कुछ कम हो सके। इसीलिए एक आम इंसान थोड़े-थोड़े रुपये जोड़कर हेल्थ इंश्योरेंस की महंगी किश्त भरता है, लेकिन जब समय पर हेल्थ इंश्योरेंस भी काम न आ सके तो फिर हेल्थ इंश्योरेंस लेने का क्या लाभ है? जहां एक ओर अनेक हेल्थ इंश्योरेंस कंपनियां इस क्षेत्र में अच्छा काम कर रही है, वहीं दूसरी ओर अनेक हेल्थ इंश्योरेंस कंपनियों के खिलाफ अनेक शिकायतें भी आई हैं। कुछ समय पहले अस्पताल और बीमा कंपनियों के बीच कैशलेस इलाज को लेकर विवाद हो रहा था।

अस्पतालों के संगठन एसोसिएशन ऑफ हेल्थकेयर प्रोवाइडर्स ऑफ इंडिया (एएचपीआई) ने बीमा कंपनियों पर आरोप लगाया था कि बीमा कंपनियां इलाज की बढ़ती लागत को नहीं मान रही हैं। एएचपीआई का कहना था कि बीमा कंपनियां मनमानी कर रही हैं। एएचपीआई देशभर के कई अस्पतालों का संगठन है। इस संगठन का कहना था कि कोराना काल के बाद अस्पतालों का खर्च काफी बढ़ गया है। कारोना काल के बाद बदली हुई परिस्थितियों में अस्पतालों के लिए पुरानी दरों पर काम करना असंभव है। दूसरी तरफ बीमा कंपनियों का कहना था कि अस्पताल कोरोना काल के बाद उपजी परिस्थितियों के बहाने अनावश्यक रूप से इलाज का खर्च बढ़ा रहे हैं। बीमा कंपनियां अस्पतालों के खर्च को मनमानी वृद्धि बता रही थीं और रेट बढ़ाना नहीं चाहती थीं। इस विवाद का सीधा असर बीमाधारकों पर पड़ा। कुछ कंपनियां हेल्थ इंश्योरेंस के क्षेत्र में बेहतर तरीके से क्लेम दे रही हैं लेकिन अनेक लोगों का कहना है कि कुछ कंपनियां क्लेम देने में लोगों को काफी परेशान करती हैं। हालांकि हेल्थ इंश्योरेंस कंपनियों का कहना है कि हम उपभोक्ताओं के लिए ही हैं और उपभोक्ताओं को समस्त सुविधाएं देना चाहते हैं लेकिन हमें क्लेम देने से पहले सारी जांच करनी होती है ताकि लोग फर्जी तरीके से क्लेम न ले सकें। भारत में ज्यादातर लोग इस उम्मीद में केशलेस मेडिकल इंश्योरेंस लेते हैं कि जब वे अस्पताल में एडमिट होंगे तो उन्हें उस समय अपनी जेब से रूपए जमा नहीं करने पड़ेंगे बल्कि इंश्योरेंस कंपनी सीधे अस्पताल को पेमेंट कर देगीं। कुछ समय पहले हुए इस विवाद में दोनो पक्ष एक दूसरे को ब्लैक लिस्ट कर रहे थे। हालांकि अब कहा जा रहा है कि कुछ कंपनियों के साथ यह विवाद सुलझा लिया गया है। एएचपीआई का आरोप था कि कुछ हेल्थ इंश्योरेंस कंपनियों ने बहुत सारे अस्पतालों को ब्लैक लिस्ट कर दिया था। एएचपीआई ने इन कंपनियों से यह अपील की थी कि आप यह ब्लैक लिस्ट हटाइए और रोगियों को कैशलेस सुविधा दीजिए। दूसरी तरफ हेल्थ इंश्योरेंस कंपनियों ने अस्पतालों से कहा था कि आप इलाज का दाम कम कीजिए। इसके बाद एएचपीआई ने चेतावनी दी थी कि वह इन कंपनियों की लगातार आ रही शिकायतों के कारण इन कंपनियों के पॉलिसीधारकों के लिए कैशलेस सेवाएं बंद करेगा। पिछले दिनों एक हेल्थ इंश्योरेंस कंपनी ने पूरे भारत में मैक्स हॉस्पिटल के लिए कैशलेस इलाज सुविधा को स्थगित कर दिया था। बाद में कुछ अन्य मेडिकल इंश्योरेंस कंपनियों ने भी एक हॉस्पिटल के साथ कैशलेस इलाज की सुविधा बंद कर दी थी। इन कंपनियों का कहना था कि पॉलिसीधारक के लिए कैशलेस सेवाएं अब भी देशभर के कई अच्छे अस्पतालों में उपलब्ध हैं। इन कंपनियों का कहना था कि बीमाधारकों के लिए उन्होंने प्राथमिकता के साथ फास्ट ट्रेक रिइंबर्समेंट क्लेम प्रोसेसिंग की सुविधा शुरू की है।

यह सही है कि धीरे-धीरे हमारे देश की स्वास्थ्य सेवाओं मे सुधार हो रहा है लेकिन जनसंख्या को देखते हुए अभी भी स्वास्थ्य सेवाओं में बहुत ज्यादा सुधार की जरूरत है। पिछले दिनों नीति आयोग ने स्वास्थ्य सेवाओं के लिए खर्च बढ़ाने की जरूरत बताई थी। भारत में स्वास्थ्य सेवाओं में जीडीपी का मात्र डेढ़ फीसद ही खर्च होता है। दुनिया के कई देश स्वास्थ्य सेवाओं की मद में आठ से नौ फीसद तक खर्च कर रहे हैं। जब इस दौर में भी गंभीर रोगों से पीड़ित मरीजों के लिए अस्पतालों में स्ट्रेचर जैसी मूलभूत सुविधाएं न मिल पाएं, तो देश की स्वास्थ्य सेवाओं पर सवाल उठना लाजमी है। इस प्रगतिशील दौर में भी ऐसी अनेक खबरें प्रकाश में आई हैं कि जब अस्पताल गरीब मरीज के शव को घर पहुंचाने के लिए एम्बुलेंस तक उपलब्ध नहीं करा पाए। एक तरफ मरीज व्यवस्था की मार झेलता है तो दूसरी तरफ महंगी स्वास्थ्य सेवाओं से उसकी कमर टूट जाती है। ऐसे माहौल में यदि हेल्थ इंश्योरेंस का पूरा लाभ भी न मिल पाए तो इससे शर्मनाक और क्या हो सकता है ?

दरअसल पिछले कुछ समय से हेल्थ इंश्योरेंस कंपनियों की काफी शिकायतें आ रही हैं। जब मरीज अस्पताल में भर्ती हो जाता है तो हेल्थ इंश्योरेंस कंपनियां काफी तरह के नखरे करती हैं। अस्पताल में भर्ती रहने के दौरान बीमार इंसान के परिजनों को काफी समस्याओं का सामना करता है। कैशलेस मेडिकल इंश्योरेंस में भी कंपनियां अस्पतालों को पैसा भेजने में कई तरह की औपचारिकताएं पूरी करती हैं। इसके बावजूद कई बार अस्पतालों को पैसा नहीं भेजा जाता है। उस समय अस्पताल के संचालक रोगी के परिजनों को परेशान करते हैं। जिन अस्पतालों में कैशलेस सुविधा उपलब्ध नहीं होती है, वहां मरीज को पहले अस्पताल में अपनी जेब से रूपए देने होते हैं। बाद में बीमाधारक के पास मेडिकल इंश्योरेंस कंपनी से रूपए आते हैं। इस प्रक्रिया में भी मरीज और परिजनों को काफी परेशान किया जाता है। कभी कंपनी कहती है कि यह पेपर भेजो, कभी कहती है कि वह पेपर भेजो। कभी कहती है कि मेल भेजो। कभी कहती है कि डॉक्टर से अमुक बात लिखवाओ। यानी जो हेल्थ इंश्योरेंस कंपनियां पॉलिसी लेने के लिए जी जान लगा देती हैं। जो इंश्योरेंस कंपनियां पॉलिसी लेते वक्त विनम्र बनी रहती हैं, वे ही कंपनियां हेल्थ इंश्योरेंस का धन देने के वक्त तमाम तरह की औपचारिकताएं पूरी करवाकर भी पैसा देने में आनाकानी करने लगती है। यही कारण है कि एक-दो मेडिकल इंश्योरेंस कंपनियां तो इस मामले में काफी बदनाम हो चुकी हैं। क्लेम देने में आनाकानी करने के कारण ऐसी कंपनियों की काफी शिकायतें आ रही हैं। हालांकि सभी कंपनियां सभी मामलों में धन जारी करने में आनाकानी नहीं करती हैं। कई लोग हेस्थ इंश्योरेंस कंपनियों पर अब भी पूरा भरोसा करते हैं। इसके बावजूद पिछले कुछ समय से हेल्थ इंश्योरेंस कंपनियों की विश्वसनीयता कम हुई है। इसका सीधा असर बीमाधारकों पर पड़ रहा है। इस मामले में हेल्थ इंश्योरेंस कंपनियों की अपनी परेशानी है लेकिन कंपनियों को उपभोक्ता के हितों का ध्यान भी रखना होगा ताकि हेल्थ इंश्योरेंस कंपनियों की विश्वसनीयता बनी रह सके। इस दौर में जबकि निजी चिकित्सा सुविधाएं काफी महंगी होती जा रही है, जनता को हेल्थ इंश्योरेंस की काफी जरूरत है।

# प्रदूषण से यूं ही बच पाना आसान नहीं

**लोगों को अपशिष्ट प्लास्टिक उपयोग से बचने के लिए प्रेरित करना चाहिए और पुन: चक्रीय सामग्रियों का पुनर्चक्रण करने के लिए उत्साहित करना चाहिए। वृक्षारोपण कार्यक्रमों को समर्थन देना चाहिए जो जल, वायु और प्रदूषण को कम करने में मदद कर सकते हैं। कचरा प्रबंधन सही ढंग से कचरा प्रबंधन करना चाहिए।**

प्रदूषण एक समस्या है जो विश्वभर में बढ़ रही है और इसका असर सभी क्षेत्रों में महसूस हो रहा है। भारत में भी प्रदूषण की स्थिति गंभीर है और इसे नियंत्रित करने के लिए कदम उठाना आवश्यक है।

**प्रदूषण के प्रकार**

प्रदूषण कई प्रकार का हो सकता है, जैसे कि वायु, जल, ध्वनि, भूमि, और अन्य। वायु प्रदूषण में उदाहरण के लिए उद्योगी उद्यमों से निकलने वाले वायुमंडल के अनैतिक अंशों का समाहित होना शामिल है, जबकि जल प्रदूषण में जल स्रोतों में आने वाले विभिन्न आपदाएं शामिल हैं।

**प्रदूषण के कारण**

प्रदूषण के कारणों में व्यक्तिगत उपयोग, उद्योग, वाहन, और अन्य शामिल हैं। बढ़ती जनसंख्या और अत्यधिक उपभोक्ता सामग्रियों का उपयोग भी महत्वपूर्ण कारक हैं।

**प्रदूषण के प्रभाव**

प्रदूषण के प्रभावों में स्वास्थ्य समस्याएं, जलवायु परिवर्तन, और वन्यजीव संरक्षण की समस्याएं शामिल हैं। यह समस्याएं समृद्धि की दिशा में बड़े आंकड़े हैं और समाधान की आवश्यकता है।

भारत में बढ़ते पर्यावरण प्रदूषण को कम करने के लिए विभिन्न कदम उठाए जा रहे हैं। यहां सुझाव दिए जा रहे हैं जो लोग पर्यावरण प्रदूषण को कम करने में योगदान कर सकते हैं-

**विद्युत स्रोतों का परिवर्तन**

अधिकतम विद्युत स्रोतों का उपयोग करना जैसे कि सौर ऊर्जा और वायु ऊर्जा को बढ़ावा देना प्रदूषण को कम करने में मदद कर सकता है।

## समय रहते कुछ न कुछ करने की जरूरत, नहीं तो परिणाम गंभीर

मुख्य रूप से शीतकालीन मौसम में दिल्ली में बढ़ता प्रदूषण और प्रदूषण से जुड़े प्रॉब्लम्स में से एक है पाराली या पराली प्रदूषण। यह समस्या अक्टूबर और नवम्बर महीने में उत्तर भारत क्षेत्रों से आती है, जिसमें किसान अपने खेतों की फसल की शेषांशों को जला देते हैं। यह आमतौर पर उत्तर प्रदेश, हरियाणा, और पंजाब से आने वाली होती है।

पराली प्रदूषण के कारण दिल्ली में वायुमंडल में स्थानीय प्रदूषण की मात्रा में वृद्धि होती है, जिससे प्रदूषण का स्तर बहुत अधिक हो जाता है। यह प्रदूषण सांस लेने में कठिनाई, आंतरगत संघर्ष, और बच्चों और बूढ़ों के लिए स्वास्थ्य समस्याएं उत्पन्न कर सकता है। सरकार और नागरिक समूह इस समस्या का हल निकालने के लिए कई कदम उठा रहे हैं, जैसे कि पराली जलाने



की प्रवृत्ति को कम करने के लिए किसानों को उत्तरदाताओं के साथ बातचीत करने के प्रेरित करना और पर्यावरण के लिए सही उपायों की ओर बढ़ना।

**पब्लिक परिवहन का उपयोग**

व्यक्तिगत वाहनों की तुलना में पब्लिक परिवहन का उपयोग करना प्रदूषण को कम कर सकता है।

**अपशिष्ट प्लास्टिक उपयोग को कम करें**

लोगों को अपशिष्ट प्लास्टिक उपयोग से बचने के लिए प्रेरित करना चाहिए और पुन: चक्रीय सामग्रियों का पुनर्चक्रण करने के लिए उत्साहित करना चाहिए।

**वृक्षारोपण**

वृक्षारोपण कार्यक्रमों को समर्थन देना चाहिए जो जल, वायु, और प्रदूषण को कम करने में मदद कर सकते हैं।

**कचरा प्रबंधन**

सही ढंग से कचरा प्रबंधन करना चाहिए, इसमें रीसाइक. लिंग और शुद्धिकरण के प्रक्रियाओं को प्रोत्साहित करना चाहिए।

**उचित जल संवेदनशीलता**

जल संवेदनशीलता बढ़ाना चाहिए, और उचित जल उपयोग करने के लिए समर्थन देना चाहिए।

**संगठनित प्रयास**

लोगों को सामूहिक रूप से पर्यावरण के प्रति सजग रहने के लिए प्रेरित करें, सामूहिक पर्यावरण संरक्षण परियोजनाओं में भाग लेने के लिए उत्साहित करना चाहिए।

# तेल की तलवार : पश्चिम एशिया संकट में भारत की अग्नि परीक्षा

दशकों पहले युद्ध केवल सीमाओं पर जमीन के टुकड़ों के लिए लड़े जाते थे लेकिन 2026 का यह दौर गवाह है कि आधुनिक युद्ध 'संप्रभुता' से ज्यादा 'संसाधनों' का है। युद्ध की गोलियां, मिसाइलें अब ऊर्जा की पाइपलाइनों और तेल के टैंकरों पर चलती है। पश्चिम एशिया में ईरान, इजरायल और अमेरिका के बीच छिड़ा यह त्रिकोणीय संघर्ष भी महज जमीन का विवाद नहीं है बल्कि वैश्विक अर्थव्यवस्था की जीवन. रेखा 'ऊर्जा आपूर्ति' पर नियंत्रण की जंग है। भारत के लिए यह संकट केवल पैट्रोल-डीजल की बढ़ती कीमतों तक सीमित नहीं है बल्कि यह एक ऐसी राष्ट्रीय सुरक्षा चुनौती है, जिसने देश के सामने एक अ. श्य 'ऊर्जा लॉकडाउन' का खतरा पैदा कर दिया है। जब संसद में प्रधानमंत्री ने इस संकट की तुलना 'कोरोना काल' की विभीषिका से की तो उनका आशय घर में बंद होने से नहीं बल्कि उस वैश्विक अनिश्चितता से था, जो किसी भी क्षण भारत की विकास दर के पहियों को जाम कर सकती है। यदि 'स्ट्रेट ऑफ होर्मुज' पर ताला लगता है तो भारत की रगों में दौड़ने वाला 60 प्रतिशत तेल और एलएनजी का प्रवाह थम जाएगा, जो देश को एक भयावह 'ऊर्जा लॉकडाउन' की ओर धकेल सकता है।

**होर्मुज की घेराबंदी**

विश्व मानचित्र पर स्ट्रेट ऑफ होर्मुज वह संकरा जलमार्ग है, जिससे दुनिया का लगभग 20 प्रतिशत कच्चा तेल और भारी मात्रा में एलएनजी गुजरती है। ईरान द्वारा इस जलमार्ग को प्रभावित करने का अर्थ है, वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति की गर्दन दबाना। फरवरी 2026 के अंत से शुरू हुए इस युद्ध ने मात्र पांच हफ्तों में कच्चे तेल की कीमतों को 85 डॉलर से 110 डॉलर के पार पहुंचा दिया है। भारत अपनी एलपीजी जरूरतों का 40 प्रतिशत अकेले कतर से पूरा करता है। कतर के रास लाफान एलएनजी प्लांट पर हुए हमलों ने न केवल उत्पादन घटाया है बल्कि भारत के घरेलू चूल्हों तक पहुंचने वाली गैस की कीमतों में आग लगा दी है। युद्ध शुरू होने के बाद से अब तक कच्चे तेल की कीमतें 85 डॉलर से उछलकर 110 डॉलर प्रति बैरल को छू रही हैं। भारत के लिए गणित सीधा और क्रूर है, कच्चे तेल में 10 डॉलर की हर बढ़ोतरी हमारे चालू खाता घाटे में लगभग 12-15 अरब डॉलर की वृद्धि करती है। यह स्थिति हमें दो टूक शब्दों में चेतावनी दे रही है कि पराई बैसाखियों पर टिकी ऊर्जा सुरक्षा कभी भी धराशाई हो सकती है।

### सामरिक पैट्रोलियम भंडार: क्या पर्याप्त है चंद दिनों की सुरक्षा?

ऊर्जा सुरक्षा के मोर्चे पर भारत की सबसे बड़ी कमजोरी उसका सीमित सामरिक पैट्रोलियम भंडार है। दुनिया के विकसित देश जैसे अमेरिका, जापान और चीन अपनी ऊर्जा सुरक्षा के लिए 90 दिनों का 'स्ट्रैटिजिक पेट्रोलियम रिजर्व' रखते हैं, वहीं भारत की स्थिति चिंताजनक है। वर्तमान में हमारे पास विशाखापट्टनम, मंगलुरु और पाडुर में कुल 53।3 लाख टन का भंडार है, जो मुश्किल से 9 दिन की आपूर्ति कर सकता है। हालांकि दूसरे चरण में चंडीखोल और बीकानेर जैसे स्थानों पर भंडार क्षमता बढ़ाकर इसे 60-65 दिनों तक ले जाने की योजना है लेकिन इसकी गति 'युद्धस्तर' पर नहीं है। हमारे मौजूदा भंडार का करीब 36 प्रतिशत हिस्सा खाली पड़ा है। एक तरफ हम तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने का स्वप्न देख रहे हैं और दूसरी तरफ हमारी ऊर्जा की 'लाइफलाइन' केवल कुछ दिनों के स्टॉक पर टिकी है। यदि आज हमारे पास 90 दिनों का सुरक्षित भंडार होता तो भारत को अपनी विदेश नीति में तटस्थता का नाटक नहीं करना पड़ता बल्कि वह एक सशक्त वैश्विक खिलाड़ी की तरह अपना पक्ष रख सकता था। यदि होर्मुज जलडमरूमध्य 30 दिनों के लिए बंद हो जाता है और भारत के लिए आपूर्ति बाधित होती है तो भारत की अर्थव्यवस्था 'वेंटिलेटर' पर आ जाएगी। इसलिए चंडीखोल और बीकानेर में प्रस्तावित दूसरे चरण के भंडारों का निर्माण युद्धस्तर पर होना अब विकल्प नहीं, अनिवार्यता है।

### कूटनीतिक विवशता और स्वतंत्रा विदेश नीति का संकट

भारत की रणनीतिक स्वायत्तता आज तेल की निर्भरता के कारण परीक्षा की घड़ी में है। तेल की निर्भरता केवल आर्थिक बोझ नहीं बल्कि कूटनीतिक बेड़ियां भी है। भारत को अपने पुराने और रणनीतिक मित्र ईरान का साथ छोड़कर इजरायल और अमेरिकी समर्थित खाड़ी देशों के पाले में खड़े होने पर मजबूर होना पड़ा है। यह बदलाव केवल नीतिगत नहीं बल्कि विवशतापूर्ण है। खाड़ी देशों में रहने वाले 90 लाख भारतीयों की सुरक्षा और वहां से आने वाला 'रेमिटेंस' भारत की अर्थव्यवस्था की रीढ़ है। इसलिए खाड़ी देशों में रहने वाले 90 लाख भारतीय प्रवासियों के हितों और तेल की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए ही भारत को अपनी स्वतंत्र विदेश नीति से समझौता करना पड़ रहा है। जब तक हम ऊर्जा के लिए आयात पर 85 प्रतिशत निर्भर रहेंगे, तब तक हमारी विदेश नीति की चाबी विदेशी राजधानियों के हाथों में रहेगी और वाशिंगटन या तेहरान में होने वाली हर हलचल नई दिल्ली के माथे पर चिंता की लकीरें खींचती रहेगी। यह युद्ध हमें सिखाता है कि सच्ची संप्रभुता केवल सीमाओं की रक्षा में नहीं बल्कि ऊर्जा की आत्मनिर्भरता में निहित है।

### अफवाहों का बाजार व डैमेज कंट्रोल

युद्ध के बीच भारत में लॉकडाउन की अफवाहों ने पैनिक पैदा किया है। हालांकि, तीन मंत्रियों निर्मला सीतारमण, किरेन रिजिजू और हरदीप पुरी ने स्पष्ट किया कि देश सुरक्षित है। सरकार की ओर से दावा किया जा रहा है कि भारत के पास तेल और गैस की पर्याप्त आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए विविधीकृत स्रोत हैं और पैनिक की कोई आवश्यकता नहीं है लेकिन सतर्कता और ऊर्जा संरक्षण हमारा सामूहिक धर्म है। सरकार का यह स्पष्टीकरण अल्पकालिक राहत तो देता है लेकिन एक दीर्घकालिक प्रश्न भी छोड़ता है कि क्या हम हर संकट के समय केवल डैमेज कंट्रोल ही करते रहेंगे या भविष्य की नींव रखेंगे? वैश्विक ऊर्जा संकट और बढ़ती आयात निर्भरता के इस दौर में वैकल्पिक ऊर्जा अब केवल एक विकल्प नहीं बल्कि राष्ट्रीय अनिवार्यता बन चुकी है। ऊर्जा आत्मनिर्भरता ही सच्ची स्वतंत्रता का आधार है और भारत को इस दिशा में निर्णायक कदम उठाने होंगे। प्रधानमंत्री की मुफ्त बिजली योजनाएं और रूफटॉप सोलर मिशन केवल नीतिगत पहल नहीं बल्कि आत्मनिर्भर भारत के सशक्त आधारस्तंभ हैं। भारत में 33 करोड़ एलपीजी उपभोक्ता हैं, जो बड़े पैमाने पर आयातित ईंधन पर निर्भर हैं। यदि रसोई को इंडक्शन कुकिंग और एथनॉल आधारित विकल्पों की ओर मोड़ा जाए तो न केवल खर्च कम होगा बल्कि ऊर्जा आयात का बोझ भी घटेगा। लगभग 8 रूपए प्रति यूनिट की दर से बिजली पर खाना बनाना एलपीजी की तुलना में किफायती है, वहीं कृषि अवशेषों से बनने वाला एथनॉल ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नई दिशा दे सकता है। इससे 'अन्नदाता' ही 'ऊर्जादाता' बन सकता है। परिवहन क्षेत्र में विद्युतीकरण भी उतना ही आवश्यक है। वर्तमान में तेल की सबसे अधिक खपत इसी क्षेत्र में होती है जबकि बिजली की हिस्सेदारी नगण्य है। यदि सार्वजनिक और वाणिज्यिक परिवहन को इलैक्ट्रिक किया जाए तो अरबों डॉलर की विदेशी मुद्रा बचाई जा सकती है। सौर ऊर्जा और ग्रीन हाइड्रोजन जैसे विकल्प भारत को स्थाई, स्वच्छ और सुरक्षित ऊर्जा भविष्य की ओर ले जा सकते हैं। अब समय आ गया है कि भारत ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भरता की दिशा में निर्णायक परिवर्तन करे।

**-योगेश कुमार गोयल**

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

## संक्षिप्त समाचार

### डब्ल्यूएचओ ने गाजा से मेडिकल निकासी रोकी

**जिनेवा।** विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने गाजा पट्टी से मरीजों की चिकित्सा निकासी अस्थाई रूप से रोक दी है। यह निर्णय संगठन से जुड़े एक कर्मचारी की मौत के बाद लिया गया। डब्ल्यूएचओ के महानिदेशक टेड्रोस अधानोम घेब्रेएसस ने सोमवार को सोशल मीडिया एक्स पर कहा कि गाजा में संगठन के लिए कार्य कर रहे एक व्यक्ति की सुरक्षा से जुड़ी घटना में मृत्यु हो गई है और मामले की जांच संबंधित प्राधिकरणों द्वारा की जा रही है।

### विक्रम मिश्री आठ अप्रैल को अमेरिका की यात्रा पर जाएंगे

**नई दिल्ली।** विदेश सचिव विक्रम मिश्री से 10 अप्रैल तक अमेरिका की आधिकारिक यात्रा पर रहेंगे। मिकी यह यात्रा ऐसे समय में हो रही है जब वैश्विक अनिश्चितताएं बढ़ रही हैं। इस यात्रा का उद्देश्य प्रमुख क्षेत्रों में सहयोग को मजबूत करना और साथ ही महत्वपूर्ण क्षेत्रीय तथा अंतर्राष्ट्रीय मुद्दों का समाधान करना है। विदेश मंत्रालय के अनुसार विदेश सचिव की अमे. रिका यात्रा भारत-अमेरिका संबंधों के सभी पहलुओं की समीक्षा करने और व्यापार, रक्षा तथा विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में सहयोग को आगे बढ़ाने का अवसर प्रदान करेगी।

### कैंसर से जूझ रहे लोगों ने श्रीनगर में बिताया उम्मीद भरा दिन

**श्रीनगर।** अस्पताल के माहौल से बाहर निकलकर कश्मीर के प्रसिद्ध ट्यूलिप गार्डन में पहुंचे कैंसर से जूझ रहे बच्चों के लिए मंगलवार का दिन खुशी और उम्मीद से भरा रहा। जबरवान पर्वत शृंखला की तलहटी में स्थित एशिया के सबसे बड़े ट्यूलिप उद्यान में आयोजित इस विशेष भ्रमण का उद्देश्य उपचार के बीच बच्चों का मनोबल बढ़ाना और उन्हें कुछ सुकून भरे पल देना था। शेर-ए-कश्मीर आयुर्विज्ञान संस्थान (स्किम्स) के चार से 18 वर्ष की उम्र के बच्चे इस कार्यक्रम में शामिल हुए।

# ईरान समर्थित समूहों का अमेरिकी ठिकानों पर ड्रोन हमला

## हमलों को ईरान के खिलाफ जारी अमेरिका-इजरायल अभियानों के प्रतिशोध के रूप में देखा जा रहा

**बगदाद/दमिश्क।** इराक और सीरिया में स्थित अमेरिकी सैन्य ठिकानों पर ईरान समर्थित समूहों ने ड्रोन हमले किए गए हैं। इस्लामिक रेजिस्टेंस इन इराक के बैनर तले सक्रिय इन समूहों द्वारा किए गए हमलों को पश्चिम एशिया में ईरान के खिलाफ जारी अमेरिका-इजरायल अभियानों और अन्य क्षेत्रीय संघर्षों के प्रतिशोध के रूप में देखा जा रहा है।

इराकी मीडिया के अनुसार, इराक के अर्ध-स्वायत्त कुर्दिस्तान क्षेत्र में स्थित 'हरीर एयरबेस' पर मंगलवार तड़के एक मानव रहित विमान (ड्रोन) से हमला किया गया। अधिकारियों ने अभी तक हताहतों की संख्या या क्षति के विस्तार के बारे में विवरण जारी नहीं किया है। किसी भी समूह ने आधिकारिक तौर पर इस हमले की जिम्मेदारी नहीं ली है। हालांकि, 'इस्लामिक रेजिस्टेंस इन इराक' ने घोषणा की है कि उसने पिछले 24 घंटों के दौरान इराक और पूरे क्षेत्र में अमेरिकी सैन्य ठिकानों पर आत्मघाती ड्रोनों से कम से कम 11 हमले किए हैं।

एक संबंधित घटना में, इराक-सीरिया सीमा के पास पूर्व अर्धसैनिक गठबंधन 'हशद अल-शाबी' (जिसे पॉपुलर मोबिलाइजेशन फोर्सेज के रूप में भी जाना जाता है) का एक लड़ाका मारा गया। स्थानीय मीडिया के अनुसार, गठबंधन ने इस हमले के लिए अमेरिकी और इजरायली सेना को जिम्मेदार ठहराया है। स्थानीय मीडिया ने गठबंधन के हवाले से बताया कि आज सुबह 4 बजे अनबार प्रांत के कायम जिले में 45वें ब्रिगेड पर विश्वासघाती अमेरिकी-इजरायली हमला किया गया।



- अधिकारियों ने अभी तक हताहतों की संख्या या क्षति के विस्तार के बारे में विवरण जारी नहीं किया
- पिछले 24 घंटों के दौरान इराक और पूरे क्षेत्र में अमेरिकी सैन्य ठिकानों पर आत्मघाती ड्रोनों से कम से कम 11 हमले किए हैं

### ईरान के पारदीस प्रांत में अमेरिका-इजरायल हमला, छह की मौत

**तेहरान।** ईरान के पूर्वी प्रांत पारदीस में अमेरिका और इजरायल के हमले में तीन बच्चों समेत कम से कम छह लोग मारे गए हैं। मेहर न्यूज एजेंसी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। इस बीच सऊदी अरब के रक्षा मंत्रालय ने कहा कि उसके वायु रक्षा बल ने सोमवार रात को देश के पूर्वी प्रांत में तेल इंडस्ट्री की जगहों के पास सात बैलिस्टिक मिसाइलों को रोक दिया। रक्षा मंत्रालय ने एक्स पर कहा कि पूर्वी प्रांत की ओर दागी गई सात बैलिस्टिक मिसाइलों को इंटरसेप्ट करके नष्ट कर दिया गया। मंत्रालय ने कहा कि बैलिस्टिक मिसाइलों के टुकड़े ऊर्जा स्थलों के पास गिरे हैं। नुकसान कितना हुआ है, इसका अंदाजा लगाया जा रहा है। पिछले कुछ घंटों में, वायु रक्षा प्रणाली ने देश के ऊपर 18 ड्रोन को रोका है। उल्लेखनीय है कि गत 28 फरवरी को अमेरिका और इजरायल ने तेहरान समेत ईरान के ठिकानों पर हमले किए, जिससे काफी जान माल का नुकसान हुआ। ईरान ने इसके जवाब में इजराइली इलाके और पश्चिम एशिया में अमरीकी सैन्य ठिकानों पर हमला किया।

### ईरान के लिए जासूसी करने के आरोप में दो हिरासत में

**दोहा।** बहरीन के लोक अभियोजक कार्यालय ने कहा कि ईरान के लिए जास. ूसी करने की कथित योजना में दो संदिग्धों को बहरीन के कानून प्रवर्तन अधिकारियों ने हिरासत में लिया है। बहरीन में अभियोजक कार्यालय ने सोमवार को एक बयान में कहा कि जासूसी करने और खुफिया सेवाओं तथा आतंकवादी इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कोर (आईआरजीसी) के लिए काम करने के आरोप में दो संदिग्धों को हिरासत में लिया गया है। बयान में आगे कहा गया कि आरोपियों पर देश में संवेदनशील ठिकानों की निगरानी करने, उनके बारे में जानक. ारी एकत्रित करने और उसे ईरान को हस्तांतरित करने का संदेह है। पिछले सप्ताह बहरीन में ईरान के लिए जासूसी के आरोप में हिरासत में लिए गए 32 वर्षीय व्यक्ति की पुलिस हिरासत में मौत के बाद विरोध प्रदर्शन हुए। उनके परिवार ने पुलिस पर जांच के दौरान यातना देने का आरोप लगाया लेकिन बहरीन के अधिकारियों ने इससे इनकार कर दिया। स्थानीय मानवाधिकार कार्यकर्ताओं के अनुसार, ईरान में संघर्ष शुरू होने के बाद से बहरीन के अधिकारियों ने कम से कम 250 लोगों को हिरासत में लिया है।

### युद्ध खत्म करने की कूटनीतिक कोशिशें 'निर्णयात्मक' चरण में: मोगादम

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में ईरान के राजदूत रेजा अमीरी मोगादम ने कहा है कि उनके देश के साथ अमेरिका-इजरायल युद्ध को रोकने की चल रही कूटनीतिक कोशिशें 'निर्णयात्मक, नाजुक' चरण में है, हालांकि उन्होंने और जानकारी नहीं दी।ईरान के अमेरिकी सम्पतियों और इलाके के दूसरे लक्ष्यों पर जवाबी हमलों के बाद खाड़ी के कई पारंपरिक मध्यस्थों के इस लड़ाई में शामिल होने के बाद पाकिस्तान एक मध्यस्थ के तौर पर सामने आया है। एक्सियोस ने एक वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी के हवाले से कहा कि अगर कोई कूटनीतिक समाधान जल्द ही होता दिखता है, तो अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ईरान के खिलाफ आगे की कार्रवाई में देरी कर सकते हैं।



### ईरान पर बातचीत अब भी जटिल, पक्ष बंटे हुए: रिपोर्ट

**अनताल्या।** ईरान युद्ध को खत्म करने से संबंधित बातचीत चुनौतीपूर्ण बनी हुई है और मूल मुद्दों पर दोनों पक्षों के बीच असहमति बरकरार है। तुर्की सरकार के एक सूत्र ने यह दावा किया। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने सोमवार को कहा था कि अमेरिका-ईरान बातचीत सही दिशा में बढ़ रही हैं, हालांकि तुर्की सरकार के इस सूत्र ने ट्रम्प के दावे से बिल्कुल विप. रीत बयान दिया है। स्पूतनिक की एक रिपोर्ट में सूत्र के हवाले से कहा गया कि ईरान वार्ता बेहद तनावपूर्ण माहौल में चल रही है। दोनों पक्ष कई अहम मुद्दों पर अब भी असहमत हैं। इसकी वजह से समझौता मुश्किल हो गया है और पहले से अधिक कूटनीतिक प्रयासों की जरूरत बढ़ गई है।

# चीन पर क्यों नहीं पड़ा तेल संकट का असर

## 20 साल पहले इमरजेंसी भंडार बनाए, नए तरीकों से बिजली, केमिकल के लिए भी निर्भर नहीं

**बीजिंग।** पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव के बीच जहां कई देश ऊर्जा संकट से जूझ रहे हैं, वहीं चीन पर इसका असर बाकी दुनिया के मुकाबले कम दिखाई दे रहा है।

इसकी वजह यह है कि चीन खुद को कई सालों से ऐसे हालात के लिए तैयार कर रहा था। चीन दुनिया का सबसे बड़ा तेल खरीदने वाला देश है, इसलिए अगर तेल की सप्लाई में रुकावट आती है तो उसे सबसे ज्यादा नुकसान होना चाहिए था। लेकिन चीन ने पहले से ही बड़ी मात्रा में तेल जमा करके रखा हुआ है। इसके अलावा चीन बिजली से चलने वाले सिस्टम पर शिफ्ट कर चुका है और कोयले से भी जरूरी चीजें बना रहा है। चीन ने धीरे-धीरे अपनी ऊर्जा पालिसी को इस तरह बदला कि वह वैश्विक सप्लाई शाक का सामना कर सके।

- चीन दुनिया का सबसे बड़ा तेल खरीदने वाला देश है, चीन ने पहले से ही बड़ी मात्रा में तेल जमा करके रखा हुआ है



सरकार ने अहम सेक्टर्स में निवेश बढ़ाया और इंडस्ट्रियल स्ट्रेंथ को राष्ट्रीय सुरक्षा का हिस्सा बनाया। इसके साथ-साथ उसने बिजली बनाने के दूसरे तरीकों पर भी तेजी से काम किया है, जैसे सौर ऊर्जा, हवा से बनने वाली ऊर्जा और पानी से बनने वाली बिजली। इसी कारण अब चीन में पेट्रोल और डीजल की मांग धीरे-धीरे कम होती जा रही है। चीन की सरकार लंबे समय से यह मानती है कि मजबूत इंडस्ट्री ही देश की असली ताकत होती है। इसी सोच के तहत उसने अपनी फैक्ट्रियों और उत्पादन क्षमता को इतना मजबूत बना लिया है कि उसे बाहर के देशों पर कम निर्भर रहना पड़े। खास तौर पर उसने उन सेक्टर पर ज्यादा ध्यान दिया, जो उसके लिए रणनीतिक रूप से जरूरी हैं। सरकार सीधे तौर पर दिशा देती रही कि किन क्षेत्रों को मजबूत करना है, ताकि चीन किसी भी पश्चिमी देश के दबाव में न आए। ऊर्जा इस पूरी रणनीति का सबसे अहम हिस्सा रही है। कुछ साल पहले तक चीन पेट्रोल-डीजल वाली गाड़ियों का सबसे बड़ा बाजार था, लेकिन अब वह इलेक्ट्रिक गाड़ियों का सबसे बड़ा बाजार बन चुका है। इसका मतलब यह है कि वहां अब बड़ी संख्या में गाड़ियां तेल की जगह बिजली से चल रही हैं, जिससे तेल पर निर्भरता कम हो रही है।

# सील टीम-6 ने पहाड़ों से अमेरिकी पायलट को बचाया

**वाशिंगटन।** अमेरिका ने ईरान में लापता दोनों पायलट्स को 36 घंटे के भीतर रेस्क्यू कर लिया। ईरान में 3 अप्रैल को एक ऑपरेशन पर गए एम-15ई फाइटर जेट्स पर हमला हुआ था। विमान के क्रैश होने से पहले दोनों पायलट्स पैराशूट की मदद से इजेक्ट हो गए थे।

इसमें से एक पायलट को अमेरिकी सेना ने कुछ ही घंटे बाद ढूंढ लिया जबकि दूसरे के लिए एक बड़ा रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया गया। इसकी सफलता की तारीफ अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने भी की। उन्होंने इसे देश के इतिहास का सबसे खतरनाक रेस्क्यू मिशन बताया। एक रिपोर्ट में सूत्रों के हवाले से बताया गया है कि अमेरिकी नेवी की स्पेशल यूनिट 'सील टीम-6' ने इसे अंजाम दिया।

# नेपाल की नई सरकार ने लिया बड़ा फैसला

**काठमांडू।** नेपाल सरकार ने एक बड़ा फैसला लेते हुए भारत समेत छह देशों से अपने राजदूतों को वापस बुला लिया है। इन सभी राजदूतों की नियुक्ति पिछली के.पी. शर्मा ओली सरकार ने की थी। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता लोक बहादुर क्षेत्री ने बताया कि कैबिनेट की बैठक में यह निर्णय लिया गया। जिन देशों से राजदूतों को वापस बुलाया गया है, उनमें भारत, आस्ट्रेलिया, श्रीलंका, डेनमार्क, दक्षिण कोरिया और दक्षिण अफ्रीका शामिल हैं। नेपाल सरकार के इस फैसले के बाद अब भारत में नेपाल के राजदूत शंकर प्रसाद शर्मा को भी अब वापस लौटना होगा। इसके अलावा जिन राजदूतों को वापस बुलाया गया है उनमें- आस्ट्रेलिया से चित्रलेखा यादव, डेनमार्क से सुम्निमा तुलाधर, श्रीलंका से पूर्ण बहादुर नेपाली, दक्षिण कोरिया से शिवमाया तुम्बाहाम्फे और दक्षिण अफ्रीका से कपिलमान श्रेष्ठ को वापस बुलाया गया है। नेपाली विदेश मंत्रालय मुताबिक ने सोमवार को इन सभी राजदूतों को पत्र जारी कर दिए हैं। सरकार ने उन्हें एक महीने के भीतर नेपाल लौटने का निर्देश दिया है। इससे पहले, अंतरिम प्रधानमंत्री सुशीला कार्की के नेतृत्व वाली कार्यवाहक सरकार ने भी ओली प्रशासन के समय राजनीतिक कोटे के तहत नियुक्त 17 में से 11 राज. दूतों को वापस बुला लिया था।

ग्राम के विकास के लिए समर्पित
फिरोज बेग
ग्राम प्रधान पद के युवा, शिक्षित व ईमानदार प्रत्याशी
ग्राम पंचायत रेहड़



आवश्यकता है
जामिया इस्लामिया अरबिया मुरादिया स्कूल, चरथावल रोड
(English Medium - कक्षा 1 से 5 तक)
विद्यालय हेतु एक योग्य एवं अनुभवी प्रधानाचार्य (Principal) तथा प्रशिक्षित अध्यापकों (Teachers) की आवश्यकता है।
प्रधानाचार्य के लिए योग्यता: स्नातक/स्नातकोत्तर (शिक्षा में वरीयता) B.Ed
अध्यापक के लिए योग्यता: स्नातक/स्नातकोत्तर (संबंधित विषय में) B.Ed/BTC
आकर्षक वेतन (योग्यता एंव अनुभव के अनुसार), अनुशासित एवं शैक्षणिक वातावरण
प्रवेश संबंधित सूचना: प्रवेश प्रारंभ (Admissions Open)
मासिक शुल्क: 50 रु. मात्र, प्रवेश नि:शुल्क (Free Admission)
स्थान: चरथावल रोड: इच्छुक अभ्यर्थी अपना Resume शीघ्र भेजें या संपर्क करें।
M. : 9368215210

NUTEMA HOSPITAL
Bringing New Hope To Life !
आरोग्यम् सुख सम्पदा
09 YEARS OF NURTURING SUPER-SPECIALITY EXCELLENCE
www.nutemahospital.com
Celebrating 9th year
सेवा, समर्पण और विश्वास के 9 वर्ष
FOUNDATION DAY
अपने 9वें स्थापना दिवस के अवसर पर हम अपने सभी Patients, their Families, Doctors, Staff और Meerut की जनता का दिल से धन्यवाद करते हैं।
हमारे सफर का एक और गर्वपूर्ण पड़ाव
इस विशेष अवसर पर Nutema Hospital, Meerut गर्व के साथ अपने 9वें स्थापना दिवस का उत्सव मना रहा है। यह दिन केवल एक वर्षगांठ नहीं, बल्कि उन हजारों patients के विश्वास, doctors की विशेषज्ञता और हमारी dedicated medical team के निरंतर प्रयासों का प्रतीक है।
हमारा उद्देश्य हमेशा से यही रहा है कि advanced medical technology, experienced doctors और compassionate patient care के साथ हर मरीज को सर्वोत्तम इलाज प्रदान किया जाए।
Ambulance No.: 70881 60666 / 70882 60666
for any enquiry 9675 600 666
Opp. L.L.R.M. Medical College, Garh Road, Meerut-250004
t: 0121-2600 666, 94126 00666, 99276 00666 | e: info@nutemahospital.com

अब खबरें आपके मोबाइल फोन पर... www.shahtimesnews.com

यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ
पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108

श्री कृष्णा वोकेशनल एण्ड पैरामैडिकल कॉलेज
गांधी कॉलोनी, मेन पचैण्डा रोड़, निकट गऊशाला, मुजफ्फरनगर
प्रवेश सूचना-पैरामेडिकल/वोकेशनल एण्ड यूनिवर्सिटी कोर्स
10th व 12th (OPEN Board) से करें (विषय-साइंस, आर्ट, कॉमर्स etc.)
प्रवेश- 10th हेतु- 8th पास/10thफेल, 12th हेतू-10th पास/12th फेल
(Fresh, Part Admission & TOC Facility Available) (Exam-July व Oct 2026)
NIOS(शिक्षा मंत्रालय) कोर्स- DNYS, Radiology (X-Ray Tech), CCH(एलोपैथिक), CAT(आयुर्वेदिक-पंचकर्मा टैक), CHD(होम्यापैथिक), Diploma in Yoga & YTTP, ECCE-(प्री-प्राईमरी शिक्षक हेतु), CCA (कम्पयूटर), ET (इलेक्ट्रिकल टैक.) ETC.
Contact us for UGC Approved University Courses:-
Dip. in CMS&ED, Dip. in Panchkarma Therapy, OT Tech., DMLT, BMLT, BNYS, Optometry, Ophthalmic, Dental Tech & Hygiene, Radiology & Imaging Tech, Dietician and Nutritionist, Optician Dispensing, MPHW, MRT, Agriculture, Bachelor (All Paramedical) BBA, MBA, BSC, MSC, B.Com, M.Com, M.A. B.A. Polytechnic, ITI, Nursing Assitant Etc.
M.: 8505978850, 9634519104

ADMISSION OPEN
Mom & Me
NURTURING WITH LOVE
PLAY | NURSERY | LKG | UKG | 1st to 4th
M.: 9997023008
Branch1- New Mandi, Near Bala ji Dham Chowk
Branch2- Circular Road, Opp. Canara Bank

जो माता-पिता अपने बच्चों की पढ़ाई से संतुष्ट नहीं हैं और अपने बच्चों को किसी भी क़ीमत पर होशियार और सफल बनाना चाहते हैं तो संपर्क करें!
ESTD. 1995
Unique COACHING CENTRE
UNIQUE SUCCESS POINT
पहले देखे! फिर विश्वास करें!
FREE 10 DAYS DEMO
आपकी एक मीटिंग हमारे साथ आपके बच्चों का जीवन बदल सकती है!
BOTH U.P. & C.B.S.E. BOARD STUDENTS CLASS I TO X
+91 7505612792 +91 9412507193
DIR- LOKESH CHAUHAN M.Sc (Phy.), B.Ed.